सूर्योदय 6:52 सूर्यास्त 5:21

आज का तापमान

शिमला	9.2 न्यू	19.3 अधि
धर्मशाला	11.5 न्यू	21.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	83,022
निफ्टी	25,514

सोना 1,28,900 | चांदी 1,62,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 20 नवंबर 2026 | 5 मार्गशीष, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 323, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

सैफ अली को जान से मारने की धमकी

एजेंसी, मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के वांटेड आरोपी जीशान अख्तर का नाम सामने आया है। मुंबई पुलिस के सूत्रों के अनुसार, बताया जा रहा है कि जीशान अख्तर ने सैफ अली खान को धमकी दी है। हालांकि, पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है कि धमकी उसी ने दी है या किसी दूसरे व्यक्ति ने उसका नाम इस्तेमाल किया। जांच एजेंसियां यह भी पता लगा रही हैं कि धमकी के पीछे किसी गैंग का हाथ है या कोई शख्स फर्जी पहचान से डर फैला रहा है। फिलहाल, धमकी देने वाले की आधिकारिक पहचान की पुष्टि नहीं हुई है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में वांटेड जीशान अख्तर को लेकर पुलिस पहले से सतर्क है। पिछले साल सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके घर सतगुरु शरण अपार्टमेंट में घुसकर चाकू से हमला हुआ था।



जापान में आया 5.7 तीव्रता का भूकंप



एजेंसी, टोक्यो। दक्षिण-पश्चिमी जापान के कुमामोटो प्रांत में वीरवार तड़के 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने लोगों को अगले एक हफ्ते तक सतर्क रहने की सलाह दी है। एजेंसी के मुताबिक, इस दौरान इसी तीव्रता का एक और भूकंप आ सकता है। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 2:22 बजे आया। इसका केंद्र अमाकुसा-अशिकीता क्षेत्र में जमीन से करीब 10 किलोमीटर नीचे था। कुछ इलाकों में जापान के सात-स्तरीय भूकंप पैमाने पर इसकी तीव्रता लोअर-5 दर्ज की गई। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। झटके क्यूशू, शिकोकू और होन्शू के कुछ हिस्सों में महसूस किए गए। एहतियात के तौर पर क्यूशू शिंकानसेन की आठ सेवाएं रोक दी गईं, जिससे करीब 5,600 यात्री प्रभावित हुए स्रोत।

ट्रंप-जिनपिंग और पुतिन की पहली बार एक साथ मीटिंग

एजेंसी, शेनझेन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने चीन के शेनझेन शहर में ऐतिहासिक बैठक की। यह पहली बार हुआ जब तीनों नेताओं ने एक साथ त्रिपक्षीय बैठक की। मीटिंग में सबसे पहले परमाणु हथियारों के खतरों पर बातचीत हुई। जिनपिंग ने परमाणु हथियारों को इंसानियत के सिर पर लटकती तलवार बताया। उन्होंने कहा कि इन्हें पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए। पुतिन ने कहा कि रूस, चीन और अमेरिका तीनों ने दूसरे विश्व युद्ध में जीत हासिल की थी। इसलिए दुनिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी भी इन तीनों देशों की है। ट्रंप ने कहा कि वे इस बात से बेहद खुश हैं कि तीनों देशों के बीच पहली बार त्रिपक्षीय बैठक हो रही है। यह इतिहास रचने जैसा है।

विपक्ष के सहमत होने पर सदन में 13 विधेयक पेश

मुख्यमंत्री सुक्खू ने सदस्यों से विधेयकों को पेश करने का किया था आग्रह

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन वीरवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में 13 महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने के लिए विपक्ष से सहमति मांगी। हां-ना के बीच विपक्ष सहमत हुआ तो सभी 13 विधेयक सदन में पेश कर लिए गए। इसके बाद भ्रष्टाचार के मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव की चर्चा आगे बढ़ी। अन्य काम रोककर इस चर्चा को करवाते हुए चौथा दिन हो गया है। प्रश्नकाल चौथे दिन भी नहीं हुआ। सदन में मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि विधेयकों को पेश करना जरूरी है, ताकि विपक्ष के सदस्यों को भी इन्हें पढ़ने और समझने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।



सदन की बैठक सुबह 11:00 बजे शुरू हुई तो मुख्यमंत्री ने सदस्यों से आग्रह किया कि इन विधेयकों को पेश करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि इनमें कुछ बेहद महत्वपूर्ण विधेयक हैं। एक विधेयक हिमाचल प्रदेश की संपदा से जुड़ा है, जिस पर काम रोको प्रस्ताव भी लाया गया है। एक अन्य विधेयक विधवा बहनों के अधिकारों से संबंधित है। सभी 13 विधेयक पेश होने से रणधीर शर्मा सहित अन्य विधायकों को भी इन्हें पढ़ने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिन प्रश्नकाल शुरू करवाने के लिए सदन की सहमति नहीं थी, लेकिन आज वह विपक्ष से सहमति मांग रहे हैं। विधेयक आधे घंटे में पेश किए जा सकते हैं, अन्यथा सदन को दो दिन आगे बढ़ाना होगा।

दो नाबालिग छात्राओं की मौत का मामला भी गूंजा

बिलासपुर जिले के घुमारवीं क्षेत्र में पुल से कूदकर दो नाबालिग छात्राओं की मौत का मामला भी सदन में गूंजा। भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के तहत मामला उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि 14 और 15 वर्ष की दोनों छात्राओं की मौत के पीछे के कारणों का पता लगाया जाना जरूरी है। उन्होंने क्षेत्र में चिट्टा माफिया की सक्रियता का जिक्र करते हुए इस मामले में भी उसकी संभावित भूमिका की आशंका जताई। मामले में नेता प्रतिपक्ष जयराम ने भी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जांच के लिए नया अधिकारी नियुक्त किया जाएगा और मामले के सभी पहलुओं की पड़ताल होगी।

1500 रुपए की गारंटी पर भाजपा का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल

महिलाओं को अब 72 हजार रुपए दे सरकार

अनंत ज्ञान



विधानसभा परिसर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते विपक्ष के विधायक।

ब्यूरो तपोवन (धर्मशाला)। धर्मशाला में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के बीच महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की कांग्रेस की चुनावी गारंटी को लेकर सियासत गरमा गई है। विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने विधानसभा भवन के बाहर प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के चार साल के 72 हजार रुपए देने की मांग उठाई। विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों ने कांग्रेस सरकार को महिलाओं से किए गए 1500 रुपए प्रतिमाह के वादे की याद दिलाई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की गारंटी दी थी, तो अब तक सभी पात्र महिलाओं को इसका लाभ क्यों नहीं मिला।

भाजपा नेताओं का तर्क है कि चार साल के हिसाब से प्रत्येक महिला के 72 हजार रुपए बनते हैं। ऐसे में भाजपा ने सरकार से मांग की है कि महिलाओं को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि उनका बकाया भुगतान भी किया जाए। कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की गारंटी दी थी। आज सरकार को सत्ता में आए चार साल होने जा रहे हैं, लेकिन प्रदेश की लाखों महिलाएं आज भी इस इंतजार में हैं कि उन्हें उनका अधिकार कब मिलेगा। चार साल के हिसाब से प्रत्येक महिला के 72 हजार रुपए बनते हैं। हमारा सरकार से सीधा सवाल है कि महिलाओं से किया गया वादा कब पूरा होगा? कांग्रेस ने महिलाओं के नाम पर वोट मांगे थे, अब उन्हें जवाब देना चाहिए।

28 लाख महिलाओं को गारंटी का लाभ देने की उठाई मांग

भारतीय जनाता पार्टी की मांग है कि प्रदेश की सभी पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएं और अब तक की बकाया राशि का भी भुगतान किया जाए। भाजपा का कहना है कि प्रदेश की चुनिंदा महिलाओं तक इस योजना का लाभ सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रदेश की सभी 28 लाख महिलाओं को इस गारंटी का लाभ मिलना चाहिए।

प्रदेश हाईकोर्ट ने फोरलेन निर्माण से जुड़े मुआवजे को लेकर दिया आदेश

फोरलेन प्रभावित परिवारों को एनएचएआई और ठेकेदार को देनी होगी 50-50 % मुआवजा राशि

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग-5 के फोरलेन निर्माण से प्रभावित परिवारों के मुआवजे को लेकर महत्वपूर्ण रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि पूर्व निर्धारित व्यवस्था के तहत मुआवजे की आकलित राशि का 50-50 प्रतिशत हिस्सा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और निर्माण कंपनी को वहन करना होगा। यह मामला शिमला के भट्टाकुफर स्थित माथू कॉलोनी में फोरलेन निर्माण के कारण भवनों को पहुंचे नुकसान और एक इमारत के ढहने से जुड़ा है। मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन सी नेगी की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत नुकसान के आकलन को भी रिकॉर्ड पर लिया। जानकारी के अनुसार अदालत ने चंदा देवी की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें मामले में प्रतिवादी के रूप में शामिल किया और एनएचएआई से जवाब मांगा है। वहीं, संजौली के चलौंठी गांव की देवकी देवी ने भी फोरलेन निर्माण के चलते अपना मकान खाली करने की मजबूरी और इससे जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रतिवेदन दिया है। राज्य सरकार की मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रभावित रंजना के भवन का आकलन 2.22 करोड़ रुपए से अधिक किया गया है। इसके अलावा अरुण ठाकुर और अंकुश ठाकुर के लिए 1.69 करोड़, बृज लाल के लिए 1.57 करोड़, अशोक के लिए 1.46 करोड़ रुपए और चंदा देवी के लिए 1.36 करोड़ सहित अन्य प्रभावितों की क्षति का भी आकलन किया गया है। अदालत को बताया गया कि पूर्व व्यवस्था के तहत एनएचएआई अपने हिस्से की 50 प्रतिशत राशि यानी 1,11,77,962 रुपए जमा करवा चुका है। हालांकि, निर्माण कंपनी मेसर्स गावर शिमला हाईवे प्राइवेट लिमिटेड ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

गगल एयरपोर्ट विस्तार को हाईकोर्ट की हरी झंडी

कोर्ट ने राज्य सरकार को आवश्यक प्रक्रियाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान



सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल के पर्यटन, हवाई संपर्क और आर्थिक विकास को नई उड़ान देने की दिशा में गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को बड़ी कानूनी राहत मिली है। प्रदेश हाईकोर्ट ने कांगड़ा स्थित गगल हवाई अड्डे के विस्तार से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए परियोजना को आगे बढ़ाने का रास्ता प्रशस्त कर दिया है। न्यायालय ने व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार को आवश्यक प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इस फैसले को कांगड़ा सहित पूरे राज्य में बेहतर हवाई कनेक्टिविटी की उम्मीदों के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने सरकार को टेक्नो-इकनॉमिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के तहत जरूरी पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने को कहा है। फैसले का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पर्यावरण मंजूरी की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा होने की प्रतीक्षा करना जरूरी नहीं होगा। यानी सरकार भूमि अधिग्रहण और पर्यावरणीय औपचारिकताओं को समानांतर आगे बढ़ा सकेगी। इससे परियोजना की तैयारियों में लगने वाला समय कम करने की संभावना बनेगी।

करीब 92 से अधिक बार सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो चुके इस मामले में हाईकोर्ट ने 30 जुलाई को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा था। अब निर्णय आने के बाद परियोजना की अगली राह सरकार की प्रशासनिक तैयारियों, भूमि अधिग्रहण, तकनीकी-आर्थिक आकलन और पर्यावरणीय स्वीकृतियों पर निर्भर करेगी। गगल एयरपोर्ट का विस्तार केवल हवाई पट्टी या हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कांगड़ा घाटी के पर्यटन, होटल कारोबार, स्थानीय रोजगार, निवेश और आपातकालीन परिवहन को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। अदालत ने सरकार को यह भी आगाह किया है कि तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता और पर्यावरण मंजूरी के बिना परियोजना पर खर्च की गई सार्वजनिक धनराशि जोखिम में पड़ सकती है।

चंबा में खाई में गिरी पिकअप, 2 युवकों की मौत

ग्रामीणों ने अंधेरे में चलाया रेस्क्यू अभियान, घायलों को निकाला बाहर

अनंत ज्ञान



भरमौर। चंबा के खैरी थाना क्षेत्र में राजणी गांव के पास पिकअप गहरी खाई में गिर गई। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। पिकअप समलेऊ से राजणी गांव जा रही थी। पिकअप में सवार सभी लोग एक ही गांव के बताए जा रहे हैं। एसपी विजय सकलानी के मुताबिक, पिकअप राजणी गांव से करीब 250 मीटर आगे पहुंची थी, तभी चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। गाड़ी सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को खाई से निकालकर सड़क तक लाए। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए एनएचपीसी अस्पताल, समलेऊ ले जाया गया।

हादसे में पिकअप चालक सुनील कुमार पुत्र उत्तम चंद और करण कुमार पुत्र कुंडू राम की मौत हुई। दोनों गांव बासा, डाकघर बग्गी, तहसील सलूणी के रहने वाले थे। दो अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पोस्टमार्टम के बाद दोनों युवकों के शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। इसके बाद पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार होगा। सूचना मिलने पर खैरी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, चालक सुनील कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 125(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने फूंका मोहम्मद यूनुस का घर

एजेंसी, ढाका। बांग्लादेश में अवामी लीग के देशव्यापी बंद के ऐलान के बीच हिंसा भड़क गई है। राजधानी ढाका में सुबह होने से पहले कई जगह देसी बम धमाके हुए। देश के कई हिस्सों में आगजनी, तोड़फोड़ और हमलों की घटनाएं हुई हैं। प्रदर्शनकारियों ने पिछली अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के चटगांव के पुश्तैनी घर में आग लगा दी। देश के अलग-अलग हिस्सों में उनके ग्रामीण बैंक की कई शाखाओं में भी आग लगाई गई। ढाका में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के दो नेताओं के घरों पर भी हमले हुए। इन हमलों के पीछे प्रधानमंत्री तारिक रहमान की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं का हाथ होने की आशंका है।

अवामी लीग ने देशभर में लॉकडाउन का ऐलान किया था। इसके बाद पुलिस ने राजधानी ढाका में 24 घंटे में 565 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में हसीना सरकार में शिक्षा मंत्री रहे नुरुल इस्लाम नाहिद भी शामिल हैं। उन्हें बुधवार आधी रात को उनके ढाका स्थित घर से हिरासत में लिया गया। अवामी लीग ने यह लॉकडाउन या बंद पिछले साल विशेष ट्रिब्यूनल के उस फैसले की बरसी पर बुलाया था, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनकी गैरमौजूदगी में मौत की सजा सुनाई गई थी। हसीना पर जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन को दबाने के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप था।

55 साल से पहले भी निकाल सकेंगे पीएफ की 90% राशि

एजेंसी, नई दिल्ली



कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ से पैसा निकालने के नियम आसान कर दिए हैं। नए नियमों के तहत, अब आप 55 साल की उम्र से पहले भी अपने जमा पीएफ का 90% तक पैसा तुरंत निकाल सकेंगे। पहले आप सिर्फ 75% पैसा ही निकाल सकते थे। इसके अलावा, नौकरी छूटने या अचानक जरूरत पड़ने पर पैसा निकालने के लिए अब 12 महीने तक इंतजार नहीं करना होगा। नई नौकरी शुरू करने के सिर्फ 2 महीने बाद ही आप अपना पीएफ निकालने के लिए क्लेम कर सकेंगे।

वहीं, दूसरी तरफ ईपीएफओ अपने निवेश का दायरा बढ़ाने की तैयारी में है। इसके तहत वह सालाना मिलने वाले नए कंट्रीब्यूशन का 3% तक हिस्सा अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड में लगा सकता है। इन कदमों का मकसद सदस्यों को आर्थिक जरूरतों में राहत देना और लंबी अवधि में फंड पर बेहतर रिटर्न हासिल करना है। अब जरूरत पड़ने पर कर्मचारी अपनी बचत का बड़ा हिस्सा इस्तेमाल कर पाएंगे। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि हर मेंबर बिना किसी शर्त के पूरी रकम निकाल सकता है। निकासी की सुविधा तय फोकस, पात्रता और संबंधित नियमों के आधार पर ही मिलेगी।

ईपीएफओ ने बदले निकासी के नियम, पहले 75 % थी लिमिट

गोद लिया बच्चा कानूनी रूप से माता-पिता की संतान : हाईकोर्ट

प्रमाणपत्र में 'गोद लिया' लिखना गलत, सिर्फ बेटा-बेटी दर्ज करें

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम

केरल हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि कानूनी वारिस प्रमाणपत्र में किसी बच्चे के नाम के आगे 'गोद लिया हुआ बेटा' या 'गोद ली हुई बेटी' न लिखा जाए। कोर्ट ने कहा कि गोद लेने के बाद बच्चा कानूनी रूप से माता-पिता की संतान होता है। इसलिए सरकारी दस्तावेजों में उसे सिर्फ बेटा या बेटी ही लिखा जाना चाहिए। कोर्ट ने हिंदू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 12 का हवाला देते हुए यह फैसला दिया। हाईकोर्ट ने कहा, 'आधिकारिक रिकॉर्ड में किसी भी बच्चे को गोद लिया बेटा या बेटी के रूप में नहीं बताया जाना चाहिए. ऐसे बच्चों को केवल 'बेटा या बेटी के रूप में ही दिखाया जाना चाहिए। किसी विश्लेषण की कोई आवश्यकता नहीं है।

यह है पूरा मामला



जस्टिस पीवी कुन्हीकृष्णन की बेंच एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला ने अपने पिता की मौत के बाद जारी कानूनी वारिस प्रमाणपत्र में 'गोद ली हुई बेटी' लिखे जाने पर आपत्ति जताई थी। महिला को 30 जून 1990 को गोद लिया गया था। इसके बाद से उसका पालन-पोषण माता-पिता ने अपनी बेटी के रूप में किया और सभी सरकारी दस्तावेजों में भी उसे बेटी ही दर्ज किया गया। जनवरी 2023 में मां की मौत के बाद जारी कानूनी वारिस प्रमाणपत्र में उसे बेटी लिखा गया था, लेकिन अक्तूबर 2024 में पिता की मौत के बाद जारी प्रमाणपत्र में 'गोद ली हुई बेटी' दर्ज कर दिया गया। इसी अंतर को लेकर महिला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

सवाल | शिमला-मनाली समेत प्रमुख पर्यटन केंद्रों में बढ़ते निर्माण और पर्यटकों की संख्या ने खड़े किए सवाल

हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर बढ़ा सैलानियों का दबाव

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल में पर्यटन का तेजी से विस्तार अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच रहा है, जहां विकास की रफ्तार के साथ प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता और पहाड़ों की सहनशीलता पर भी गंभीरता से विचार करना जरूरी हो गया है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, कसौली और कुल्लू जैसे प्रमुख पर्यटन केंद्रों में पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही के बीच आवासीय निर्माण, वाहनों का दबाव और व्यावसायिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। इसका असर केवल यातायात और नागरिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि पहाड़ी ढलानों, जंगलों, जलस्रोतों और प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। पर्यटन प्रदेश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, ऐसे में अब यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि राज्य अपनी प्राकृतिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए पर्यटन का विस्तार किस सीमा तक कर सकता है।

जानकारी के अनुसार, हिमाचल के प्रमुख पर्यटन स्थलों की पर्यावरणीय वहन क्षमता का वैज्ञानिक आकलन नहीं होने का मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय की केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट में भी सामने आया है। समिति ने शिमला, मनाली, धर्मशाला, डलहौजी और अन्य संवेदनशील पर्यटन क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या, वाहनों की आवाजाही तथा ठहरने की सुविधाओं को स्थानीय संसाधनों की क्षमता के अनुरूप निर्धारित करने की जरूरत बताई है। रिपोर्ट में सामने आए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में प्रदेश में पंजीकृत होटलों की संख्या 2,784 थी, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 5,311 हो गई। इसी अवधि में होम स्टे इकाइयों की संख्या 876 से बढ़कर 6,743 तक पहुंच गई। यह बदलाव पर्यटन कारोबार के विस्तार को दर्शाता है, साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं की क्षमता को लेकर भी नए सवाल खड़े करता है। राजधानी शिमला में पर्यटन के दबाव का असर सबसे अधिक यातायात, पार्किंग, पेयजल और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में दिखाई देता है। शहर की सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें, पार्किंग की कमी और सार्वजनिक सुविधाओं पर बढ़ता दबाव आम समस्या बन जाता है। दूसरी ओर, मनाली, कसोल, धर्मशाला और दूसरे पर्यटन क्षेत्रों में भी नए होटल, होम स्टे और व्यावसायिक निर्माण तेजी से बढ़ रहे हैं। कई क्षेत्रों में प्राकृतिक ढलानों के साथ छेड़छाड़, निर्माण मलबे के निस्तारण और जलस्रोतों के संरक्षण को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में पर्यटन योजनाओं को केवल पर्यटकों की संख्या और निवेश के आधार पर तैयार करने के बजाय पानी की उपलब्धता, सीवरेज व्यवस्था, सड़क क्षमता, भूस्खलन के खतरे और वन क्षेत्र की संवेदनशीलता को भी विकास का आधार बनाना होगा।

पर्यावरण संतुलन भी बना बड़ी चुनौती

यहां पर आने वाले समय में सबसे बड़ी चुनौती पर्यटन और पर्यावरण के बीच ऐसा संतुलन स्थापित करने की होगी, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका भी सुरक्षित रहे और पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना भी प्रभावित न हो। इसके लिए प्रत्येक प्रमुख पर्यटन स्थल की वहन क्षमता का वैज्ञानिक अध्ययन, संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण की स्पष्ट सीमाएं, पर्यटक वाहनों का बेहतर प्रबंधन और कचरा निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। सरकार को पर्यटन विकास से जुड़ी नई परियोजनाओं की मंजूरी देते समय पर्यावरणीय प्रभावों का समग्र आकलन सुनिश्चित करना होगा। क्योंकि प्रदेश की पहचान उसके पहाड़, जंगल, नदियां और स्वच्छ वातावरण हैं। इन प्राकृतिक संपदाओं को सुरक्षित रखकर ही पर्यटन को दीर्घकालिक रोजगार और आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार बनाया जा सकता है।

महिलाओं ने बुलंद की हक की आवाज

भाजपा महिला मोर्चा ने जोरावर स्टेडियम में प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



जोरावर स्टेडियम में महिला मोर्चा के प्रदर्शन में महिलाओं संग धरने पर बैठे नेता विपक्ष जयराम और अन्य नेता।

- कांग्रेस सरकार को वादाखिलाफी की चुकानी पड़ेगी कीमतः जयराम
- कहा- सुक्खू सरकार ने महिलाओं से 1500 के नाम पर किया छल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 1500 के नाम पर महिलाओं से छल किया है, जिसकी कीमत सरकार को चुकानी होंगी।

यह बात जयराम ठाकुर ने वीरवार को भाजपा महिला मोर्चा के जोरावर स्टेडियम में आयोजित प्रदर्शन में शिरकत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता पाने के लिए प्रदेश कि 18 से 60 वर्ष की महिलाओं को 1500-1500 रुपए देने की बात कही थी, जिससे पहले सरकार वादे से मुकर गई थी, जबकि अब चुनाव सामने देख ढाई से तीन लाख महिलाओं को पात्रता के आधार पर 1500 देने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने नाराजगी में श्राप दिया तो सब तबाह हो जाएगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो वादाखिलाफी महिलाओं से की है उसका हिसाब चुकता करने से महिलाएं पीछे रहने वाली नहीं हैं।

कांग्रेस ने महिलाओं को ठगा, प्रदेशभर में होंगे प्रदर्शन: डॉ. बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि 1500 रुपए के लिए महिलाओं ने हुंकार भर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महिलाओं के वोट चोरी कर सत्ता में आई और महिलाओं को ही ठगा लिया। उन्होंने कहा कि जोरावर से हुए आगाज के बाद प्रदेशभर में प्रदर्शन होंगे।

महिलाएं अपने अधिकार लेकर रहेंगी: डेजी ठाकुर

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने कहा कि 1500 कि घोषणा पर महिलाओं ने जंग का ऐलान कर दिया है। अब महिलाएं अपने अधिकार लेकर रहेंगी। कांग्रेस नेता वोट मांगने आएं, तो उनसे पूरा हिसाब करें। अब महिलाएं घर पर न बैठकर सड़कों पर उतरेंगी। अभी मात्र ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी है। सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि महिला मोर्चा का यह प्रदर्शन मात्र ट्रेलर है, पूरी पिक्चर हम सब मिलकर बनाएंगे। महिला शक्ति ने ट्रेलर दिखाया है, अब हर विस क्षेत्र में प्रदर्शन होगा।

महिलाओं को चार साल के 72-72 हजार रुपए दे सरकार: सुधीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूरे होने के बीच महिलाओं को 1500 रुपए मासिक देने की गारंटी को लेकर भाजपा ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा महिला मोर्चा के जोरावर स्टेडियम में आयोजित प्रदर्शन के समर्थन में पहुंचे भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी वादे से पीछे हटने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि सरकार प्रदेश की महिलाओं को पिछले चार वर्षों के 72-72 हजार रुपए जारी करे। मीडिया से बातचीत में सुधीर शर्मा ने योजना में शर्तें लगाए जाने पर सवाल उठाते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि कई बार महिलाओं से फॉर्म भरवाए गए, लेकिन इसके बावजूद सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अब विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से लाभार्थियों की पहचान करने की बात कही जा रही है। सुधीर ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन मुख्यमंत्री और सरकार तक महिलाओं की आवाज पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।

गद्दियाली लोक संस्कृति को नई पहचान दिलाने वाले सुनील राणा होंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश की गद्दी जनजाति की विलुप्त होती लोकसंस्कृति और पारंपरिक विरासत को बचाने के प्रयासों के लिए सुप्रसिद्ध गद्दियाली लोकगायक सुनील कुमार राणा को विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा। गद्दी वेलफेयर सोसायटी कालका की ओर से 19 दिसंबर, 2026 को हरियाणा के कालका में आयोजित दूसरे गद्दी विरासत महोत्सव-2026, सम्मान समारोह एवं शिव नुआला में उन्हें सम्मानित किया जाएगा।



जिला कांगड़ा के धर्मशाला क्षेत्र के सतोवरी गांव के निवासी सुनील कुमार राणा ने गद्दियाली संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपनी गायकी को केवल मनोरंजन तक सीमित न रखते हुए इसे अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने का माध्यम बनाया है। गद्दी समाज की पहचान रहे गद्दियाली लोकगीत, ऐंचली गायन, पारंपरिक लोकनृत्य और भगवान भोलेनाथ की आराधना से जुड़ा धार्मिक उत्सव नुआला समय के साथ नई पीढ़ी से दूर होता जा रहा था। पारंपरिक लोकभाषा और गीतों के प्रति युवाओं की रुचि कम होने से इन सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की चुनौती बढ़ रही थी। ऐसे दौर में सुनील कुमार राणा ने लोकगीतों के माध्यम से गद्दियाली संस्कृति को नई पहचान दिलाने का प्रयास किया। उनके प्रयासों से पारंपरिक लोकसंगीत और सांस्कृतिक विरासत को व्यापक मंच मिला है। गद्दी वेलफेयर सोसायटी कालका की ओर से दिया जाने वाला यह सम्मान उनके सांस्कृतिक समर्पण और योगदान की पहचान होगा। साथ ही यह सम्मान गद्दी समाज की समृद्ध लोकपरंपराओं, भाषा और सांस्कृतिक पहचान को सहेजने वाले सभी लोगों के प्रयासों को भी प्रोत्साहित करेगा।

50 ग्राम चिट्टे व 225 ग्राम चरस के साथ स्कूटी सवार गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट। सुजानपुर पुलिस ने माधोपुर हेड पर नाकाबंदी के दौरान एक स्कूटी सवार युवक को 50 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 225 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विनोद कुमार उर्फ लाटू निवासी आनंदपुर, पठानकोट के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और 1,500 रुपए नकद भी बरामद किए हैं। डीएसपी राजेश कक्कड़ ने बताया कि एएसआई नरेश कुमार और एसएचओ अरुण कालिया की टीम गश्त पर थी। माधोपुर हेड पर नाकाबंदी के दौरान काले रंग की एक्टिवा पर सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। तलाशी में नशीले पदार्थ बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ सुजानपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ नूरपुर थाने में भी एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है।

सरकारी स्कूलों के वार्षिक समारोह के लिए अलग बजट दे सरकार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों के निलए वार्षिक समारोह आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में छात्र अपनी कला, संगीत, नृत्य, नाटक और लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हैं, मगर इन वार्षिक समारोहों के आयोजन के लिए कोई अलग अनुदान उपलब्ध नहीं है।

विद्यालयों को केवल कंपोजिट स्कूल ग्रांट के अंतर्गत अधिकतम 20 प्रतिशत राशि तक ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों पर खर्च करने की अनुमति है, जो वास्तविक आवश्यकताओं की तुलना में अत्यंत कम है। समारोह का खर्चा लाखों में पहुंच जाता है और अनुदान प्राय: पांच हजार से कम ही उपलब्ध होता है। राज्य के सरकारी स्कूलों को नामांकन के अनुसार एसएसए कंपोजिट ग्रांट जाती है जिनमें 1 से 15 विद्यार्थी हैं, उन्हें 10,000 रुपए की राशि , 16 से 100 विद्यार्थी नामांकन पर 25,000 रुपए, 101 से 250 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को 50,000 एवं 251 से 1000 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को 75,000 रुपए तक की ग्रांट दी जाती है। इसका 20 प्रतिशत 2 हजार रुपए से 15 हजार बनता है मगर नामांकन अधिक होने पर वार्षिक समारोह का खर्च लाखों रूपये होता है और स्कूली शिक्षकों को समारोह का खर्च पूरा करने हेतु हर साल जेब से हजारों रुपए देने पड़ते हैं।मंच सज्जा, ध्वनि व्यवस्था, विद्यार्थियों की वेशभूषा, पुरस्कार वितरण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर हजारों रुपये का व्यय होता है। ऐसे में प्रदेश सरकार ,समग्र शिक्षा अभियान और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और प्रदेश शिक्षामंत्री को यह मामला राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने भेजा है और वार्षिक समारोह हेतु अलग से अनुदान प्रावधान की मांग की है।

वार्षिक समारोह के लिए अंतिम तिथि बढ़ाए विभाग

30 नवंबर तक सब स्कूलों में वार्षिक उत्सव आयोजन जटिल है। इस माह अनेकों अवकाश और विधानसभा सत्र के चलते इसकी तिथि बढ़ानी चाहिए। ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले अधिकतम स्कूलों में वार्षिक समारोह आयोजित नहीं किया है। विधानसभा प्रश्नों के उत्तर बनाने सहित विविध अन्य कारणों से ये स्कूल अब वार्षिक समारोह की अंतिम तिथि दिसंबर माह में तय करने की अपील कर रहे हैं क्योंकि इस स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं फरवरी 2027 में आयोजित होंगी। ऐसे में हिमाचल प्रदेश सेकेंडरी शिक्षा कोड की धारा 2.1 में उचित स्थायी संशोधन किया जाए और शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में नवंबर और ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में दिसम्बर माह की निश्चित तिथियों तक ही वार्षिक समारोह आयोजित करने की अंतिम तिथि तय की जाए।

नगरोटा के विकास को 32 करोड़ स्वीकृत: विक्रमादित्य

मंत्री बोले- पालमपुर नगर निगम में लगाई गईं 2 हजार अतिरिक्त सोलर लाइटें

- कांगड़ा के शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। शहरी विकास एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अधिकारियों को जिला कांगड़ा के विभिन्न शहरी निकायों में चल रहे विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहरों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता और सौंदर्यकरण को प्राथमिकता दी जाए। यह बात विक्रमादित्य ने नगर निगम धर्मशाला के समृद्धि भवन में शहरी विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर हुए कही। धर्मशाला स्मार्ट सिटी के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने बताया कि शहर में सीवरेज का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य के लिए मामला भारत सरकार के समक्ष उठाया गया है। रघुवीर सिंह क्लब के समीप पार्किंग निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। उन्होंने शहर की वाटिकाओं के सौंदर्यकरण और नागरिकों के लिए सुविधाएं विकसित करने पर भी जोर दिया। वाटिकाओं में वाटर कूलर स्थापित करने के लिए कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक से संपर्क करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पालमपुर नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में 2,000 अतिरिक्त सोलर लाइटें लगाई गई हैं और पुरानी लाइटों की मरम्मत भी करवाई गई है। पालमपुर नगर निगम को विशेष सहायता के रूप में 20 करोड़ रुपए दिए गए हैं। कांगड़ा में चार करोड़ रुपए की लागत से बहुउद्देश्यीय भवन बनाया जा रहा है, जबकि नगरोटा बगवां के विकास के लिए 32 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए गए हैं। ज्वालामुखी में विकास कार्यों के लिए एडीबी के माध्यम से 100 करोड़ रुपये दिए गए हैं। देहरा में भी बहुउद्देश्यीय भवन का निर्माण किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि जिन शहरी निकायों में प्रतिदिन 20 टन से अधिक कचरा एकत्रित होता है, वहां गीले कचरे के प्रसंस्करण के लिए बड़े बायोगैस प्लांट स्थापित करने की संभावनाएं तलाशी जाएं। इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया।

सिटीजन सेवा पोर्टल पर रोज अपडेट होगा डाटा: विक्रमादित्य सिंह ने निर्देश दिए कि सभी शहरी निकाय सिटीजन सेवा पोर्टल पर प्रतिदिन अपना डाटा अपडेट करें। इसी आधार पर निकायों की कार्यप्रणाली और प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। उन्होंने लंबित रिकवरी की वसूली और राजस्व बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को भी कहा। उन्होंने बताया कि धर्मशाला और पालमपुर में निगम सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो आगामी माह से नागरिकों को सेवाएं देना शुरू करेंगे। बैठक में शहरी विकास विभाग के सचिव अमर पाल सिंह, निदेशक डॉ. नीरज कुमार, धर्मशाला नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल सहित विभिन्न शहरी निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रेय अवस्थी ने किया मेटा कैंपस का दौरा समझीं डिजिटल दुनिया की बारीकियां

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के सोशल मीडिया सह-संयोजक श्रेय अवस्थी ने गुरुग्राम स्थित मेटा कैंपस का दौरा कर वैश्विक डिजिटल इकोसिस्टम और सोशल मीडिया की आधुनिक कार्यप्रणाली को करीब से समझा।



इस दौरान उन्हें दुनिया के प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के संचालन, तकनीकी ढांचे और डिजिटल संचार की बदलती दुनिया को जानने का अवसर मिला। मेटा, फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स और व्हाट्सएप जैसे विश्वप्रसिद्ध प्लेटफॉर्म्स की मूल कंपनी है। दौरे के दौरान इन प्लेटफॉर्म्स की कार्यप्रणाली, तकनीकी क्षमताओं, डिजिटल कम्युनिकेशन और सोशल मीडिया के प्रभावी इस्तेमाल से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। अपने अनुभव साझा करते हुए श्रेय अवस्थी ने कहा कि मेटा कैंपस का दौरा उनके लिए एक अनूठा और ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। डिजिटल दुनिया किस प्रकार काम करती है, तकनीक के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सूचनाएं कैसे पहुंचती हैं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स किस तरह आधुनिक संचार व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं, इसे करीब से समझना एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा।

उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया केवल पोस्ट, फोटो और वीडियो साझा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सूचना, संवाद, जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। बदलते डिजिटल परिदृश्य में नई तकनीकों को समझना और उनका सही उपयोग करना समय की आवश्यकता है। श्रेय अवस्थी ने कहा कि इस दौरे से प्राप्त अनुभव और जानकारियों को हिमाचल प्रदेश में संगठन के सोशल मीडिया कार्यों में उपयोग करने का प्रयास किया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की बेहतर समझ के माध्यम से जनसंपर्क को अधिक प्रभावी बनाने, संगठन की गतिविधियों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने और डिजिटल माध्यमों की संभावनाओं का बेहतर उपयोग करने पर विशेष ध्यान रहेगा।

उन्होंने कहा कि सीखने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती। नई तकनीकों को समझना, बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट रखना और प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारना ही प्रगति का आधार है। मेटा कैंपस का यह दौरा उनके लिए इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा।

क्यूआर कोड व ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी से प्रमाण-पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन शुरू

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों को डिजिटल सुविधा प्रदान करते हुए मार्च 2026 सत्र की मैट्रिक और जमा दो परीक्षाओं के प्रमाण-पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन शुरू कर दिया है। अब नियमित और हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) के परीक्षार्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों का सत्यापन क्यूआर कोड और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के माध्यम से करवा सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। विद्यार्थी बोर्ड की निर्धारित प्रक्रिया के तहत शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन सत्यापन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह सुविधा मार्च 2026 सत्र के मैट्रिक और जमा दो के नियमित एवं एसओएस परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध होगी।

उन्होंने बताया कि प्रमाण-पत्रों के सत्यापन में ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे प्रमाण-पत्रों की प्रामाणिकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। वहीं, क्यूआर कोड के माध्यम से प्रमाण-पत्र से जुड़ी जानकारी का डिजिटल सत्यापन किया जा सकेगा। इस तकनीक से प्रमाण-पत्रों के साथ छेड़छाड़ की आशंका कम होगी और उनकी वास्तविकता की जांच अधिक सुरक्षित एवं पारदर्शी बनेगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और गैर-सरकारी विभागों सहित विभिन्न संस्थाओं को विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्रों का सत्यापन करना पड़ता है। नई सुविधा से विद्यार्थियों के साथ-साथ इन संस्थानों को भी लाभ मिलेगा। शिक्षा बोर्ड आधुनिक डिजिटल सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

चिकित्सा अधिकारियों ने उठाए पांच प्रमुख मुद्दे, 4-9-14 वेतन लाभ जल्द देने की मांग

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (एचएमओए) जिला कांगड़ा ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव आशीष सिंहमार, आईएएस के साथ बैठक कर चिकित्सा अधिकारियों से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कैप्टन (डॉ.) उदय सिंह और महासचिव डॉ. अंकुश बडियाला के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने और चिकित्सकों की कार्य परिस्थितियों में सुधार पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में एसोसिएशन ने पांच प्रमुख मांगें रखीं। इनमें पात्र चिकित्सा अधिकारियों को 4-9-14 वेतन लाभ शीघ्र प्रदान करना, स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करना, इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड (आईपीएचएस) के अनुसार स्वास्थ्य संस्थानों में आधारभूत ढांचा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना, नाइट ड्यूटी अलाउंस देना तथा चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति, सेवा शर्तों और लंबित वित्तीय लाभों का प्राथमिकता से समाधान करना शामिल रहा। एसोसिएशन ने कहा कि चिकित्सक प्रदेश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनसे बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की अपेक्षा तभी की जा सकती है, जब उन्हें सुरक्षित कार्यस्थल, पर्याप्त संसाधन और नियमानुसार सेवा लाभ मिलें। स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों के विरुद्ध हिंसा की घटनाओं पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। बैठक में डीएचएस, डीएमई, निदेशक एचपीएसएसीएस डॉ. गोपाल बेरी, सीएमओ कांगड़ा पद्मश्री डॉ. ओमेश भारती, डॉ. विक्रम कटोच और वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील भट्ट उपस्थित रहे।

अध्यक्ष डॉ. उदय सिंह और महासचिव डॉ. अंकुश बडियाला ने उम्मीद जताई कि सरकार इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करेगी। एसोसिएशन चिकित्सकों के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रयास जारी रखेगी।

सीयू में आयोजित संगोष्ठी में बोले स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश

नौकरी मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें युवा

- मानव संसाधन को उत्पादकता में बदलना समय की जरूरत : कुलपति बंसल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश कुमार ने कहा कि यदि भारत को स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक एक समृद्ध और महान राष्ट्र बनना है, तो देश के युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, अपितु रोजगार देने वाला बनना होगा। वे हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।



विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से स्वदेशी शोध संस्थान के सहयोग से धौलाधार परिसर एक के संगोष्ठी कक्ष में 'युवा, रोजगार और राष्ट्र निर्माण: एक भारतीय दृष्टिकोण' विषय पर यह कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश कुमार मुख्य वक्ता रहे, जबकि कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल ने मुख्य अतिथि एवं संरक्षक के रूप में सहभागिता की। वक्ताओं ने कहा कि देश का विकास पश्चिमी आर्थिक मानदंडों से नहीं, अपितु भारत की युवा जनसंख्या, स्थानीय उद्यमशीलता और स्वदेशी ज्ञान के आधार पर निर्धारित होना चाहिए।

अपने बीज वक्तव्य में सतीश कुमार ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य एक 'समृद्ध और महान भारत' के रूप में साकार होना चाहिए, जो पश्चिमी नहीं, अपितु भारतीय प्रतिमान पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी प्रगति पश्चिमी आर्थिक मानकों पर नहीं मापनी चाहिए। उन्होंने पश्चिमी आर्थिक प्रतिरूप को मूलत: उपभोग-केंद्रित बताया और कहा कि उसकी जड़ें पश्चिम की धार्मिक-दार्शनिक विश्वदृष्टि में हैं। उनके अनुसार भारत को अपना मार्ग स्वयं बनाना होगा। कुलपति आचार्य बंसल ने कहा कि देश को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो केवल रोजगार न खोजें, अपितु दूसरों को रोजगार दें।

उन्होंने मानव संसाधन को उत्पादकता में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया। उद्यमिता और 'सकल प्रसन्नता' की अवधारणा पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश में कुशल श्रमिकों का अनुपात सीधे उसके सकल घरेलू उत्पाद से जुड़ा होता है; यह अनुपात घटने पर सकल घरेलू उत्पाद भी घटता है। उन्होंने दक्षिण कोरिया जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत उनसे सीख ले सकता है, और बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के कौशल संवर्धन के लिए पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है।

एवरेस्ट फतेह करने के लिए आखों में रोशनी जरूरी नहीं: छोनजिन आंगमो

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। माउंट एवरेस्ट फतेह करने वाली विश्व की पहली और एकमात्र ब्लाइंड महिला छोनजिन आंगमो ने कहा कि विकलांगता के प्रति समाज की सोच बदलने के लिए उन्होंने पर्वतारोहण को चुना। वह वह यूरोप और अफ्रीका की भी सबसे ऊंची पर्वत चोटियों पर तिरंगा फहरा चुकी हैं। किन्नौर की रहने वाली आंगमो दिल्ली में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया में अधिकारी हैं।

पिछले वर्ष राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में हुए भव्य समारोह में राष्ट्रीय पुरास्कर से सम्मानित किया था। वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइकलिंग, तैराकी, मैराथन, मार्शल आर्ट एवं अन्य खेलों में भी पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं।

छोनजिन आंगमो टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के वार्षिक 'धन्यवाद दिवस' समारोह में मुख्य अतिथि थीं। ट्रस्ट के संस्थापक निदेशक जामयांग ने उन्हें हिमाचली शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में टोंगलेन स्कूल में पढ़ने वाले, झुग्गी बस्तियों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



विश्व कीर्तिमान बनाना सपना: आंगमो

छोनजिन आंगमो ने कहा कि अब उनका सपना दुनिया के चार अन्य सबसे ऊंचे पर्वत शिखरों पर कदम रखकर एक नया विश्व कीर्तिमान बनाना है। अभी तक विश्व की सबसे ऊंची सातों पर्वत चोटियों पर कोई भी दृष्टिबाधित महिला चढ़ाई नहीं कर सकी है। उन्होंने झुग्गी बस्तियों के बच्चों से कहा की सपने देखो और उनमें रंग भरने के लिए पूरी ताकत लगा दो। अगर हिम्मत कर लो तो कोई भी लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। टोंगलेन ट्रस्ट द्वारा समाज के सबसे कमजोर वर्गों के हित में किए जा रहे हैं कार्यों के लिए भिक्षु जामयांग को बधाई दी और प्रेरणा का स्रोत बताया। उमंग फाउंडेशन शिमला के अध्यक्ष प्रो अजय श्रीवास्तव ने कहा कि छोनजिन आंगमो को मुख्य अतिथि बना कर संस्था ने वास्तव में वंचित वर्ग के बच्चों को बहुत बड़ी प्रेरणा दी है।

नवोदय विद्यालय में छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अनंत ज्ञान, पठानकोट। जिला के नाजोचक्क स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आठवीं कक्षा के 14 वर्षीय छात्र की मौत के मामले में पुलिस और विद्यालय प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद विद्यालय ने आंतरिक जांच कमेटी गठित की है, जबकि विस्तृत रिपोर्ट नवोदय विद्यालय समिति के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ और मुख्यालय को भेज दी गई है। प्रभारी प्रिंसिपल संदीप कुमार के अनुसार, बुधवार रात करीब 12:40 से 12:45 बजे के बीच घटना हुई। रात एक बजे सदन प्रभारी ने उन्हें सूचना दी, जिसके बाद छात्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में 56 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन विद्यार्थियों की निजता के चलते हॉस्टल के अंदर कैमरे नहीं लगाए गए हैं। घरोटा पुलिस के एएसआई बोधराज ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्र की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना पर टिप्पणी पर सत्ता पक्ष-विपक्ष में हुई तीखी नोकझोंक

राजस्व मंत्री के बयान पर विपक्ष ने जताई आपत्ति, सदन में गरमाया माहौल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि राजस्व मंत्री ने भारतीय सेना का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सेना देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देती है और विधानसभा जैसे गरिमामय सदन में सेना की भूमिका पर विवादित टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती।



दोनों पक्षों के विधायकों ने की नारेबाजी, कुछ देर के लिए रोकनी पड़ी सदन की कार्रवाई

जयराम ठाकुर ने विधानसभा अध्यक्ष से मंत्री की टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाने और मुख्यमंत्री से उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जगत सिंह नेगी को सदन में माफी मांगनी चाहिए। भाजपा ने चेतावनी दी कि माफी नहीं मांगने पर इस मुद्दे को दोबारा सदन में उठाया जाएगा।

भारतीय सेना पर नहीं की टिप्पणी : नेगी



भाजपा के आरोपों और माफी की मांग पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारतीय सेना के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की, बल्कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों और रक्षा सौदों पर सवाल उठाए हैं। ऐसे में माफी मांगने का कोई सवाल नहीं है। नेगी ने कहा कि विधानसभा की पूरी कार्यवाही रिकॉर्ड होती है और उनके द्वारा कही गई प्रत्येक बात उसमें दर्ज है। उन्होंने भाजपा पर भ्रष्टाचार के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए सेना के अपमान का मामला बनाने का आरोप लगाया।

राफेल सौदे पर उठाए सवाल

राफेल सौदे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने विमान की कीमत को लेकर कथित अंतर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में भी उनके सवाल रक्षा सौदों और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर थे, न कि सेना के जवानों को लेकर। गलवान घाटी की घटना और कारगिल युद्ध के दौरान ताबूतों तथा स्नो बूट्स की खरीद में कथित अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार की जवाबदेही पर सवाल उठाए। राजस्व मंत्री ने कहा कि वह भारतीय सेना के जवानों के बलिदान का सम्मान करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक विधायक को सदन में अपनी बात रखने का अधिकार देता है और वह इस अधिकार के तहत अपनी बात बेबाकी से रखते रहेंगे।

हिमाचल में कर्मचारियों की पदोन्नति और अनुभव पात्रता के लिए होगा नियमों में संशोधन, सीएम ने सदन में रखा विधेयक

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल प्रदेश में कर्मचारियों की पदोन्नति की पात्रता तय करने के लिए सरकार ने भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में संशोधन की तैयारी कर ली है। वीरवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस मकसद से हिमाचल प्रदेश सरकारी सेवाएं विधेयक, 2026 सदन में प्रस्तुत किया। इस विधेयक के पारित होने के बाद प्रदेश में 12 दिसंबर 2003 के बाद भर्ती हुए कर्मचारियों की पदोन्नति की पात्रता संशोधित कानून के प्रावधानों के मुताबिक होगी। साथ ही वरिष्ठता और डीपीसी की प्रक्रिया भी संशोधित कानून के मुताबिक ही हो सकेगी।

विधेयक का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश सरकार के विभिन्न पदों पर पदोन्नति और पात्रता अनुभव तय करने के लिए एक समान, पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था स्थापित करना है। इस बिल के उद्देश्यों में साफ किया गया है कि प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत करीब 28 श्रेणियों के कर्मचारी व अधिकारी इसके दायरे में आएंगे। संशोधित विधेयक के मसौदे में लोक निर्माण, जलशक्ति, शिक्षा, सचिवालय में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों और अधिकारियों का विशेषतौर पर उल्लेख किया गया है।

इस विधेयक में वर्तमान में विभिन्न सेवाओं और पदों के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में पदोन्नति के लिए फीडर श्रेणी में निर्धारित अवधि का अनुभव पात्रता शर्त के रूप में रखा गया है। सरकार का मानना है कि पदोन्नति के लिए पात्र कर्मचारियों पर विचार करते समय एक समान और तर्कसंगत व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए कर्मचारियों के कार्य की प्रकृति और जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए पात्रता अनुभव तैयार करने का कानूनी ढांचा विकसित करने का प्रावधान किया गया है।

विधेयक में अलग-अलग पदों और सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप पात्रता अनुभव की अवधि निर्धारित करने का अधिकार सरकार को देने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, जहां पात्रता अनुभव के निर्धारण या उसमें संशोधन से कर्मचारियों की पदोन्नति पर असर पड़ा हो, वहां पूर्व में हुई विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की कार्यवाही की जांच, आवश्यकतानुसार वरिष्ठता में संशोधन और विभागीय समीक्षा समितियों के गठन का प्रावधान किया गया है।

महिलाओं ने सुक्खू सरकार से मांगे 72,000 रुपए

कमलेश कुमारी बोलीं- धोखा नहीं, अब अधिकार चाहिए

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, तपोवन। जोरावर मैदान में आयोजित महिला अधिकार धरने में भोरंज की पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा कमलेश कुमारी ने जोरदार संबोधन करते हुए कांग्रेस सरकार पर महिलाओं से किए गए वादों को लेकर तीखा हमला बोला।

कमलेश कुमारी ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने की गारंटी दी थी। इतना ही नहीं, चुनाव से पहले ही महिलाओं से इस योजना के प्रपत्र भरवाने शुरू कर दिए गए थे, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिलने का भरोसा दिलाया जा सके। लेकिन सत्ता में आने के चार वर्ष बाद भी सरकार अपने वादे को पूरा नहीं कर पाई।



उन्होंने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस ने चुनाव से पहले महिलाओं को यह गारंटी दी थी, तो चार वर्षों में इसे पूरा क्यों नहीं किया गया? महिलाओं से प्रपत्र भरवाकर उन्हें उम्मीद दिलाना और फिर वादे से पीछे हटना उनके साथ विश्वासघात है।

उन्होंने जोरदार नारा देते हुए कहा कि धोखा नहीं, अब अधिकार चाहिए, 1500 नहीं, 72,000 चाहिए। उन्होंने कहा कि 1500 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से 48 महीनों की राशि 72,000 रुपए बनती है। प्रदेश की महिलाएं अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि अपने हक का हिसाब मांग रही हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अलग-अलग स्थानों पर जाकर इस योजना को लेकर अलग-अलग बयान दे रहे हैं। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि महिलाओं से किए गए वादे को पूरा करने में आखिर देरी क्यों हो रही है। कमलेश ने कहा कि चुनाव में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। महिलाएं अपने परिवार और समाज को मतदान के लिए प्रेरित करती हैं और बड़ी संख्या में लोगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। अब यही महिलाएं कांग्रेस की वादा खिलाफी का जवाब वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अपने मत की ताकत से देंगी।

300 विद्यार्थियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही आम जनता तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। 14वीं विधानसभा के 13वें सत्र के चौथे दिन कांगड़ा, चंबा और हमीरपुर के विभिन्न स्कूलों के करीब 300 विद्यार्थियों ने सदन की कार्यवाही देखी। बाद में पठानिया ने विद्यार्थियों को संसदीय प्रणाली और लोकतांत्रिक व्यवस्था की जानकारी दी।

◆पठानिया ने विद्यार्थियों को दी संसदीय प्रणाली और लोकतंत्र की जानकारी

लोकेंद्र कुमार ने जल विद्युत परियोजना के 21 लाख के कथित घोटाले की मांगी जांच

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, तपोवन। आनी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक लोकेंद्र कुमार ने आरोप लगाया है कि उनके इलाके में जल विद्युत परियोजना की ओर से एक पंचायत को विकास के लिए दिए गए 21 लाख 39 हजार रुपए के पैसे की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां यह परियोजना है, उससे 30 किलोमीटर दूर इस पैसे को जिस पंचायत में खर्च किया गया है, उसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है।



शीतकालीन विधानसभा सत्र के चौथे दिन वीरवार को स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग में भी बड़े स्तर पर

◆लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग की 90 फीसदी जानकारी गलत होने का लगाया आरोप

गड़बड़झाले हुए हैं, जो जानकारियां मांगी गई थीं, उनकी 90 फीसदी जानकारी गलत दी गई है। अब ऐसी स्थिति में आरक्षित विधानसभा क्षेत्र का विधायक और यहां के लोग आखिर क्या करें, क्योंकि कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सरकार इन घोटालों को देख रही है। केवल चिन्हित जगह पर काम हो रहे हैं और इस विधानसभा क्षेत्र का जो पिछड़ापन है, वह कैसे दूर होगा। उन्होंने कहा कि यदि कुल्लू जिला से कोई मंत्री होता तो उससे बात की जाती। विकास को लेकर चर्चा भी होती। लेकिन अफसोस इस बात का है कि हालत यहां खराब है। प्रदेश की सुक्खू सरकार अपने निकम्मेपन को छिपाने के लिए सब चीजों को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीबों को उलझाया जा रहा है। उनका खून पिया जा रहा है।

सत्ता संभालने के बाद सरकार को झेलनी पड़ीं कई परेशानियां : किशोरी लाल

वक्तव्य देने के आखिर में कांग्रेस के विधायक किशोरी लाल ने कहा कि सत्ता संभालने के बाद क्या-क्या परेशानियां इस सरकार को झेलनी पड़ी हैं, उनका उन्होंने विस्तार से जिक्र किया। लेकिन कहा कि मुख्यमंत्री इस सारे मामले में योद्धा की तरह बाहर निकले हैं और पिछले 4 सालों में प्रदेश में जो विकास करवाया है, इसका जश्न मनाने का भी अब समय आ गया है।

इंदिरा गांधी की जयंती पर सीएम ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



अनंत ज्ञान ब्यूरो, तपोवन। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को धर्मशाला में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों और सशक्त नेतृत्व ने देश की प्रगति एवं विकास को नई दिशा दी। गरीबी उन्मूलन, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कृषि उत्पादन, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें कड़ी मेहनत, लक्ष्य के प्रति समर्पण तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक किशोरी लाल और कमलेश ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी इंदिरा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



विधानसभा की झलकियां





मुख्यमंत्री सुक्खू व देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर विधानसभा अध्यक्ष से भेंट करते हुए।



सदन में बोले सीएम सुक्खू- महत्वपूर्ण बिल है, सदन में रखा जाना जरूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, तपोवन। तपोवन में शीत सत्र के चौथे दिन वीरवार को सदन में पहुंचे सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आज महत्वपूर्ण बिल हैं जिन्हें सभापटल पर रखा जाना जरूरी है, जिनके पास होने में तीन दिन का समय लगता है। इस पर नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नियम 67 के तहत चर्चा जारी रहनी चाहिए। जयराम ने कहा कि सदन का शेड्यूल शादी समारोह को ध्यान में रखकर तय किया जाना चाहिए। हर विधायक के विधानसभा क्षेत्र में चार से पांच शादियां हो रहीं है, उन्हें भी सामाजिक सरोकार निभाने हैं। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि बिल सदन में रखने का समय दिया जाए। नेता विपक्ष जयराम ने कहा कि नियम 67 के तहत चर्चा के बाद सीएम के रिप्लाई उपरांत बिल सदन में रखे जा सकते हैं। सीएम ने कहा कि सदन में रखे जाने वाले बिल प्रदेश हित के हैं। सीएम ने बिल सदन में रखने के समय देने का आग्रह किया, जिस पर नेता विपक्ष ने प्रार्थना को स्वीकार किया जाता है, लेकिन व्यवस्था की जगह होनी चाहिए। इसके बाद सदन में बिल सभापटल पर रखे गए।

◆प्रार्थना स्वीकार, व्यवस्था की जगह होनी चाहिए : जयराम

सीएम सुक्खू ने मंडी हादसे पर जताया दुख दवाइयों की गुणवत्ता पर कही बड़ी बात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, तपोवन। धर्मशाला के तपोवन विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंडी में हुए दर्दनाक हादसे पर भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों का दुख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रदेश में दवाइयों की गुणवत्ता के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में मरीजों को बेहतर गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार दवाइयों की सप्लाई के लिए 500 करोड़ रुपए टर्नओवर वाली कंपनियों की शर्त लागू करना चाहती है, लेकिन छोटे वेंडरों के हाईकोर्ट जाने के बाद इस मामले में स्टे लगा हुआ है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य प्रदेशवासियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध करवाना है।

राकेश जम्वाल ने सरकार पर लगाए आरोप, संजय अवस्थी ने भाजपा को दिया जवाब

सत्ता पक्ष-विपक्ष में संपत्तियों की बिक्री और पेपर लीक के मुद्दे पर सदन में तीखी बहस

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में नियम-67 के तहत भ्रष्टाचार पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा विधायक राकेश जमवाल ने कांग्रेस सरकार पर प्रदेश की संपत्तियां निजी हाथों में सौंपने और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के आरोप लगाए। वहीं, कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने पलटवार करते हुए भाजपा के शासनकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार का हिसाब मांगने की चुनौती दी।

राकेश जमवाल ने कहा कि सरकार मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए था, उसके साथ 35 साल का समझौता किया गया। एचपीटीडीसी की 14 संपत्तियां निजी क्षेत्र को देने, हमीरपुर बस अड्डे की लागत, शराब बिक्री, पेपर लीक और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तेल की कीमतों में बढ़ोतरी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की संपत्तियों को बिकने नहीं देगी। कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आए थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने नशे के कारोबार में संलिप्त कर्मचारियों और पेपर लीक मामलों में कार्रवाई की है। अवस्थी ने भाजपा को चुनौती दी कि आरोप सही हैं तो लोकायुक्त के समक्ष शपथपत्र देकर शिकायत दर्ज करवाए। उन्होंने भाजपा पर अपने कार्यकाल में सरकारी संपत्तियां कम कीमत पर बेचने और मंडी में दान में मिली जमीन का व्यावसायिक इस्तेमाल करने के आरोप भी लगाए।

आरोप लगाए दस्तावेज नहीं दिए : केवल सिंह पठानिया

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि विपक्ष ने भ्रष्टाचार के आरोप तो लगाए, लेकिन सदन में उनके समर्थन में ठोस दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। बेहतर होता कि भाजपा केवल बयानबाजी करने के बजाय तथ्यों और दस्तावेजों के साथ अपनी बात रखती। उन्होंने पेपर लीक के मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में प्रश्नपत्र लीक होने और अंकों में बदलाव की शिकायतें सामने आई थीं। कांग्रेस सरकार ने पेपर बेचने वालों के खिलाफ हमीरपुर में 16 मामले दर्ज किए हैं।

ब्राकटा ने हिमाचल ऑन सेल के आरोपों पर मांगे तथ्य

कांग्रेस विधायक मोहन लाल ब्राकटा ने भाजपा के 'हिमाचल ऑन सेल' के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्ष ने आरोप तो लगाए, लेकिन उनके समर्थन में ठोस तथ्य नहीं रखे। उन्होंने जल जीवन मिशन सहित अन्य मुद्दों पर भी सरकार का पक्ष रखा। वहीं, भाजपा विधायक जनक राज ने कहा कि विपक्ष का काम सवाल उठाना और सरकार का दायित्व उनका जवाब देना है। उन्होंने आरोप लगाया कि चर्चा के दौरान सरकार मूल मुद्दों से भटक गई। जनक राज ने हिमकेयर योजना को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए सरकार से अपने दावों के समर्थन में प्रमाण देने की मांग की। उन्होंने चंदा चोरी के आरोपों और कांग्रेस की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर भी पलटवार किया। चर्चा के दौरान सरकारी संपत्तियों के निजीकरण, हमीरपुर बस अड्डे, एचपीटीडीसी की संपत्तियों, पेपर लीक, नशे के कारोबार और सरकारी योजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी रहे।

शिक्षा मंत्री से मिला जेबीटी और डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगार संघ



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन। जेबीटी/डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगार संघ ने वीरवार को तपोवन में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश परयाल ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने हमारी मांगों पर सकारात्मक विचार करने और उन्हें मानने का आश्वासन दिया है।

हम उम्मीद करते हैं कि सरकार जल्द ही हमारी मांगों को पूरा करेगी। यदि सरकार हमारी मांगों को अनदेखा करती है, तो प्रदेशभर में आंदोलन का बिगुल बजाया जाएगा। जल्द ही प्रत्येक जिले में आंदोलन शुरू किए जाएंगे।

प्रदेश में जेबीटी के 4000 से अधिक पद खाली पड़े हैं। हमारी मांग है कि इन पदों पर जेबीटी की पारंपरिक भर्ती प्रक्रिया के अनुसार नियमित भर्ती की जाए। जेबीटी भर्ती में 5 साल की अस्थायी भर्ती प्रक्रिया शुरू करना प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं के हितों के विपरीत होगा। सरकार को युवाओं के भविष्य और रोजगार की स्थिरता को ध्यान में रखते हुए नियमित भर्ती करनी चाहिए।

सरकार हमारी मांगों को गंभीरता से ले और जल्द नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू करे। अन्यथा प्रदेशभर के जेबीटी प्रशिक्षित बेरोजगार अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को मजबूर होंगे।

◆मांगों एवं समस्याओं से अवगत करवाया, कार्रवाई का आग्रह

न्यूज ब्रीफ

नगरोटा गाजियां में लगाया वित्तीय जागरुकता शिविर



अनंत ज्ञान, भोरंज। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की भरेड़ी शाखा के सौजन्य से ग्राम पंचायत नगरोटा गाजियां में वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्षता शाखा प्रबंधक राजेंद्र चंदेल ने की। उन्होंने ग्रामीणों को बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा योजना और सूर्य घर योजना के लाभ बताए। इस अवसर पर राजिंदर सिंह और रजत शर्मा भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई।

सैनिक स्कूल सुजानपुर में अंतर-सदनीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित



अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा में सत्र 2026-27 के तहत तीन दिवसीय अंतर-सदनीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई। इसमें छह सदनों के कैडेट्स ने विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में बालिका कैडेट्स ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। रावी हाउस ने सीनियर और जूनियर वर्ग की दोनों ट्रॉफियां जीतीं। व्यक्तिगत वर्ग में श्याम कुमार, सुमित, सुप्रिया और हंसराज सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए। प्रधानाचार्या ग्रुप कैप्टन प्रीति चोपड़ा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कैडेट्स को अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

जमली धाम में कल होगी ठाकुर जी की मूर्ति स्थापित



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जमली धाम स्थित ठाकुर द्वारा गौशाला में 21 नवंबर को श्री विष्णु नारायण (ठाकुर जी) की मूर्ति विधि-विधान से स्थापित की जाएगी। आचार्य सुरेश शर्मा के नेतृत्व में पांच विद्वान ब्राह्मण पूजा-अर्चना करवा रहे हैं। मुख्य यजमान रोशन लाल शर्मा का परिवार रहेगा। मूर्ति स्थापना के बाद विशाल भंडारा भी लगाया जाएगा। ठाकुर द्वारा गौशाला समिति के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक आयोजन में शामिल होकर ठाकुर जी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

शहीद अंकुश की जयंती पर लगेगा रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, जाह्। भोरंज के वीर सपूत अमर शहीद अंकुश ठाकुर की जयंती पर 24 नवंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कड़ोहता में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। गलवान घाटी में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीम रक्तदाताओं की जांच के बाद रक्त संग्रह करेगी। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने युवाओं, महिला मंडलों और सामाजिक संगठनों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

550 करोड़ के विकास कार्यों का विधायक जनता को दें हिसाब : अनिल धीमान



अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज के पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान ने कांग्रेस विधायक के 550 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाने के दावे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के सामने गलत आंकड़े पेश कर गुमराह किया जा रहा है। यदि वास्तव में इतने विकास कार्य हुए हैं तो विधायक उनका पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्राथमिकता सूची में शामिल योजनाओं में से केवल एक की डीपीआर तैयार हो पाई है। डॉ. धीमान ने सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सांसद ने अधिकारियों को 20 फरवरी तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भोरंज सिविल अस्पताल में एक्स-रे मशीन तक उपलब्ध नहीं करवाई जा सकी। पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार चुनावी गारंटियां पूरी करने और क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं मजबूत करने में विफल रही है।

चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान को जन आंदोलन बनाने का किया आह्वान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक नरेश ठाकुर ने टौणी देवी स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसे जन आंदोलन बनाया है। युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए 11.56 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 'खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान, 2026' के तहत विजेता टीमों को 31 लाख रुपये तक के पुरस्कार मिलेंगे।

सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से राजस्व में 4,000 करोड़ की हुई वृद्धि : सुक्खू

मुख्यमंत्री ने की गलोड़ में खंड विकास अधिकारी कार्यालय खोलने की घोषणा

- कहा- महिलाओं को मिलेगी 1500 रुपए मासिक पेंशन

अनंत ज्ञान



हमीरपुर। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन विधानसभा क्षेत्र के गलोड़ में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय खोलने की घोषणा की। उन्होंने स्थानीय सहकारी समिति को एक करोड़ रुपये और ग्राम पंचायत गोईस के नए पंचायत भवन के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता देने का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने गलोड़ में आयोजित चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से राज्य के राजस्व में 4,000 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना के पूरा होने पर हिमाचल को प्रतिवर्ष 1,200 से 1,500 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा। इस परियोजना में प्रदेश सरकार को कोई पैसा निवेश नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर कांग्रेस सरकार अपने संसाधनों से 500 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। आगामी एक वर्ष में यह संस्थान प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेजों में शामिल होगा। सरकार अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश सरकार जल्द ही 'मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार' योजना शुरू करेगी। इसके तहत 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग की 3.50 लाख पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपए पेंशन दी जाएगी। योजना की पात्रता आय सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये की गई है। इसके साथ ही परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि 59 वर्ष से अधिक आयु की 2.87 लाख महिलाओं की पेंशन भी 1,050 से बढ़ाकर 1,500 रुपए की गई है। कांग्रेस सरकार ने 1.36 लाख कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने पेपर लीक में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। उन्होंने दावा किया कि आर्थिक और प्राकृतिक चुनौतियों के बावजूद प्रदेश सरकार आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर सुजानपुर में समारोह आयोजित किया जाएगा।

2027 के चुनावों के लिए भाजपा ने तेज की संगठनात्मक तैयारियां

अनंत ज्ञान

- सक्रिय कार्यकर्ताओं की पहचान और मोर्चों-प्रकोष्ठों के विस्तार पर रहेगा विशेष फोकस: राकेश
- जरूरत पड़ने पर संगठनात्मक दायित्वों में बदलाव के सुझाव भी दिए जाएंगे

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों तथा विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के संयोजकों ने भाग लिया। इसमें 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ से जिला स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की गई। राकेश ठाकुर ने बताया कि 17 नवंबर को पालमपुर में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मिले दिशा-निर्देशों के अनुरूप संगठनात्मक गतिविधियों को गति दी जाएगी।

इसके लिए जिला और मंडल स्तर पर समन्वय बैठकें आयोजित होंगी तथा विधानसभा प्रभारियों, मोर्चों के प्रभारियों और अन्य पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 सक्रिय कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की जाएगी। साथ ही जिला एवं मंडल पदाधिकारियों, मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की सक्रियता की समीक्षा होगी। आवश्यकता पड़ने पर संगठनात्मक दायित्वों में बदलाव के सुझाव भी दिए जाएंगे। बैठक में वर्ष 2010 से अब तक हुए पंचायत चुनावों के परिणामों और जीते-हारे प्रत्याशियों का विवरण जुटाने पर भी चर्चा हुई। मोर्चों एवं प्रकोष्ठों का मंडल स्तर तक गठन शीघ्र पूरा किया जाएगा। इनके लिए प्रत्येक माह दो दिन मोर्चों और दो दिन प्रकोष्ठों की बैठकें आयोजित करने की व्यवस्था होगी। राकेश ठाकुर ने कहा कि संगठन में सक्रियता, जवाबदेही और कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सभी कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा हिमाचल: डॉ. पुष्पेंद्र

अनंत ज्ञान



हमीरपुर। राजकीय माध्यमिक पाठशाला चमनेड़ का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्याध्यापिका ने वार्षिक रिपोर्ट पेश कर विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी।

डॉ. वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में 21वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंचा है। सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बच्चों को समान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। घास काटना, मजदूरी करना या तकनीकी कार्य, हर काम का अपना सम्मान है। सफलता के लिए कार्यकुशलता, लगन और आत्मविश्वास जरूरी हैं। बच्चों को हर कार्य का सम्मान करते हुए अपने कौशल को विकसित करना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने बताया कि चमनेड़ प्राथमिक विद्यालय के नए कमरों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने 7.50 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। पिछले वर्ष विद्यालय के जर्जर कमरों की स्थिति देखने के बाद उन्होंने यह मामला मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया था। राशि स्वीकृत होने पर अभिभावकों और शिक्षकों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। डॉ. वर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की। समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों, पूर्व प्रधानों, गणमान्य लोगों, अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

सराहनीय: बेहतर लिंगानुपात के लिए गरसाहड़ पंचायत को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान

भोरंज। बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और समाज में जागरुकता की एक अच्छी मिसाल पेश करते हुए गरसाहड़ पंचायत को बेहतर लिंगानुपात हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत विकास खंड भोरंज की गरसाहड़ पंचायत में वर्ष 2025-26 के दौरान जन्म के समय बेहतर लिंगानुपात हासिल करने पर विशेष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचायत को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया, जबकि वर्ष 2025-26 में जन्मी नन्हीं बच्चियों को उपहार भेंट कर उनका मान बढ़ाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान अर्णव जमवाल ने की। इस अवसर पर उपप्रधान विकास कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी भोरंज सुनील कुमार, वृत्त पर्यवेक्षक सरोजा देवी, अभिषेक ठाकुर, खंड समन्वयक अक्षय महाजन सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में करीब 70 लोगों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चियों के माता-पिता को बधाई दी गई और फल भी वितरित किए गए।

सुजानपुर कॉलेज में युवाओं को दिलाई नशे से दूरे रहने की शपथ



अनंत ज्ञान

सुजानपुर। ठाकुर जगदेव चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में मेरा युवा भारत (माई भारत) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'नशामुक्त युवा' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि ब्रह्माकुमारी बन्नू, ब्रह्माकुमार आशुतोष, माई भारत जिला हमीरपुर की कोऑर्डिनेटर दीपमाला ठाकुर और एएसआई अमरजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्राचार्या ने कहा कि नशा युवाओं के सामने गंभीर सामाजिक चुनौती है।

ब्रह्माकुमारी बन्नू ने तनावमुक्त जीवन, आत्मनियंत्रण और मेडिटेशन का महत्व बताया। एएसआई अमरजीत सिंह ने नशीले पदार्थों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को सहयोग देने का आह्वान किया। दीपमाला ठाकुर ने विद्यार्थियों को नशामुक्त युवा अभियान के तहत नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में करीब 100 विद्यार्थियों सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री बताएं, प्रदेश की संपदा को लूटने और बेचने का सौदा किसको दिया राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रदेश की संपदा सुरक्षित रखने के लिए नया विधेयक लाने संबंधी बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रदेश को विजनरी मुख्यमंत्री चाहिए था, लेकिन दुर्भाग्य से एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री मिल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जनहित के वादे पूरे करने में विफल रही है। राणा ने कहा कि सरकार ने चार वर्षों में प्रदेश पर 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लाद दिया है।

- कहा- पहले संपदा बचाने वाले वन मित्रों और एमटीडब्ल्यू का भविष्य सुरक्षित करे सरकार

कर्मचारियों को वेतन-पेंशन समय पर नहीं मिल रही और 1500 रुपये, 300 यूनिट मुफ्त बिजली तथा पांच लाख नौकरियों की गारंटी भी पूरी नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि मुफ्त बिजली का वादा करने वाली सरकार ने बिजली की दरें बढ़ाकर जनता पर आर्थिक बोझ डाला है। उन्होंने कहा कि संपदा बचाने की मंशा है तो नए विधेयक के बजाय पुराने कानूनों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से पिछले चार वर्षों में बेची, गिरवी रखी और लीज पर दी गई संपदा का हिसाब मांगा। राणा ने वन मित्रों और मल्टी टास्क वर्करों को नियमित करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि सरकार युवाओं से किए वादों से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा इन कर्मचारियों के साथ खड़ी है और सरकार को उन्हें सम्मानजनक मानदेय एवं नियमितीकरण का लाभ देना चाहिए।

बहु-माध्यम परिवहन परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करना जरूरी : अनुराग



अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। सांसद अनुराग ठाकुर ने कोयला, खान एवं इस्पात संबंधी संसदीय स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में देश में कोयले की निकासी एवं परिवहन के लिए उपलब्ध आधारभूत ढांचे की समीक्षा की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से बैठक में घरेलू कोयला उत्पादन को देशभर के विद्युत संयंत्रों और औद्योगिक इकाइयों तक अधिक कुशल, भरोसेमंद और कम लागत में पहुंचाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान कोयला मंत्रालय ने समिति के सदस्यों के समक्ष देश की कोयला आपूर्ति श्रृंखला को आधुनिक बनाने की कार्ययोजना पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें कोयला रसद योजना तथा प्रथम चरण संपर्क परियोजनाओं के विस्तार को प्रमुखता से रखा गया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य यांत्रिक एवं पर्यावरण अनुकूल प्रणालियों के माध्यम से कोयले की ढुलाई और उठान-रखाव को अधिक प्रभावी बनाना है। इसके अलावा समर्पित रेल परियोजनाओं के तेजी से विकास व रेल-समुद्र-रेल परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई, ताकि रेल मार्ग पर दबाव कम करने के साथ लंबी दूरी तक कोयले की ढुलाई को अधिक सुगम बनाया जा सके। केंद्र बढ़ते घरेलू कोयला उत्पादन के अनुरूप निकासी क्षमता और परिवहन सुविधाओं को मजबूत करना रहा, ताकि अंतिम उपभोक्ताओं तक कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि बहु-माध्यम परिवहन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना आवश्यक है। इससे विद्युत संयंत्रों और उद्योगों की उत्पादन लागत कम होगी, आर्थिक विकास को गति मिलेगी तथा ऊर्जा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और अधिक सुदृढ़ होगी।

रेडक्रॉस मेले को जन आंदोलन बनाने का लिया संकल्प



अनंत ज्ञान

भोरंज। वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की बैठक सागर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संघ अध्यक्ष कैप्टन राजिंदर सिंह गरला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 29 नवंबर को प्रस्तावित रेडक्रॉस मेले के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। सदस्यों ने मेले को व्यापक जनभागीदारी के साथ जन आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया।

बैठक में कहा गया कि रेडक्रॉस मेला समाज सेवा, मानवता और जनकल्याण का सशक्त माध्यम बनना चाहिए। इसके लिए सामाजिक संस्थाओं, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं और पंचायत प्रतिनिधियों को अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। मेले के दौरान जिला प्रशासन के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित करने पर विशेष जोर दिया गया।

सदस्यों ने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों की सहायता का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके अलावा गरीब, असहाय और वंचित लोगों की मदद के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सहभागिता से जुड़ी गतिविधियां भी आयोजित होंगी। अध्यक्ष कैप्टन राजिंदर सिंह गरला ने सभी सदस्यों से मेले को सफल बनाने के लिए सक्रिय योगदान देने की अपील की।

बड़ू में विद्युत परिषद की गेंद-बल्ला प्रतियोगिता 22 से

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद निगम खेल संगठन की ओर से 22 से 24 नवंबर तक राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय बड़ू, हमीरपुर में गेंद-बल्ला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें परिषद की सात टीमें कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी, शिमला, मुख्यालय, विद्युत व्यवस्था शाखा और उत्पादन शाखा भाग लेंगी। प्रतियोगिता में अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का अंतिम मुकाबला 15 दिसंबर को अमतर गेंद-बल्ला मैदान, नादौन में होगा। इसके साथ ही परिषद की 23वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता और 48वीं अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण परिषद कुश्ती प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला वर्ग) 15 से 17 दिसंबर तक नादौन में आयोजित होगी। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे। खेल संगठन का उद्देश्य कर्मचारियों में शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, टीम भावना और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा सुजानपुर ने आयोजित किया सम्मान समारोह

सुजानपुर में वरिष्ठ नागरिकों और समाजसेवियों को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान

- नन्हे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने मोहा मन
- तनावमुक्त जीवन और सकारात्मक सोच का दिया संदेश

सुजानपुर। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा सुजानपुर की ओर से गुरुवार को संगम अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों और समाजसेवियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस दौरान बबल प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की शानदार प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनकी देखभाल और उनके अनुभवों से समाज को मिलने वाली सीख पर विशेष जानकारी दी गई। साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने जीवन में सकारात्मक सोच, ध्यान, आध्यात्मिक मूल्यों और तनावमुक्त रहने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शांत मन और अच्छे विचार सुखी जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

15 साल पुरानी सड़क की मांग 7 दिन में पूरी, दुगनेड़ी में काम शुरू

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। साहनवीं पंचायत के भडार गांव के ग्रामीणों की 25 साल पुरानी सड़क की मांग पूरी करने के बाद मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने गांव दुगनेड़ी के लोगों की 15 साल पुरानी सड़क की मांग को भी पूरा कर दिया। ग्रामीणों के अनुरोध के बाद सात दिन के भीतर यहां सड़क मार्ग का काम शुरू हो गया। यह सड़क दुगनेड़ी-गोहर होती हुई उपमार्ग से जुड़ेगी।

इस सड़क के बनने से दुगनेड़ी गांव की तरफ से आने वाले लोगों को उपमार्ग पर पहुंचने में आसानी होगी, इससे उनके समय की भी बचत होगी। वहीं दूसरी ओर यह मार्ग आने वाले समय में चार मार्गी सड़क से भी जुड़ जाता है, तो बाड़ी, फरनाल, मसयाना, नाल्टी, गलोड़, धनेड़ गांव के लोगों के लिए बेहतरीन सुविधा मिलेगी, जिससे कम दूरी से लोग हमीरपुर बाजार से जुड़ जाएंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा ने पिछले दिनों दुगनेड़ी में ग्रामीणों के साथ बैठक की थी। इस दौरान गांववासियों ने गांव में पानी की समस्या के अलावा इस सड़क की मांग रखी थी। सुनील शर्मा ने जहां पानी की समस्या के लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को तुरंत आदेश दिए, वहीं सड़क का कार्य पूरा करने का वायदा भी ग्रामीणों से किया।

लोक निर्माण विभाग से कहकर उन्होंने सात दिन के भीतर सड़क का काम शुरू करवा दिया। ग्रामीणों ने उनका धन्यवाद किया है। साथ ही मांग की है कि इसे दूसरी ओर चार मार्गी सड़क से भी जोड़ा जाए। सुनील शर्मा ने कहा कि धन्यवाद के असली हकदार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हैं, जो हमेशा से हमीरपुर के विकास कार्यों के लिए सहयोग करते आ रहे हैं। मैं तो बस ग्रामीणों की समस्या को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का कार्य करता हूं।

न्यूज ब्रीफ

डॉ. सुमित आईआईटी दिल्ली में बने प्रोफेसर



अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। जवाहरलाल नेहरू राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय (जेएनजीईसी) सुंदरनगर के पूर्व छात्र डॉ. सुमित शर्मा ने आईआईटी दिल्ली में प्रोफेसर का पदभार संभालकर संस्थान का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय के टेक्सटाइल इंजीनियरिंग विभाग में खुशी का माहौल है। डॉ. सुमित शर्मा ने वर्ष 2008 में जेएनजीईसी के टेक्सटाइल इंजीनियरिंग विभाग में बीटेक में प्रवेश लिया था। वर्ष 2012 में उन्होंने गेट में अखिल भारतीय स्तर पर 20वीं रैंक हासिल की और आईआईटी दिल्ली से एमटेक किया। इसके बाद उन्होंने आईआईटी दिल्ली से पीएचडी पूरी की, जिसकी शोध थीसिस को डिस्टिंक्शन मिला। पीएचडी के बाद उन्होंने एलोफिक इंडस्ट्रीज लिमिटेड में वैज्ञानिक और स्वीडन की यूनिवर्सिटी ऑफ बोरास में सीनियर लेक्चरर के रूप में सेवाएं दीं। डॉ. सुमित ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। जेएनजीईसी प्रबंधन ने कहा कि पूर्व छात्र का प्रतिष्ठित संस्थान में प्रोफेसर बनना पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उनकी सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। महाविद्यालय के डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल प्रो. राजीव खंडूजा ने भी डॉ. सुमित शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में 8 पदों के लिए साक्षात्कार 23 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस मंडी में सेल्स एंड मार्केटिंग के 8 पदों के लिए 23 नवंबर को साक्षात्कार होंगे। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि इन पदों के लिए युवक और युवतियां दोनों पात्र हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी का 12वीं या स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है। एमबीए पास और भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 25 हजार रुपए मासिक वेतन के साथ अन्य लाभ मिलेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 23 नवंबर को सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय मंडी में मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, छायाप्रतियां, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, दो पासपोर्ट साइज फोटो और रोजगार पंजीकरण प्रमाण-पत्र लेकर साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

लॉर्ड्स की रिद्धिमा-आंचल बीएससी नर्सिंग में सिलेक्ट



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। लॉर्ड्स कॉन्वेंट की होनहार छात्रा रिद्धिमा पठ्याल व आंचल वर्मा ने अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग की परीक्षा पास कर सरकारी मेडिकल कॉलेज में सीट प्राप्त की है।दोनों छात्राओं ने लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल से जमा दो की परीक्षा उत्तीर्ण की है। रिधिमा पठ्याल ने 93 प्रतिशत व आंचल वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। दोनों ने अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग एंट्रेंस परीक्षा क्वालीफाई की है। रिधिमा पठ्याल ने सरकारी मेडिकल कॉलेज टांडा (कांगड़ा) में व आंचल वर्मा ने मेडिकल कॉलेज चंबा में नर्सिंग में सरकारी सीट हासिल की है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना ठाकुर ने बताया कि दोनों छात्राएं पढ़ाई में बेहद होनहार रही हैं। चेयरमैन कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने बताया कि लॉर्ड्स के बच्चे हर साल बिना कोचिंग के सरकारी मेडिकल कॉलेज व सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में चयनित होते हैं, जो कि सरकाघाट के लिए गर्व की बात है। उन्होंने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सोमनाचनी स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोमनाचनी में 17 नवंबर को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में उपनिदेशक स्कूल शिक्षा एवं जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा मंडी मीना कुमारी ने मुख्यातिथि, जबकि खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सिराज-द्वितीय डोले राम शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रधानाचार्य नवनीत जसवाल ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासन, अच्छे संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास जरूरी हैं। इस अवसर पर शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतक प्रस्तुतियों ने समारोह में खूब समां बांधा। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, एसएमसी सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

धर्मपुर कॉलेज के मैदान में शुरू हुई भाईचारा क्रिकेट प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, धर्मपुर। राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर के खेल मैदान में भाईचारा क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा नेता एवं ओलंपिक संघ हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्री ने किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से खेलों को दिनचर्या का हिस्सा बनाने और चिट्टे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर चिट्टामुक्त हिमाचल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। प्रतियोगिता के आयोजक राकेश ठाकुर, शम्मी, सन्नी, पंकज ठाकुर, विक्की साईं और प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों से खेल भावना और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला भरतपुर और सधोट के बीच खेला गया। सधोट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 70 रन बनाए, जबकि भरतपुर की टीम 68 रन ही बना सकी। सधोट के विक्रम को 29 रन बनाने और दो विकेट लेने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

निशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 24 से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। एनएसपीबी-इंडिया के तत्वावधान में रायसन नेत्र अस्पताल, जिला कुल्लू में निशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 24 से 30 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी रायसन नेत्र अस्पताल प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजीव मोहन की ओर से आज यहां दी गई। उन्होंने जरूरतमंद लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

बोबर में एक्स-रे शिविर में 91 लोगों की स्वास्थ्य जांच

अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव। सुंदरनगर उपमंडल के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोबर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक्स-रे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 91 लोगों की एक्स-रे जांच की गई, जिनमें 17 पुरुष और 74 महिलाएं शामिल रहीं। जांच के दौरान 27 लोगों की रिपोर्ट में असामान्यता पाई गई। इन सभी को आगामी जांच और उपचार के लिए उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया गया। शिविर के दौरान लोगों को टीबी, श्वसन संबंधी बीमारियों के लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में भी जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल का उद्देश्य समय रहते बीमारियों की पहचान कर लोगों को उचित उपचार उपलब्ध करवाना रहा। शिविर के सफल आयोजन में सीएचओ रामादेवी, इंदिरा और आशा कार्यकर्ताओं ने विशेष योगदान दिया। आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को एक्स-रे जांच करवाने के लिए प्रेरित किया, जिससे विशेष रूप से महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही।

भाषण के बजाय पूर्व मंत्री पर चार साल में की गई कार्रवाई का ब्योरा दें विधायक : भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। माकपा नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर से पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह के कार्यकाल में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर पिछले चार साल में की गई कार्रवाई का ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में जनता ने 32 साल बाद धर्मपुर में सत्ता परिवर्तन कर कांग्रेस के चंद्रशेखर को विधायक चुना था। उस समय पूर्व मंत्री के कार्यकाल में हुई कथित गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार के मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए थे। अब विधानसभा सत्र में विधायक फिर वही आरोप दोहरा रहे हैं। भूपेंद्र सिंह ने सवाल उठाया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद पिछले चार साल में इन मामलों की जांच और दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा कि विधायक को आरोप दोहराने के बजाय अब तक की गई कार्रवाई का विवरण देना चाहिए। जनता उनसे चार साल के विकास कार्यों और कथित अनियमितताओं पर कार्रवाई का हिसाब मांग रही है।

रोपड़ी में युवक ने कमरे में लगाया फंदा, मौत

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रोपड़ी में एक 20 वर्षीय युवक द्वारा कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान सिकंदर शाह पुत्र सिपाही शाह, निवासी गांव बहुरबा, डाकघर पिंगगांडारी, तहसील नरकटियागंज, जिला पश्चिमी चंपारण (बिहार) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युवक जगजीत सिंह के साथ तरलोचन कोठी में किराये के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि दिन के समय उसने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सरकाघाट भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। युवक द्वारा यह कदम उठाने के पीछे क्या वजह रही, इसका पता जांच के बाद ही चल पाएगा।

सिद्धपुर कोठी पुल के पास नदी गिरी कार, दो घायल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अंतर्गत सिद्धपुर कोठी पुल के समीप एक कार अनियंत्रित होकर ब्यास नदी के किनारे जा गिरी। हादसे में कार सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार (नंबर एचपी-86ए-9003) में अजय कुमार और कृष्ण चंद, दोनों निवासी गांव ननसाई, जिला मंडी सवार थे। हादसे में दोनों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल धर्मपुर भेजा गया।

एसडीएम आवास-थाने तक 300 मीटर सड़क कर दी पक्की

हाईवे निर्माण कंपनी और मोर्थ की मेहरबानी, मोक्ष धाम और पशु अस्पताल का छोड़ दिया रास्ता

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। जालंधर-मंडी-मनाली नेशनल हाईवे-003 के निर्माण के दौरान संपर्क मार्गों की टारिंग को लेकर सरकाघाट में सवाल उठने लगे हैं। हाईवे का निर्माण कर रही गावर कंपनी ने एसडीएम आवास तक जाने वाली सड़क और पुलिस थाना मार्ग पर करीब 300 मीटर तक टायरिंग कर दी, लेकिन करीब 10 हजार की आबादी के मोक्ष धाम तक जाने वाली चंद मीटर सड़क अभी भी पक्की होने का इंतजार कर रही है।

इसके अलावा सरकाघाट मुख्य बाजार से पपलोग जाने वाली सड़क और क्षेत्र के एकमात्र पशु चिकित्सालय तक जाने वाले संपर्क मार्ग पर भी टाय रिंग नहीं हुई है। इससे नगर परिषद के सात वार्डों और आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों में रोष है। यंहा तक की पशुओं को उपचार के लिए अस्पताल लेकर आने वाले लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

मोक्ष धाम और पशु अस्पताल की सड़क को लेकर रोष: मोक्ष धाम का प्रबंधन देख रही सेवा संकल्प समिति



◆ **10 हजार आबादी हो रही परेशान, टारिंग नहीं होने से लोगों में कंपनी के खिलाफ रोष**

के अध्यक्ष चंद्रमणि, राकेश, पंकज, महेश वैद, कैप्टन रघु, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, ध्यान सिंह, राजेश कोंडल, विपन कौशल, किसान नेता भूपेंद्र सिंह, रणताज सिंह और सुरेश शर्मा पूर्व पार्षद विकास ठाकुर बलवंत गुलेरिया अधिवक्ता मुनीष मोनू नरेश शर्मा राकेश ठाकुर विजेंद्र गिल हितेश गुलेरिया सहित अन्य लोगों ने संपर्क मार्गों की टायरिंग नहीं होने पर खासी नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि टारिंग के दौरान निर्माण कंपनी और मोर्थ के अधिकारियों से कई बार संपर्क मार्गों को पक्का करने की मांग की गई थी।

मोर्थ कंपनी बोली- रिक्वेस्ट जहां तक आई वहां तक की टारिंग

मोर्थ के साइट इंजीनियर शुभम कुमार ने कहा कि टायरिंग के दौरान जिस किसी ने जहां तक सड़क पक्की करने की रिक्वेस्ट की थी, वहां तक टायरिंग कर दी गई है। यदि मोक्ष धाम और वेटरिनरी हॉस्पिटल तक जाने वाली सड़क पर टायरिंग होने से रह गई है तो वहां भी टायरिंग करवा दी जाएगी।

इसके बावजूद मोक्ष धाम और पशु चिकित्सालय तक जाने वाली सड़क को छोड़ दिया गया। इन लोगों का कहना है कि हाईवे निर्माण के दौरान कंपनी ने ही इन संपर्क मार्गों को उखाड़ा था। ऐसे में इन्हें दोबारा दुरुस्त करना कंपनी की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने सरकार और संबंधित विभाग से इन सड़कों पर जल्द टारिंग करवाने की मांग की है।

साइट इंजीनियर श्रीकांत बोले-अभी पूरा नहीं हुआ निर्माण कार्य

निर्माण कंपनी गावर के साइट इंजीनियर श्रीकांत ने कहा कि सड़क निर्माण का काम अभी जारी है। यदि कहीं कोई कमी रह गई है तो उसे दूर कर दिया जाएगा। एसडीएम आवास के पास नाली बंद करके सड़क पक्की किए जाने के मामले में उन्होंने कहा कि उस हिस्से को उखाड़कर वहां सीमेंटेड नाली बनवाई जाएगी, ताकि पानी की निकासी में परेशानी न हो।

एसडीएम आवास के पास नाली बंद होने से उठे सवाल

एसडीएम आवास तक जाने वाली सड़क की टारिंग के दौरान पहले से बनी पक्की नाली को पत्थरों से बंद कर उसके ऊपर सड़क बना दी गई है। इससे बरसात के दौरान पानी की निकासी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, कंपनी के साइट इंजीनियर ने इस कमी को दूर करने और वहां सीमेंटेड नाली बनवाने का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि कंपनी अपने आश्वासन के मुताबिक मोक्ष धाम, पशु चिकित्सालय और अन्य संपर्क मार्गों की टारिंग कब तक पूरी करवाती है।

कनैड में कांग्रेस की चौपाल में वोटर सूची और संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

भीम बसेडू राजपूत, महादेव। वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत वीरवार को नाचन विधानसभा क्षेत्र के कनैड में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौपाल में जिला कांग्रेस कमेटी मंडी की अध्यक्षा चंपा ठाकुर और जिला प्रभारी बलविंदर सिंह बबलू ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन नाचन कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीप कुमार शर्मा की अगुवाई में किया गया।

इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि वोट ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। मतदाता सूची में हर पात्र मतदाता का नाम होना चाहिए और किसी भी पात्र मतदाता का नाम न कटे, इसके लिए



पार्टी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करने का आह्वान किया। चौपाल में स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों और संगठनात्मक गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों ने व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। सभी ने अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति निगम के चैयरमैन लाल सिंह कौशल, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष नरेश चौहान, सेवादल के अध्यक्ष प्रेम लाल गुड्डू, लीगल एडवाइजर चंद्र कौशल संजू डोगरा व कनैड जोन अध्यक्ष रुप लाल डोगरा मौजूद रहे।

सरकाघाट को जिला बनाना तार्किक ही नहीं अपितु न्यायसंगत भी : डॉ . आजाद

अनंत ज्ञान



सरकाघाट। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व 'सरकाघाट जिला बनाओ समिति' के महासचिव, डॉ. जय कुमार आजाद ने सुक्खू सरकार के प्रशासनिक आयोग के गठन को एक साहसिक व उचित कदम बताते हुए इसे समय की मांग बताया है।

डॉ. आजाद ने आगे कहा कि सरकाघाट, धर्मपुर व जोगेंद्र नगर को मिला कर सरकाघाट नया जिला बन सकता है और करसोग को शिमला में मिलाकर वहां के लोगों को भी राहत मिल सकती है। डॉ. आजाद ने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में प्रशासनिक इकाइयां लोगों की सुविधा के अनुरूप होनी चाहिए ना कि लोगों की समय व पैसे की बर्बादी के लिए होनी चाहिए। इन्होंने उदाहरण दिया कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पपलोग, बसंतपुर-रसैण, सधोट, रोसो, चोलथरा, सरौन, ग्रयोह, कांगोगहरा आदि का विकास खंड मुख्यालय धर्मपुर है जोकि 20 से 25 किलोमीटर दूर स्थित है, जबकि सरकाघाट ब्लाक मुख्यालय की दूरी इनमें से कुछ पंचायतों की एक से तीन किलोमीटर की है।

आजाद ने कहा कि भाजपा व नेता विपक्ष जयराम ठाकुर सहित उन लोगों व नेताओं को अपने राजनीतिक चश्में को उतार कर जिले व दूसरी प्रशासनिक इकाइयों के गठन को व्यापक जनहित में समझने का आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत करना चाहिए जिसका एकमात्र उद्देश्य जनहित है। आजाद ने पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा विधायक अनिल शर्मा के सरकाघाट को जिला बनाने की मांग का समर्थन करने के लिए हार्दिक आभार प्रकट करते हुए उनकी जायज व उचित सोच को परिपक्व राजनेता का बयान बताया है।

आट्या-पाट्या चैंपियनशिप में रिवालसर स्कूल छाया



अनंत ज्ञान

रिवालसर। बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय आट्या-पाट्या चैंपियनशिप में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिवालसर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 28 छात्र-छात्राओं ने सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों में भाग लेकर प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किए।

इस सफलता का श्रेय टीम कोच एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता कंचन देव राणा के मार्गदर्शन को दिया गया। विद्यालय लौटने पर प्रात:कालीन सभा में प्रधानाचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को मेरिट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना करते हुए भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

समतामूलक से ही मजबूत होगा न्यायपूर्ण समाज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से 18 और 19 नवंबर को साक्षरता भवन सौली खड्ड मंडी में समता विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कैडर कैंप आयोजित किया गया। इसमें मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, बिलासपुर और शिमला जिलों के 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कैंप का उद्देश्य सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता, लोकतांत्रिक मूल्यों और समान अवसरों की समझ विकसित करना रहा। इसमें अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क की राष्ट्रीय महासचिव आशा मिश्रा, भारत ज्ञान विज्ञान समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष कोमल श्रीवास्तव, महासचिव ओम प्रकाश भूरेटा, राष्ट्रीय समता संयोजिका सुमित्रा चंदेल, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य उपाध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण शर्मा, भीम सिंह और राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने मुख्य वक्ताओं के रूप में भाग लिया। कैंप का संचालन राज्य समता उपसमिति की संयोजिका सुनीता बिष्ट ने किया।

विभिन्न सत्रों में जातिगत भेदभाव, लैंगिक असमानता, महिला अधिकार, शिक्षा और स्वास्थ्य में समान अवसर, सामाजिक न्याय तथा जलवायु परिवर्तन का महिलाओं पर प्रभाव जैसे विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही भारत का भविष्य अभियान और युवाओं को नशे से बचाने के लिए युवा बचाओ अभियान में महिलाओं की भूमिका पर भी विचार-विमर्श हुआ।

वक्ताओं ने कहा कि समता का अर्थ केवल अवसरों की समानता नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, अधिकार और न्यायपूर्ण अवसर उपलब्ध करवाना भी है। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक न्याय, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

फार्मेसी क्विज में ड्रीम्ज कॉलेज ने हासिल किया तीसरा स्थान



अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। ड्रीम्ज कॉलेज ऑफ फार्मेसी सुंदरनगर के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। बिलासपुर के संस्कृति भवन में आयोजित प्रतियोगिता में कॉलेज की ओर से चतुर्थ वर्ष की छात्राएं पलक और कृष्णा तथा तृतीय वर्ष की छात्रा महक ने भाग लिया।

तीनों छात्राओं ने विषय ज्ञान, तार्किक क्षमता और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर के प्रतिभागियों के बीच यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह समारोह-2026 एवं विश्व फार्मासिस्ट दिवस के तहत किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न फार्मेसी संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर कॉलेज चेयरमैन नरेश चौहान, प्रधानाचार्य डॉ. वीके गुप्ता, नोडल अधिकारी सुरेंद्र शर्मा एवं पूजा चंदेल सहित संकाय सदस्यों ने खुशी जताते हुए छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास और व्यावहारिक दक्षता को बढ़ावा देती हैं।

पधर में होंगे आठ खेल मुकाबले, चिट्टे के खिलाफ मैदान में उतरेंगे युवा

अनंत ज्ञान

कविता, पधर। युवाओं को नशे, विशेषकर चिट्टे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने और खेलों से जोड़ने के लिए पधर में 'खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान' के तहत आठ खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। एसडीएम सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रतियोगिताओं की तैयारियों की समीक्षा की गई।

◆ **'खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान' के तहत 25 दिसंबर से प्रतियोगिताएं, पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर**

एसडीएम ने बताया कि अभियान के तहत क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, एथलेटिक्स, कुश्ती, हॉकी और रस्साकशी के मुकाबले होंगे। इनमें 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 नवंबर, 2026 कर दी गई है।

प्रतियोगिताएं दो चरणों में 25 से 27 दिसंबर, 2026 और 1 से 8 जनवरी, 2027 तक आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसके लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पधर एवं सियुन, राजकीय महाविद्यालय नारला और डायनापार्क क्रिकेट मैदान निर्धारित किए गए हैं।

कबड्डी, वॉलीबॉल और क्रिकेट में उपमंडल स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमश: 51 हजार, 41 हजार और 31 हजार रुपये मिलेंगे। जिला स्तर पर यह पुरस्कार राशि 2 लाख, 1.50 लाख और 1 लाख रुपये होगी। वहीं, राज्य स्तर पर विजेता टीमों को क्रमश: 31 लाख, 15 लाख और 10 लाख रुपये दिए जाएंगे।

एसडीएम ने शिक्षण संस्थानों और विभागों से अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने में खेलों की अहम भूमिका है।

पेयजल संकट पांच दिनों से नहीं आ रहा पानी, लोगों में रोष

ढलवान बाजार में पानी को तरसे लोग

अनंत ज्ञान



◆ **आधा किलोमीटर दूर से ला रहे पानी**

◆ **लोगों ने दी जेई कार्यालय के घेरने की दी चेतावनी**

◆ **विभाग बोला- मोटर ठीक, आज सुबह बहाल होगी सप्लाई**

सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत ढलवान के अंतर्गत आने वाले ढलवान बाजार में पिछले करीब पांच दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों के घरों में लगे नल सूखे पड़े हैं और पानी की एक बूंद तक नहीं टपक रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार बाजार के आसपास कोई प्राकृतिक जलस्रोत भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में लोगों को अपनी जरूरतों के लिए करीब आधा किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

पानी की व्यवस्था करने में ही लोगों का काफी समय व्यतीत हो रहा है, जिससे उनके घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि एक ओर विभाग नियमित पेयजल आपूर्ति के दावे करता है, वहीं दूसरी ओर बाजार के लोगों को पांच दिनों से पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी कुशम लता, अंजना कुमारी, सीमा देवी, शमी देवी , सुरेश ठाकुर, रामा, अनुप कुमार, मिंटो कुमारी, नत्थू राम और चंपा कुमारी ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए।

लोगों ने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे ढलवान स्थित जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय ढलवान का घेराव करेंगे। लोगों का कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए उन्हें इस तरह परेशान होना पड़ रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इसके लिए जल शक्ति विभाग जिम्मेदार होगा।

इस बारे में सहायक अभियंता बलद्वाडा दीपक वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि कंडापतन में मोटर खराब होने के कारण यह समस्या आई थी अब मोटर ठीक हो गई है शुक्रवार सुबह तक ढलवान बाजार व गांव में पानी की सप्लाई दे दी जाएगी।

जीवन की जड़ संयम की भूमि में जितनी गहरी जमती है और सदाचार का जितना जल दिया जाता है उतना ही जीवन हरा भरा होता है और उसमें ज्ञान का मधुर फल लगता है।

-दीनानाथ दिनेश

संपादकीय

नेताओं की महत्वाकांक्षा

आगामी वर्ष के प्रारंभ में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक दलों में हलचल तेज हो गई है। चुनावी माहौल बनने के साथ ही नेताओं के पाला बदलने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। कोई सत्तारूढ़ दल छोड़कर विपक्षी खेमे में जा रहा है तो कोई विपक्षी दल से निकलकर सत्ता की ओर कदम बढ़ा रहा है। दिलचस्प यह है कि इन नेताओं के दल बदलने के पीछे विचारधारा से अधिक चुनावी टिकट और राजनीतिक भविष्य की संभावनाएं दिखाई देती हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी के तीन विधायकों विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह और चेतन सिंह ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि इन नेताओं को भाजपा की ओर से विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया जा सकता है। दूसरी ओर कांग्रेस ने भी दूसरी पार्टियों से आने वाले नेताओं को शामिल करने के लिए विशेष समिति गठित कर दी है। यह समिति तय करेगी कि किन नेताओं को पार्टी में प्रवेश दिया जाए। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस पर दलबदल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है, जबकि यह वही पार्टी है, जिसके कई विधायक पहले कांग्रेस में रह चुके हैं।

उत्तर प्रदेश में भी राजनीतिक दलों के बीच नेताओं की आवाजाही तेज हो गई है। भाजपा के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप अपनी बेटी कीर्ति कश्यप के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा भाजपा के पूर्व सांसद राजपाल सैनी, पूर्व विधायक सिनोद शाक्य और कुशाग्र सागर ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा छोड़कर सपा में जाने वाले अन्य नेताओं में राम बहादुर पासी और चंद्र कुमार मिश्र के नाम भी शामिल हैं। हालांकि ऐसी खबरें सामने आई हैं कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया है कि दल बदलकर आने वाले नेताओं के निकट संबंधियों को टिकट नहीं दिया जाएगा, लेकिन यह मानना कठिन है कि दूसरे दलों से आए नेता केवल चुनाव प्रचार तक ही सीमित रहेंगे। दूसरी ओर सपा के तीन बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और विनोद चतुर्वेदी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सपा नेता अनिल यादव और बसपा के पूर्व सांसद अरविंद कुमार चौधरी ने भी भाजपा का रुख कर लिया है। ऐसे में इनमें से कुछ नेताओं को भाजपा की ओर से विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

दरअसल, चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दलों में टिकट पाने की होड़ तेज हो जाती है। जिन नेताओं को अपने दल में चुनाव लड़ने की संभावना कम दिखाई देती है, वे दूसरे दलों में अपना राजनीतिक भविष्य तलाशने लगते हैं। यह सिलसिला केवल चुनाव की घोषणा से पहले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कई बार प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद भी देखने को मिलता है। टिकट न मिलने से नाराज नेता अपने पुराने दल के खिलाफ बगावत कर दूसरे दल में शामिल हो जाते हैं और वहां से चुनाव मैदान में उतर जाते हैं। इससे राजनीतिक दलों की विचारधारा, नीतियों और संगठनात्मक प्रतिबद्धताओं पर भी सवाल खड़े होते हैं। जिस दल की नीतियों की आलोचना करते हुए कोई नेता वर्षों तक राजनीति करता है, उसी दल में अचानक शामिल होकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो जाता है। ऐसे बदलावों के पीछे जनसेवा अथवा विचारधारा में परिवर्तन की अपेक्षा चुनावी लाभ की संभावना अधिक दिखाई देती है।

प्रत्याशियों के चयन को लेकर राजनीतिक दल अक्सर दावा करते हैं कि वे एक निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हैं। इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, स्थानीय कार्यकर्ताओं और संगठन के पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया जाता है। कई दल आंतरिक सर्वेक्षण और जनता के बीच कराए गए सर्वे को भी प्रत्याशी चयन का आधार बताते हैं। दावा किया जाता है कि लोकप्रियता, जनाधार और जीतने की क्षमता को ध्यान में रखकर उम्मीदवार तय किए जाते हैं। लेकिन जब कोई नेता अचानक दूसरे दल से आकर टिकट हासिल कर लेता है तो इन दावों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग जाता है।

आज की प्रमुख हस्ती

कॉमेडी से मिली खास पहचान

तुषार कपूर का जन्म 20 नवंबर 1976 को हुआ था। वह हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता और फिल्म निर्माता हैं। फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने वाले तुषार कपूर ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत वर्ष 2001 में की थी। अपने शुरुआती दौर में रोमांटिक भूमिकाएं निभाने वाले तुषार ने बाद में हास्य और गंभीर किरदारों में भी अपनी अलग पहचान बनाई। अभिनेता जितेंद्र और शोभा कपूर के बेटे तथा फिल्म और टेलीविजन निर्माता एकता कपूर के छोटे भाई तुषार ने अपनी मेहनत और अभिनय के दम पर बॉलीवुड में एक खास मुकाम हासिल किया है।



तुषार कपूर
जन्म : 20 नवंबर 1976

तुषार कपूर का जन्म एक प्रतिष्ठित फिल्मी परिवार में हुआ। उनके पिता जितेंद्र हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेताओं में शामिल रहे हैं, जबकि उनकी मां शोभा कपूर फिल्म और टेलीविजन निर्माण से जुड़ी रही हैं। उनकी बड़ी बहन एकता कपूर भारतीय टेलीविजन और फिल्म जगत की सफल निर्माताओं में गिनी जाती हैं। तुषार ने मुंबई के बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल से शुरुआती शिक्षा प्राप्त की। इसी विद्यालय में उनके सहपाठी अभिनेता अभिषेक बच्चन भी थे। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी के स्टीफन एम. रॉस स्कूल ऑफ बिजनेस से व्यवसाय प्रशासन में स्नातक की डिग्री हासिल की। अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी करने पर विशेष ध्यान दिया।

तुषार कपूर का झुकाव बचपन से ही फिल्मी दुनिया की ओर था। हालांकि, अभिनय को पेशे के रूप में अपनाने से पहले उन्होंने इसकी बारीकियां सीखने के लिए प्रशिक्षण लिया। उन्होंने फिल्म निर्देशक डेविड धवन के साथ सहायक के रूप में काम किया। इस दौरान उन्हें फिल्म निर्माण और निर्देशन की प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर मिला।

युवा

प्यारे मित्र।।

अतुल कुमार, जिला सोलन
हिमाचल प्रदेश

चार मेरे प्यारे मित्र,
जान से हैं प्यारे मित्र,
बात मेरे दिल की,
जानते हैं न्यारे मित्र।।
हँसी-ठिठोलियों में,
अपनी ही बोलियों में,
खुशियों की झड़ी
लगाते हैं ये न्यारे मित्र।।
मुश्किल आए पल
निकले न कोई हल
जुगाड़ फिर कोई
लगाते हैं ये प्यारे मित्र।।
जो फँसूँ बुरे हाल में, मुसीबतों के जाल में,
जाल तार-तार कर, जाते हैं ये प्यारे मित्र।।
कैंटीन में मिलते है
दिल सबके खिलते है
राजा बन ऑर्डर दे
जाते है ये प्यारे मित्र।।
रहते नहीं पस्ती में
चाय पीते मस्ती में
बिल के समय भाग
जाते है ये प्यारे मित्र।।
कम बोलूं एक कोई
कर जाते दो वोही
बिन बोले सब जान
जाते हैं ये प्यारे मित्र।।

मां-पुत्र के मिलन का अनूठा संगम है- श्री रेणुका जी मेला



बी आर चौहान
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

श्री रेणुकाजी मेला हिमाचल प्रदेश के प्राचीन और प्रसिद्ध मेलों में से एक है। मां-पुत्र के पावन मिलन का प्रतीक यह मेला प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की दशमी से पूर्णिमा तक उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री रेणुकाजी में आयोजित किया जाता है। जनश्रुति के अनुसार, इस अवसर पर भगवान परशुराम जामूकोटी से वर्ष में एक बार अपनी माता रेणुका से मिलने आते हैं। मां रेणुका के वात्सल्य और पुत्र की श्रद्धा का यह अनूठा संगम असंख्य श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास का प्रतीक है। इस वर्ष मेला 19 से 24 नवंबर तक श्री रेणुका झील के परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, प्राचीन काल में आर्यावर्त में हैहयवंशी क्षत्रियों का शासन था और भृगुवंशी ब्राह्मण उनके राजपुरोहित हुआ करते थे। इसी भृगुवंश में महर्षि ऋचिक के पुत्र महर्षि जमदग्नि का जन्म हुआ। उनका विवाह इक्ष्वाकु कुल के राजा रेणु की कन्या रेणुका से हुआ था। महर्षि जमदग्नि अपनी पत्नी और परिवार सहित इसी क्षेत्र में तपस्या करने लगे। जिस स्थान पर उन्होंने तपस्या की, वह आज तपे का टीला कहलाता है। वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया यानी अक्षय तृतीया को माता रेणुका के गर्भ से भगवान परशुराम ने जन्म लिया। उन्हें भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। भगवान परशुराम आठ चिरंजीवियों में भी शामिल हैं।

महर्षि जमदग्नि के पास कामधेनु गाय थी, जिसे प्राप्त करने के लिए अनेक राजा लालायित रहते थे। राजा अर्जुन ने भगवान दत्तात्रेय से वरदान स्वरूप एक हजार भुजाएं प्राप्त की थीं, जिसके कारण वह सहस्त्रबाहु कहलाने लगा। एक दिन वह महर्षि जमदग्नि के आश्रम में कामधेनु गाय मांगने पहुंचा। महर्षि ने सहस्त्रबाहु और उसके सैनिकों का आतिथ्य-सत्कार किया, लेकिन कामधेनु को कुबेर जी की अमानत बताते हुए उसे देने से मना कर दिया। इससे क्रोधित होकर सहस्त्रबाहु ने महर्षि जमदग्नि की हत्या कर दी। पति की हत्या का समाचार सुनकर माता रेणुका शोकाकुल होकर राम सरोवर में कूद गईं। मान्यता है कि सरोवर ने उनकी देह को अपने भीतर समाहित करने का प्रयास किया, जिससे उसका आकार स्त्री की देह के समान हो गया।

उस समय भगवान परशुराम महेंद्र पर्वत पर तपस्या में लीन थे। योगशक्ति से उन्हें माता-पिता के साथ हुई इस घटना का आभास हुआ और उनकी तपस्या भंग हो गई। क्रोधित होकर वह सहस्त्रबाहु से युद्ध करने पहुंचे और उसका तथा उसकी सेना का वध कर दिया। इसके बाद अपनी योगशक्ति से पिता जमदग्नि और माता रेणुका को पुनर्जीवित कर दिया। कथानुसार, माता रेणुका ने भगवान परशुराम को वचन दिया कि वह प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास की देवोत्थान एकादशी के अवसर पर उनसे मिलने आया करेंगे। इसी मान्यता के चलते हर वर्ष मां रेणुका और भगवान परशुराम के मिलन का पर्व मनाया जाता है।



मेले से जुड़ी एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार, महर्षि जमदग्नि तपस्या में लीन रहते थे और माता रेणुका पतिव्रता धर्म का पालन करते हुए धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहती थीं। वह प्रतिदिन गिरि गंगा का जल ग्रहण करती थीं और उसी जल से स्नान भी करती थीं। मान्यता है कि अपने सतीत्व के प्रभाव से वह नदी से कच्चे घड़े में पानी भरकर लाती थीं और वह घड़ा कभी नहीं गलता था। एक दिन सरोवर से जल लेकर लौटते समय उन्होंने रास्ते में एक गंधर्व जोड़े को प्रेमालाप करते देख लिया। इस दृश्य से वह क्षणभर विचलित हो गईं और आश्रम पहुंचने में देर हो गई। महर्षि जमदग्नि ने अंतर्ज्ञान से इसका कारण जान लिया और क्रोधित होकर अपने पुत्रों को माता का वध करने का आदेश दिया। किसी भी पुत्र ने उनकी आज्ञा नहीं मानी, लेकिन भगवान परशुराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए माता का वध कर दिया। इससे प्रसन्न होकर महर्षि ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। भगवान परशुराम ने अपनी माता को पुनर्जीवित करने का वरदान मांगा और महर्षि ने उनकी इच्छा पूरी कर दी। इसके बाद माता रेणुका ने वचन दिया कि वह प्रत्येक वर्ष इस दिन डेढ़ घड़ी के लिए उनसे मिलने आया करेंगी।

मान्यता है कि उस समय की डेढ़ घड़ी आज के लगभग डेढ़ दिन के बराबर मानी जाती है। इसी कारण प्रारंभ में श्री रेणुकाजी मेला डेढ़ दिन तक आयोजित होता था। समय के साथ श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और लोगों की अटूट आस्था को देखते हुए इसकी अवधि बढ़ाकर कार्तिक शुक्ल पक्ष की दशमी से पूर्णिमा तक कर दी गई। प्रदेश सरकार ने श्री रेणुकाजी मेले को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा प्रदान किया है। श्री रेणुका विकास बोर्ड की ओर से मेले की पारंपरिक गरिमा और धार्मिक स्वरूप को बनाए रखने के साथ इसे और आकर्षक बनाने के प्रयास किए जाते हैं। देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जाती हैं।

इस वर्ष 19 और 24 नवंबर को प्रात:काल रेणुका झील में स्नान का विशेष धार्मिक महत्व रहेगा। इन अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र झील में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्ति की कामना करेंगे। मां रेणुका और भगवान परशुराम के मिलन की सदियों पुरानी परंपरा आज भी लोगों की आस्था में उसी श्रद्धा और विश्वास के साथ जीवंत है। यही कारण है कि श्री रेणुकाजी मेला धार्मिक आस्था के साथ-साथ मां-पुत्र के पवित्र प्रेम, देव संस्कृति और हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक बनकर हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

परिवार बच्चों की गिनती से नहीं, प्यार से पूरा होता है



कमलेश राणा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आजकल एक बच्चे वाले माता-पिता से लोग अक्सर यही सवाल पूछते हैं कि दूसरा बच्चा कब होगा? जैसे एक बच्चा होना पर्याप्त नहीं है और परिवार पूरा करने के लिए दो बच्चों का होना जरूरी है। समाज में यह धारणा इतनी आम हो गई है कि एक बच्चे वाले माता-पिता को बार-बार ऐसे सवालों का सामना करना पड़ता है। लेकिन सच तो यह है कि खुशी एक बच्चे में भी उतनी ही होती है, जितनी दो बच्चों में। खुशी बच्चों की संख्या से नहीं, बल्कि घर के माहौल, प्यार और आपसी अपनापन से मापी जाती है।

जिस घर में एक बच्चा है, वहां भी हंसी और खुशियों की कोई कमी नहीं होती। वहां भी सुबह बच्चे की हंसी से दिन शुरू होता है और रात को उसकी कहानियों के साथ दिन खत्म होता है। माता-पिता के लिए उनका एक बच्चा ही उनकी पूरी दुनिया होता है। उसकी छोटी-छोटी बातें, शरारतें, मुस्कान और उपलब्धियां उनके जीवन को खुशियों से भर देती हैं। एक बच्चे वाले माता-पिता भी उसके साथ हर पल को पूरी तरह जीते हैं। वे उसके साथ खेलते हैं, पढ़ते हैं, घूमते हैं और उसकी हर छोटी-बड़ी खुशी में शामिल होते हैं। उनके लिए बच्चे की मुस्कान ही सबसे बड़ी खुशी होती है। उन्हें यह महसूस नहीं होता कि उनके जीवन में कुछ अधूरा है, क्योंकि उनका बच्चा ही उनके परिवार की खुशियों का सबसे बड़ा आधार होता है।

दूसरी ओर, जिस घर में दो बच्चे हैं, वहां की खुशियां भी अपनी अलग पहचान रखती हैं। दो बच्चों की मस्ती, उनकी आपस की नोकझोंक, छोटी-छोटी लड़ाइयां और फिर एक-दूसरे को मनाने के पल घर को रौनक से भर देते हैं। दोनों बच्चों का साथ खेलना, एक-दूसरे की मदद करना और सुख-दुख बांटना माता-पिता के लिए भी खुशी का कारण बनता है। दो बच्चों वाले माता-पिता भी अपनी दुनिया को उतना ही संपूर्ण और खुशहाल मानते हैं। ऐसे में यह कहना गलत होगा कि एक बच्चे वाले परिवार की खुशियां कम हैं या दो बच्चों वाले परिवार की खुशियां अधिक हैं। दोनों ही अपनी जगह खुश और संपूर्ण हो सकते हैं।



हमें यह समझना होगा कि परिवार की खुशी का कोई निश्चित पैमाना नहीं होता। हर परिवार अपनी परिस्थितियों, जरूरतों और सोच के अनुसार अपनी खुशियों को जीता है। कोई एक बच्चे के साथ अपनी दुनिया को पूरा मानता है, तो कोई दो बच्चों के साथ अपने परिवार को संपूर्ण समझता है। दोनों ही फैसले अपनी जगह सही हैं। परिवार का आकार छोटा हो या बड़ा, उसकी असली पहचान आपसी प्रेम, विश्वास, समझ और एक-दूसरे के प्रति सम्मान से बनती है।

आज के समय में बच्चों की परवरिश, शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की जिम्मेदारियां भी काफी बढ़ गई हैं। माता-पिता को अपने बच्चों को बेहतर जीवन देने के लिए समय, आर्थिक संसाधन और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। ऐसे में कितने बच्चे होने चाहिए, यह फैसला माता-पिता की व्यक्तिगत परिस्थितियों और प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। किसी परिवार में एक बच्चा होना उनकी पसंद हो सकती है, तो किसी परिवार में दो या अधिक बच्चे होना उनकी खुशी का आधार हो सकता है। इस निजी फैसले पर समाज को सवाल उठाने या किसी को अपनी सोच के अनुसार चलने के लिए मजबूर करने का अधिकार नहीं है।

समाज को भी अपनी सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। किसी एक बच्चे वाले परिवार से बार-बार दूसरा बच्चा करने का सवाल पूछना उन्हें असहज कर सकता है। कई बार लोग बिना सोचे-समझे ऐसे सवाल पूछ लेते हैं, जबकि उन्हें यह पता भी नहीं होता कि उस परिवार की परिस्थितियां क्या हैं। जरूरी नहीं कि हर व्यक्ति अपनी निजी जिंदगी के फैसलों का कारण दूसरों को बताए। हमें दूसरों की पसंद और उनके निर्णयों का सम्मान करना सीखना चाहिए। समाज का काम परिवारों से सवाल पूछना नहीं, बल्कि उनकी खुशियों में शामिल होना और उनके फैसलों का सम्मान करना है। मेरी निजी राय में परिवार बच्चों की गिनती से पूरा नहीं होता, बल्कि प्यार, समझ और अपनापन से पूरा होता है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

झाग में डूबी यमुना, दावों में उलझी सरकार और आस्था के भरोसे श्रद्धालु



निर्मल रानी
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

स्विट्जरलैंड की वायु गुणवत्ता निगरानी संस्था एयर आईक्यू की 2026 में जारी वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली दुनिया का चौथा सबसे प्रदूषित शहर और लगातार आठवें वर्ष विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी रही। नवंबर 2026 के दूसरे सप्ताह में भी दिल्ली की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी रही। 7 नवंबर और 13 से 16 नवंबर के दौरान एयर आईक्यू की लाइव रैंकिंग में दिल्ली कई बार दुनिया का सबसे प्रदूषित प्रमुख शहर बन गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार पहुंच गया, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय और आईटीओ जैसे कुछ इलाकों में यह 450 से ऊपर दर्ज किया गया। ऐसे गंभीर प्रदूषण के बीच राजधानी में उत्तर भारत, विशेषकर बिहार का लोकप्रिय धार्मिक और सामाजिक पर्व छठ मनाया गया।

दिल्ली में केंद्र, राज्य और नगर निगम तीनों स्तरों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जिसे राजनीतिक भाषा में ट्रिपल इंजन की सरकार कहा जाता है। नवंबर 2026 में छठ महापर्व के आयोजन से पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार ने श्रद्धालुओं को स्वच्छ यमुना जल उपलब्ध कराने तथा राजधानी में 1400 से अधिक घाट तैयार करने के बड़े दावे किए थे। सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस बार श्रद्धालुओं को बिना गंदगी और जहरीले झाग के स्वच्छ जल में पूजा करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने भी दावा किया था कि यमुना का पानी साफ है और व्रती महिलाएं स्वच्छ जल में सूर्य देव को अर्घ्य देंगी। इसके अलावा नदी के पानी को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से उपचारित करने की बात भी कही गई थी।

सरकार ने राजधानी में लगभग 1482 छठ घाट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, जबकि पिछले वर्ष 1326 घाट बनाए गए थे। सभी तैयारियां 6 नवंबर तक पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। उत्तरी दिल्ली में आउटर रिंग रोड से इंद्रलोक तक मुनक नहर के दोनों किनारों पर लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से 11 किलोमीटर लंबा छठ घाट बनाने और उसमें साफ पानी उपलब्ध कराने का दावा किया गया। घाटों पर स्वच्छता, बिजली, रोशनी, पेयजल, मोबाइल शौचालय, चेंजिंग रूम और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था करने की भी बात कही गई थी।



हालांकि, कृत्रिम और नहर घाटों के निर्माण सहित कुछ व्यवस्थाओं में सरकार को सफलता मिली, लेकिन यमुना को पूरी तरह साफ और झागमुक्त बनाने का सबसे महत्वपूर्ण दावा जमीन पर पूरा नहीं हो सका। 15 और 16 नवंबर को छठ पूजा के संध्या और उषा अर्घ्य के दौरान कालिंदी कुंज सहित यमुना के कई हिस्सों में श्रद्धालु कमर तक गहरे पानी और सफेद झाग की मोटी परतों के बीच पूजा करते दिखाई दिए। यहां तक कि दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने भी कालिंदी कुंज के बड़े हिस्सों में झाग दिखाई देने की बात स्वीकार की। बिना उपचारित सीवर और औद्योगिक कचरे के साथ डिटर्जेंट का नदी में मिलना इस प्रदूषण का प्रमुख कारण है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के आंकड़ों के अनुसार, यमुना के प्रमुख घाटों का पानी नहाने योग्य मानकों पर खरा नहीं उतरा। छठ से पहले वजीराबाद और सोनिया विहार के पास बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां मिलने से भी स्वच्छ यमुना के दावों पर सवाल उठे। कई घाटों पर गंदगी, प्लास्टिक कचरे और अपर्याप्त रोशनी की शिकायतें भी सामने आईं।

विडंबना यह रही कि इस स्थिति पर जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ पर्व के भव्य आयोजन के लिए प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। मंत्री कपिल मिश्रा और सांसद मनोज तिवारी ने पिछली आम आदमी पार्टी सरकार पर यमुना किनारे छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाते हुए वर्तमान सरकार की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया। वहीं, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल सरकार की छवि खराब करने के लिए नदी में मरी हुई मछलियां डलवा रहे हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस और विपक्षी नेताओं ने झाग से भरी यमुना की तस्वीरें और वीडियो साझा कर सरकार पर श्रद्धालुओं की आस्था और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

हिमाचल में छोटे जिले क्यों जरूरी? आम जनता को क्या होंगे फायदे?



साहिल शर्मा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश में नए जिलों के गठन की चर्चा केवल प्रशासनिक सीमाओं में बदलाव का विषय नहीं है, बल्कि यह आम जनता की सुविधाओं, क्षेत्रीय विकास और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण सवाल है। पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों से अलग हैं। प्रदेश के कई गांवों से जिला मुख्यालय पहुंचने में लोगों को कई घंटे लग जाते हैं। ऐसे में छोटे जिलों का गठन प्रशासन को जनता के करीब लाने और सरकारी सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

आज भी प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जमीन से जुड़े दस्तावेज बनवाने, राजस्व संबंधी मामलों का निपटारा करवाने, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और अधिकारियों से मिलने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। कई बार छोटे से सरकारी काम के लिए भी पूरा दिन खर्च करना पड़ता है। आने-जाने का किराया और अन्य खर्च अलग से उठाने पड़ते हैं। इसका सबसे अधिक असर गरीब परिवारों, किसानों, बागवानों, महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ता है। यदि नए जिले बनते हैं और जिला मुख्यालय लोगों के नजदीक आते हैं, तो इन परेशानियों में कमी आ सकती है। इससे लोगों का समय और पैसा बचेगा तथा सरकारी सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान होगी।

छोटे जिलों के गठन से प्रशासनिक जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था में भी सुधार हो सकता है। बड़े भौगोलिक क्षेत्र वाले जिलों में दूरदराज के इलाकों तक अधिकारियों की नियमित पहुंच और विकास कार्यों की निगरानी करना चुनौतीपूर्ण होता है। छोटे जिले बनने से अधिकारियों के लिए स्थानीय समस्याओं को समझना, योजनाओं का निरीक्षण करना और जनता की शिकायतों का समाधान करना आसान हो सकता है। इससे प्रशासन और आम नागरिकों के बीच की दूरी कम होगी।

स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी नए जिलों का गठन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। जिला स्तर पर अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने, डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करने में प्राथमिकता मिल सकती है। इसी तरह स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता, शिक्षा की गुणवत्ता और सरकारी योजनाओं की निगरानी बेहतर हो सकती है। हालांकि, केवल नया जिला घोषित कर देना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए अस्पतालों में डॉक्टरों, स्कूलों में शिक्षकों और विभिन्न विभागों में पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति भी जरूरी है।



रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिहाज से भी नए जिले विकास के नए अवसर पैदा कर सकते हैं। जिला मुख्यालय विकसित होने से आसपास के क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ती हैं। सरकारी कार्यालयों के खुलने, परिवहन सुविधाओं के विस्तार, बाजारों, दुकानों और होटल व्यवसाय के विकास से स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकते हैं। इसके साथ ही निर्माण कार्यों और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकती है।

हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। भूस्खलन, बादल फटना, अचानक बाढ़ और भारी बर्फबारी जैसी घटनाओं के दौरान त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई बेहद जरूरी होती है। कई बार दूरदराज के क्षेत्रों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट जाता है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन मजबूत होने से राहत और बचाव कार्यों में तेजी आ सकती है तथा प्रभावित लोगों तक समय पर सहायता पहुंचाना आसान हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

28 तक जमा करवाने होंगे बिजली के बकाया बिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। किन्नौर जिले के विद्युत उपमंडल रिकांगपिओ के तहत आने वाले बिजली उपभोक्ताओं को अपने लंबित बिजली बिलों की राशि 28 नवंबर तक जमा करवानी होगी। बिजली बिल जमा करवाने की निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त होने के बावजूद अभी तक अधिकांश उपभोक्ताओं ने बिलों का भुगतान नहीं किया है। इसके चलते विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करवाने की अपील की है, ताकि बिजली आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी तरह की असुविधा न हो। इस संबंध में विद्युत उपमंडल रिकांगपिओ के अधिशाषी अभियंता टाशी छोडुप नेगी ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे 28 नवंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से बकाया राशि जमा करवा दें। उन्होंने कहा कि समय पर बिजली बिलों का भुगतान करने से विभागीय व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से निर्धारित समयसीमा का पालन करने और अनावश्यक परेशानी से बचने का आग्रह किया।

अंडर-18 महिला वॉलीबॉल टीम का चयन 21 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2026 के लिए हिमाचल प्रदेश की अंडर-18 महिला वॉलीबॉल टीम के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। युवा सेवा एवं खेल विभाग की ओर से 21 नवंबर को खेल छात्रावास जुब्बल में चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। विभाग के अतिरिक्त निदेशक गौरव महाजन ने बताया कि ट्रायल में वही महिला खिलाड़ी भाग ले सकेंगी, जिनका जन्म 1 जनवरी, 2009 या इसके बाद हुआ हो। चयन प्रक्रिया सुबह 10 बजे शुरू होगी। इच्छुक एवं पात्र खिलाड़ियों को निर्धारित समय पर खेल छात्रावास जुब्बल में पहुंचना होगा। ट्रायल में शामिल होने वाली खिलाड़ियों को अपने साथ मैट्रिक का आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार के फोटो और दस्तावेजों की एक सत्यापित छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। आयु प्रमाण पत्र नगर निगम अथवा ग्राम पंचायत की ओर से जारी होना चाहिए और इसे 1 जनवरी, 2021 या उससे पहले जारी किया गया होना आवश्यक है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता या दैनिक भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।

इंटर-प्रोजेक्ट स्पोर्ट्स मीट में रामपुर एचपीएस का दबदबा



अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। एसजेवीएन के तत्वावधान में रामपुर एचपीएस में आयोजित दो दिवसीय इंटर-प्रोजेक्ट स्पोर्ट्स मीट का समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रामपुर एचपीएस के विभागाध्यक्ष रोशन कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल कर्मचारियों में टीम भावना, अनुशासन, आपसी सहयोग और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने परियोजना प्रमुख विकास मारवाह और आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की। विकास मारवाह ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे भी इसी उत्साह से खेलने के लिए प्रेरित किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग का ओवरऑल विजेता कॉर्पोरेट मुख्यालय शिमला और पुरुष वर्ग का विजेता रामपुर एचपीएस रहा। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रियंका बंसल, 200 मीटर में रचिता एनजे एसपीएस, 400 मीटर में अंकिता कुमारी और 800 मीटर में रमा प्रथम रहीं। पुरुष वर्ग में धीरज शर्मा ने 100 और 400 मीटर, रिकी चौहान ने 200 मीटर तथा शुभम बंसल ने 800 और 1500 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। रिले दौड़ में महिला वर्ग में एनजेएसपीएस और पुरुष वर्ग में आरएचपीएस विजेता रहे। शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में महिला वर्ग से प्रियंका बंसल ने दोनों स्पर्धाएं जीतीं। पुरुष वर्ग में शॉट पुट में सुरेश कुमार और डिस्कस थ्रो में अक्षय प्रथम रहे। लंबी और ऊंची कूद में महिला वर्ग से स्मृति दत्ता ने दोनों स्पर्धाओं में बाजी मारी। पुरुष वर्ग की लंबी कूद में रिकी चौहान और ऊंची कूद में करण विजेता बने।

हिमाचल के कर्मचारियों को मिलेगा 200 रुपए सालाना प्रीमियम पर पांच लाख का सुरक्षा कवच

सरकार ने एक साल के लिए बढ़ाई कर्मचारियों की दुर्घटना बीमा योजना

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। महज 200 रुपए का सालाना प्रीमियम और बदले में पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सुरक्षा। राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों को दुर्घटनाओं के संकट से उबारने के लिए सुरक्षा का मजबूत कवच तैयार किया है। खास बात यह है कि इस योजना का दायरा केवल नियमित कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अनुबंध, दैनिक वेतनभोगी और अंशकालिक कर्मचारियों को भी इसमें शामिल किया गया है। वित्त विभाग ने समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना को अगले एक वर्ष के लिए अनिवार्य रूप से नवीनीकृत कर दिया है। यह बीमा 18 नवंबर 2026 से 17 नवंबर 2027 तक प्रभावी रहेगा।

जानकारी के अनुसार सरकार की इस योजना के तहत प्रदेश के सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों और स्वायत्त निकायों में कार्यरत कर्मचारियों को बीमा सुरक्षा मिलेगी। योजना की खासियत यह है कि इसका लाभ केवल कार्यालय या ड्यूटी के समय होने वाली दुर्घटनाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कर्मचारी घर पर हो, सफर कर रहा हो अथवा किसी सार्वजनिक स्थान पर हो, बीमा कवच 24 घंटे प्रभावी रहेगा। दुर्घटना के कारण मृत्यु होने अथवा स्थायी पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में आश्रितों को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। वहीं, एक अंग अथवा एक आंख की क्षति होने पर दो लाख रुपए का मुआवजा निर्धारित किया गया है। सामान्य दुर्घटनाओं के साथ बाढ़, भूस्खलन, डूबने, सर्पदंश, भूकंप और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं में होने वाली आकस्मिक मृत्यु को भी बीमा सुरक्षा के दायरे में रखा गया है। हालांकि, सामान्य मृत्यु इस योजना में शामिल नहीं होगी।



योजना को लागू करने के लिए सरकार ने कर्मचारियों के वेतन से नवंबर 2026 के वेतन अथवा मजदूरी में 200 रुपए वार्षिक प्रीमियम की एकमुश्त कटौती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नियमित, अनुबंध, दैनिक वेतनभोगी और अंशकालिक सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए यह प्रीमियम समान रहेगा। बोर्डों और निगमों को भी अपने कर्मचारियों का प्रीमियम निर्धारित लेखा शीर्ष 0235-60-105-02 में जमा करवाना होगा। सरकार ने बीमा दावों के निपटारे की प्रक्रिया को भी विकेंद्रीकृत किया है।

दुर्घटना में मौत पर 30 दिन के अंदर देनी होगी सूचना

बीमा योजना के तहत दुर्घटना में मृत्यु होने पर दावा प्राप्त करने के लिए कानूनी उत्तराधिकारी को 30 दिनों के भीतर सूचना देनी अनिवार्य होगी। इसके साथ प्राथमिकी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट जमा करवाना भी आवश्यक रहेगा। सरकार की इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि आर्थिक सुरक्षा का लाभ पाने के लिए कर्मचारियों पर प्रीमियम का अतिरिक्त बोझ नहीं डाला गया है। साल में केवल 200 रुपए के मामूली अंशदान से पांच लाख रुपए तक की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। पहाड़ी प्रदेश में जहां कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, दुर्गम रास्तों और प्राकृतिक आपदाओं के बीच सरकारी कर्मचारियों को अक्सर जोखिम उठाकर सेवाएं देनी पड़ती हैं, वहां यह योजना उनके परिवारों के लिए संकट के समय बड़ा सहारा बन सकती है।

'त्रिवेणी' चित्रकला प्रदर्शनी में दिखे कला के विविध रंग



उपायुक्त शिमला 'त्रिवेणी' चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला के गेयटी थिएटर स्थित ठाकुर हॉल में चंडीगढ़ के तीन प्रतिष्ठित कलाकारों राखी उन्नी सिंह, शिल्पी सिंह पटेल और के.आर. कोहली की तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी 'त्रिवेणी' का उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शुभारंभ किया।

प्रदर्शनी में प्रकृति की सुंदरता, जीवन के संघर्ष, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सरोकारों को दर्शाती आकर्षक कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। उपायुक्त ने कलाकारों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि चित्रों के माध्यम से सकारात्मक जीवन-दृष्टि, दृढ़ इच्छाशक्ति और चुनौतियों से लड़कर आगे बढ़ने का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक विरासत को चित्रों में स्थान देना सराहनीय पहल है। ऐसी प्रदर्शनियां कला एवं संस्कृति के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाने के साथ कलाकारों और दर्शकों के बीच संवाद का अवसर भी प्रदान करती हैं। प्रदर्शनी में शामिल कलाकृतियां बिक्री के लिए भी उपलब्ध रहेंगी।

उपायुक्त ने शिमला के लोगों से प्रदर्शनी का अवलोकन करने और कलाकारों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया। यह प्रदर्शनी तीन दिनों तक गेयटी थिएटर के ठाकुर हॉल में जारी रहेगी।

नौणी विवि के कार्यवाहक कुलपति को हटाने की मांग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने डॉ. वाईएस परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कार्यवाहक कुलपति डॉ. हरमिंद्र सिंह बावेजा की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। अभाविप की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने राज्यपाल से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

नैंसी अटल ने कहा कि 18 नवंबर को प्रकाशित रिपोर्ट और प्रदेश सरकार की ओर से विधानसभा में दिए गए जवाब के अनुसार, 31 जनवरी 2026 को डॉ. बावेजा का नाम संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची में शामिल करने की अनुशंसा की गई थी। इसके बावजूद 10 मई को उन्हें विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति की जिम्मेदारी सौंप दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि संबंधित तथ्यों की जानकारी होने के बावजूद सरकार ने उन्हें यह जिम्मेदारी किस आधार पर दी। उन्होंने कहा कि जब कार्यवाहक कुलपति स्वयं गंभीर सवालों के घेरे में हैं, तो उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय में हो रही भर्तियों की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। अभाविप ने ऐसी सभी नियुक्तियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

◆ अभाविप ने विश्वविद्यालय में भर्तियों पर भी उठाए सवाल

कुफरी स्कूल में मेधावी छात्र किए सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। ग्राम पंचायत बणी मखड़ोल के पूर्व उपप्रधान एवं समाजसेवी केदार कंवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को मेहनत व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही बच्चों के प्रोत्साहन के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।

प्रधानाचार्य नरेश खशिया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान जमा दो में मालविका, दसवीं में दक्षांत शर्मा और प्राथमिक स्तर की विभिन्न कक्षाओं के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया।

इंदिरा गांधी का दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव रहेगा प्रेरणास्रोत : केहर सिंह खाची

रिज मैदान में जयंती पर दी श्रद्धांजलि



रिज मैदान में इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते केहर सिंह खाची व अन्य गणमान्य।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। पूर्व प्रधानमंत्री एवं लौह महिला के नाम से विख्यात स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने कहा कि इंदिरा गांधी का दृढ़ नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र के प्रति समर्पण भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि बैंक राष्ट्रीयकरण जैसे ऐतिहासिक फैसलों से इंदिरा गांधी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसानों और बागवानों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया। वहीं, पूर्व रियासतों के प्रिवी पर्स समाप्त करने का निर्णय सामाजिक और आर्थिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था।

खाची ने कहा कि इंदिरा गांधी ने हर चुनौती के सामने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए उनका दृढ़ संकल्प तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने देशभक्ति गीतों और भजनों के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री को संगीतमय श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर निगम की उप महापौर उमा कौशल, उपायुक्त अनुपम कश्यप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त सचिन कंवल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेहर पंवार और गौरवजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

संदिग्ध सत्यनिष्ठा सूची में नाम आने पर नौणी विवि के कार्यवाहक कुलपति को हटाने की मांग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने डॉ. वाईएस परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कार्यवाहक कुलपति डॉ. हरमिंदर सिंह बावेजा को संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची में शामिल करने की अनुशंसा से जुड़े मामले पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अभाविप की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने राज्यपाल से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यवाहक कुलपति को तत्काल पद से हटाया जाए।

उन्होंने कहा कि 18 नवंबर को प्रकाशित रिपोर्ट और प्रदेश सरकार की ओर से विधानसभा में दिए गए जवाब के अनुसार, 31 जनवरी 2026 को डॉ. बावेजा का नाम संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची में शामिल करने की अनुशंसा की गई थी। इसके बावजूद 10 मई को उन्हें विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति की जिम्मेदारी सौंपना सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इन तथ्यों की जानकारी होने के बावजूद उन्हें यह जिम्मेदारी किस आधार पर दी गई।

◆ अभाविप ने राज्यपाल से की तत्काल कार्रवाई की मांग

नैंसी अटल ने कहा कि जब कार्यवाहक कुलपति स्वयं गंभीर सवालों के घेरे में हैं, तो उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय में की जा रही नियुक्तियों की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर भी संदेह पैदा होना स्वाभाविक है।

उन्होंने ऐसी सभी नियुक्तियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की गरिमा, प्रशासनिक विश्वसनीयता और विद्यार्थियों के भविष्य से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। अभाविप ने राज्यपाल से पूरे प्रकरण में हस्तक्षेप कर डॉ. बावेजा को पद से हटाने और प्रदेश सरकार से संबंधित अनुशंसा के आधार, उसकी वर्तमान स्थिति तथा नियुक्ति प्रक्रिया पर सार्वजनिक रूप से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

डुब्लू में 21 को लगेगा आयुष्मान आरोग्य शिविर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। तहसील जुंगा की ग्राम पंचायत बलोग के गांव डुब्लू में 21 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में मरीजों के डिजिटल एक्स-रे सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं मौके पर उपलब्ध रहेंगी। इससे ग्रामीणों को घर-द्वार के समीप स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और जांच के लिए दूरदराज के स्वास्थ्य संस्थानों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। ग्राम पंचायत बलोग के प्रधान मनोहर सिंह ने बताया कि शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ट्राई की चिकित्सक डॉ. दिव्या वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रानी ठाकुर, एसटीएस टीम, एक्स-रे टीम और आशा कार्यकर्ता सेवाएं देंगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे 21 नवंबर को डुब्लू पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लोगों को समय पर जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कांग्रेस ने किया कनछीन वैली जोन का गठन

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर की विशेष बैठक नरेण बाहली में मंडलाध्यक्ष लाल चंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बाहली, नरैण और पलजारा पंचायतों को मिलाकर संयुक्त कनछीन वैली कांग्रेस जोन का गठन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से कुलदीप सिंह नेगी को जोन अध्यक्ष चुना गया। देसराज भंडारी, मलक राज मैहता और बिशेषर पौंड को उपाध्यक्ष, पं. सुदामा शर्मा को महासचिव तथा राज विजय ठाकुर को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में 'वोट चोर, गद्दी छोड़ो' अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। लाल चंद शर्मा ने कार्यकर्ताओं से अभियान को गांव-गांव और पंचायत स्तर तक ले जाने का आह्वान किया।

◆ तीन पंचायतों को मिलाकर बना संयुक्त जोन, बैठक में संगठन विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं पर हुई चर्चा

उन्होंने महंगाई और बेरोजगारी को भी चिंता का विषय बताया। इस दौरान प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। शर्मा ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर पात्र लोगों को योजनाओं की जानकारी देने और उनका लाभ सुनिश्चित करवाने को कहा। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, कैलाश फेडरेशन के निदेशक त्रिलोक चंद भलूनी, डॉ. केदार सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अनंत Classifieds

नाम दुरूस्ती

मैं एबल राम, पुत्र श्री जगत राम, निवासी गांव तदोचा, डाकघर शवाड, तहसील आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.) घोषित करता हूं कि मेरी पुत्री का सही नाम स्कूल, पंचायत एवं अन्य अभिलेखों में *सुरजाता कश्यप (Surjata Kashyap)* दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में गलती से *सुरजाता कौशल (Surjata Kaushal)* दर्ज हो गया है। जिसे अपडेट कर सही नाम सुरजाता कश्यप (Surjata Kashyap) किया जाए।

नाम परिवर्तन

मैं, लता देवी (37 वर्ष) पत्नी श्री किशोरी लाल, निवासी गांव नेहरा, डाकघर ढाबेहड़, तहसील बालीचौकी, जिला मण्डी, हि.प्र.। घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम प्रतीक्षा देवी गलत दर्ज है। जबकि सही नाम प्रतीक्षा ठाकुर है। अत: मेरी पुत्री के आधार में भी सही नाम प्रतीक्षा ठाकुर दर्ज किया जाए।

नाम परिवर्तन

मैं, जय राम (35 वर्ष) पुत्र श्री भोले राम, निवासी गांव बिऊनस नाल, डाकघर कोट खमराधा, तहसील औट, जिला मण्डी, हि.प्र.। घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम मीनाक्षी गलत दर्ज है। जबकि सही नाम विनाक्षी है। अत: मेरी पुत्री के आधार कार्ड में भी सही नाम वीनाक्षी दर्ज किया जाए।

OFFICE OF THE DISTRICT YOUTH SERVICE & SPORTS OFFICE SPITI AT KAZA

NO DYSSO-SPITI-2026-415 Dated: 19/11/2026

TENDER NOTICE

Sealed tenders are invited for the work "Supply of Ice Hockey Dasher Board System".

* Estimated Amount: 26 lakh (26,00,000/-)
* EMD: 25,000/-
* Bid Submission Start Date: 20-11-2026
* Bid Submission Closing Date: 21-12-2026
* Bid Opening Date: 22-12-2026
* Venue for submission/opening: Office of DYSSO Kaza, Spiti, Distt. Lahaul & Spiti, HP-172114

The complete tender document, including detailed technical specifications, can be obtained free of cost from the DYSSO Kaza office on all working days between 10:00 AM and 5:00 PM from 20-11-2026 to 19-12-2026.

Sd/-
Dixit Rana
Sub Divisional Magistrate cum DYSSO, Spiti at Kaza

कार्यालय ग्राम पंचायत तोकी
विकास खंड इंदौरा, जिला काँगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

आज दिनांक की पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत तोकी में वित वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों के तहत विकास कार्यों के लिए सामग्री जैसे RCC PIPE(Np-2/Np-3)size-300mm, 450mm, 600mm, 800mm, 900mm, 1000mm,1200mm per pip, urinal port, wash basin, wc-seat (indian and eropion), flushing system,tanki-1000 and 500 liter, urinal pipe-3 '&4 ', bend-3 '& 4' CPVC-pipe-1' & 3/4 ', सभी प्रकार के union, saket, valve, Tee & elbow male, female, engle balve, Tap व अन्य सेनेटरी सामग्री लकड़ी का टेबल, प्लास्टिक कुर्सियां, रिवोल्विंग कुर्सी, पेंट सामग्री, विद्युत वायरिंग व सामग्री, सभी प्रकार के साईज की Pree Printed GI Sheets (टीन), सभी प्रकार एंगल व पाईप स्क्रू व बोल्ट इत्यादि, borewell drilling with 5 'casing, borewell-PVC Pipe-5' & 6 'Dia, endcap, clump, elbow,column pipe -1' & 2 ', sporting wire-2.5mm &4mm, starter, submersible moter-1.5hp,2hp, 3hp, Black pipe- 1 ',1.5' & 2' and other borewell Fitting material के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती है, इच्छुक फर्म/ठेकेदार अपनी निविदा पंचायत कार्यालय में दिनांक 25/11/2026 समय शाम 04:00PM तक सीलबंद लिफाफे में स्वयं या डाक के माध्यम से भेज सकते है, दिनांक 25/11/2026 के बाद प्राप्त निविदाएं मान्य नही होंगी। निविदाएँ दिनांक-26/11/2026 को 01:00PM बजे पंचायत बैठक में पंचायत द्वारा गठित पंचायत प्रतिनिधियों की कमेटी के समक्ष निविदादाता/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी । अत: निविदादाता/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के उपस्थित न होने पर व अगर कुटेशनों में कोई त्रुटी पाई जाती है तो पंचायत बिना कारण बताए कुटेशन को रद्द कर सकती है। **शर्तें**-1 फर्म/ठेकदार के पास GST/TIN no. होना अनिवार्य है, सभी दरें GST व FOR सहित मान्य होंगी, फर्म/ठेकेदार द्वारा सामग्री की आपूर्ति समय पर न देने व गुणवता सही न होने पर सामग्री बिल की अदायगी नहीं की जाएगी व पंचायत को अधिकार होगा कि वह स्वीकृत निविदा को रद्द कर अगली न्यूनतम दर वाली फर्म को सप्लाई आर्डर कर सकती है।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत तोकी
विकास खंड इंदौरा, जिला काँगड़ा (हि.प्र.)

व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी- शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
मुकदमा इन्द्राज सेहत नाम
पेशी- 05.12.26
प्रीतम चंद पुत्र श्री मंगत राम निवासी महाल अम्बाडी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
बनाम आम जनता
विषय- दरुस्ती नाम हि0प्र0रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल अम्बाडी व भाटी मौजा रजोल में नाम दरुस्ती वारे।
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनका सही नाम प्रीतम चंद पुत्र श्री मंगत राम निवासी गांव अम्बाडी डाकखाना रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 है। जबकि महाल अम्बाडी व भाटी मौजा रजोल में उनका नाम प्रीतम सिंह दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्राथी अपने नाम को दरुस्त करके प्रीतम चंद पुत्र श्री मगंत राम महाल अम्बाडी व भाटी मौजा रजोल में दर्ज करवाना चाहता है।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 05.12.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।
आज दिनांक 22.05-26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी- शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
मुकदमा- इन्द्राज सेहत नाम
पेशी- 05.12.2026
संजय कुमार उर्फ संजय पुत्र श्री अमीं चंद निवासी गांव झरेड डाकखाना योल झरेड तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
बनाम आम जनता
विषय- दरुस्ती नाम हि0प्र0रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल कुठार पटवार वृत प्रेई में नाम दरुस्ती वारे।
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थीया ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उसका सही नाम संजय पुत्र श्री अमी चंद निवासी महाल कुठार तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 है। जबकि महाल कुठार मौजा प्रेई में उनका नाम संजय कुमार दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्रार्थी उक्त नाम को दरुस्त करके संजय पुत्र श्री अमी चंद महाल कुठार मौजा प्रेई में दर्ज करवाना चाहता है।
अत उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 05.12.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।
आज दिनांक 16-11-26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
मुकदमा इन्द्राज सेहत नाम
पेशी- 05.12.26
बंसी लाल पुत्र श्री कालू पुत्र श्री निहाला निवासी गांव व डाकघर संदू तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
बनाम आम जनता
विषय- दरुस्ती नाम हि0प्र0रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल हार मौजा प्रेई महाल कुरेला मौजा डोहव महाल बजरेड मौजा प्रेई महाल पोहाडा मौजा बसनूर में नाम दरुस्ती वारे।
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थीया ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनका सही नाम बंसी लाल पुत्र श्री कालू निवासी गांव व डाकघर संदू तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 है। जबकि महाल हार मौजा प्रेई, महाल कुरेला मौजा डोहव, महाल बजरेड मौजा प्रेई, महाल पोहाडा मौजा बसनूर में उनका नाम हरबसं लाल दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्राथी उक्त नाम को दरुस्त करके महाल हार मौजा प्रेई महाल कुरेला मौजा डोहव महाल बजरेड मौजा प्रेई महाल पोहाडा मौजा बसनूर में दर्ज करवाना चाहता है।
अत उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 05.12.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।
आज दिनांक 16-11-26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
मुकदमा इन्द्राज सेहत नाम
पेशी 05.12.2026
प्रवीण कुमारी पुत्री स्व0 श्री प्रशौतम लाल निवासी महाल हार मौजा लदवाडा तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 अब पत्नि श्री ईशवर दास निवासी गांव व डाकघर रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
बनाम आम जनता
विषय- दरुस्ती नाम हि0प्र0रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल हार मौजा लदवाडा में नाम दरुस्ती वारे।
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थीया ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनका सही नाम प्रवीण कुमारी पुत्री स्व0 श्री प्रशोतम लाल निवासी गांव व डाकघर रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 है। जबकि महाल हार मौजा लदवाडा में उनका नाम बीना देवी दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्रार्थी उक्त नाम को दरुस्त करके महाल हार मौजा लदवाडा में दर्ज करवाना चाहती है।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को

न्यूज ब्रीफ

सुरक्षा गार्ड के 80 पदों के लिए साक्षात्कार 25 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो केलांग। जिला रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि सीस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर की ओर से पुरुष अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षा गार्ड के 80 पदों के लिए 25 नवंबर को जिला रोजगार कार्यालय केलांग में कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवार दसवीं पास, 19 से 40 वर्ष आयु, न्यूनतम 168 सेंटीमीटर लंबाई और 55 से 95 किलोग्राम वजन के होने चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 19 से 24 हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा। एक माह का प्रशिक्षण पूरा होने पर हिमाचल में नियुक्ति दी जाएगी। साक्षात्कार सुबह 11 बजे होगा। अभ्यर्थी मूल दस्तावेज साथ लाएं व रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए 01900-202252 पर संपर्क करें।

पंचायत प्रतिनिधियों को कानून के प्रति किया जागरूक



अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। जिला परिषद भवन केलांग में पंचायतीराज विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला पुलिस लाहौल-स्पीति ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के लिए कानूनी जागरुकता व्याख्यान आयोजित किया। इसमें पुलिस अधिकारियों ने एनडीपीएस, एससी-एसटी अत्याचार निवारण, पॉक्सो, दहेज निषेध तथा वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम की जानकारी दी। इसका उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को कानूनी प्रावधानों और उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था।

भुंतर उपमंडल में 1.5 करोड़ रुपए के बिजली बिल बकाया, उपभोक्ता जल्द करें भुगतान

अनंत ज्ञान, भुंतर। विद्युत उपमंडल भुंतर के तहत बिजली उपभोक्ताओं पर करीब 1.5 करोड़ रुपये की बकाया राशि लंबित है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ने उपभोक्ताओं से जल्द बिजली बिल जमा करवाने की अपील की है। सहायक अभियंता अमन कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से बकाया बिलों के भुगतान के लिए संबंधित उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि समय पर बिल जमा करवाकर बिजली आपूर्ति बाधित होने से बचा जा सकता है। जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगे हैं और मोबाइल पर बिल नहीं पहुंच रहे हैं, वे अपना सही मोबाइल नंबर अपडेट करवाने के लिए विद्युत उपमंडल कार्यालय भुंतर में संपर्क करें। विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में बकाया राशि जमा न करवाने पर नियमानुसार बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

वरिष्ठ सहकार पुरुष टीआर कपूर का निधन



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। मंडी जिले के वरिष्ठ सहकार पुरुष टीआर कपूर का 86 वर्ष की आयु में अचानक गिरने से निधन हो गया। उनके निधन पर पूर्व मंत्री एवं भुट्टिको अध्यक्ष ठाकुर सत्य प्रकाश ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं जताईं। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र ने एक अनुभवी और वरिष्ठ व्यक्तित्व खो दिया है, जिन्होंने जीवनभर सहकारिता के सिद्धांतों को प्राथमिकता दी। टीआर कपूर राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) में उपनिदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद उन्होंने लाहौल पोटैटो सहकारी सभा, कुल्लू जिला सहकारी संघ और भुट्टिको सहित कई संस्थाओं में सलाहकार के रूप में सेवाएं देकर प्रदेश के सहकारी ढांचे को मजबूत बनाने में योगदान दिया। उनके सम्मान में वीरवार को भुट्टिको परिसर में सहकारी ध्वज आधा झुका दिया गया। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की पूर्व निदेशक प्रेम लता ठाकुर, भुट्टिको के उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर व मोहर सिंह सहित निदेशकों, अधिकारियों और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े अनेक लोगों ने उनके निधन पर शोक जताया। सभी ने उनके योगदान को याद करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 5 मामलों में चिट्टा, चरस और नकदी के साथ गिरफ्तारी

कुल्लू पुलिस ने 23.58 ग्राम चिट्टा और 518 ग्राम चरस की बरामद

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू पुलिस ने नशा तस्करी के विरुद्ध अभियान के तहत अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल पांच अभियोग पंजीकृत किए हैं। इन मामलों में पुलिस ने 23.58 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), 518 ग्राम चरस और 41,850 रुपए नकद बरामद किए हैं।

पहली कार्रवाई 5 नवंबर 2026 को जिला डिटेक्शन सेल कुल्लू की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शनि मंदिर के समीप की। इस दौरान मंडी जिले के नगवाईं क्षेत्र की 26 वर्षीय युवती और कुल्लू जिले के रायसन निवासी 26 वर्षीय युवक के कब्जे से 10.54 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) व 41,850 रुपए नकद बरामद हुए। इस संबंध में पुलिस थाना कुल्लू में मामला दर्ज कर आगामी अन्वेषण जारी है।

◆ **41,850 रुपए भी किए बरामद**

दूसरी कार्रवाई 7 नवंबर को जिया पुल फ्लाईओवर के नीचे पार्वती नदी किनारे खड़ी एक ऑल्टो कार में की गई। जिला डिटेक्शन सेल कुल्लू की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार में बैठे कुल्लू जिले के भुंतर क्षेत्र के शाड़ाबाई निवासी 25 वर्षीय युवक की तलाशी ली, जिसके कब्जे से 5.70 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। पुलिस थाना भुंतर में अभियोग दर्ज कर जांच की जा रही है। तीसरी कार्रवाई 12 नवंबर 2026 को सरसाड़ी के समीप नाकाबंदी के दौरान अमल में लाई गई। जिला डिटेक्शन सेल कुल्लू की टीम ने कुल्लू जिले के कसलाधी क्षेत्र के गांव भेगटा पिणी (वार्ड नंबर 3) निवासी 46 वर्षीय व्यक्ति की तलाशी ली और उसके कब्जे से 518 ग्राम चरस बरामद की। इस मामले में पुलिस थाना भुंतर में मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। चौथी कार्रवाई 17 नवंबर 2026 को बंदरोल बिहाल के समीप गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जिला डिटेक्शन सेल कुल्लू की टीम ने कुल्लू जिले के रायसन क्षेत्र के गांव छाटनसेरी निवासी 37 वर्षीय युवक के कब्जे से 5.53 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की। इस संबंध में पुलिस थाना कुल्लू में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 के तहत अभियोग पंजीकृत कर आगामी जांच की जा रही है।पांचवीं कार्रवाई 18 नवंबर 2026 को पुलिस थाना बंजार की टीम ने घर्टगाड़ में नाकाबंदी के दौरान की। टीम ने एक गाड़ी की तलाशी ली, जिसमें सवार तीन युवकों के कब्जे से 1.81 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। इस मामले में पुलिस थाना बंजार में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज कर आगामी अन्वेषण जारी है। इस कार्रवाई को लेकर कुल्लू के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक सेकर ने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार सख्ती से चलाया जा रहा है और नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस के साथ साझा करें, ताकि तस्करों पर प्रभावी शिकंजा कसा जा सके और सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

केलांग व खंगसर में ग्रामीणों को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की ओर से 21 अक्तूबर से 31 दिसंबर तक चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत जिला लाहौल-स्पीति में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत केलांग और खंगसर में जागरूकता शिविर लगाए गए।

केलांग में पंजाब नेशनल बैंक की ओर से आयोजित शिविर में शाखा प्रबंधक सुशील कुमार और अग्रणी जिला प्रबंधक सुनील कौंडल उपस्थित रहे। वहीं, खंगसर में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक दिनेश ने लोगों को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत नए खाते खोलने, निष्क्रिय खातों को दोबारा सक्रिय करने, री-केवाईसी, बैंक खातों में नामांकन और आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया समझाई गई। लोगों को लावारिस जमा राशि के निपटान और किसान क्रेडिट कार्ड योजना के लाभों की जानकारी भी दी गईज अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना, वित्तीय साक्षरता बढ़ाना और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

जगत नेगी सेना के अपमानजनक बयान पर देश से माफी मांगें : अखिलेश

अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने विधानसभा में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम पर इस तरह की टिप्पणी देश के वीर सैनिकों और उनके परिवारों का अपमान है। विधानसभा जैसे गरिमामय मंच पर यह कहना कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के नहीं, बल्कि भारत के छक्के छूटे, दुर्भाग्यपूर्ण है।



कपूर ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था। यह सेना की क्षमता और आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प का परिचायक था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं द्वारा पहले भी सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक पर सवाल उठाए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश वीरभूमि है और कैप्टन विक्रम बत्रा तथा कैप्टन सौरभ कालिया जैसे वीर सपूतों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। ऐसे प्रदेश की विधानसभा में सेना के शौर्य पर सवाल उठाना सैनिक परिवारों की भावनाओं को आहत करता है। अखिलेश कपूर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से पूछा कि क्या वह अपने मंत्री के बयान से सहमत हैं? उन्होंने जगत सिंह नेगी से सार्वजनिक स्पष्टीकरण देने और सैनिकों व उनके परिवारों से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि सेना का सम्मान राजनीति से ऊपर है और उसके शौर्य पर सभी दलों को एकजुट रहना चाहिए।

इंदिरा गांधी की 109वीं जयंती पर भुट्टिको में कार्यक्रम आयोजित, विकास व एकता का लिया संकल्प

राष्ट्र निर्माण में इंदिरा गांधी का योगदान अविस्मरणीय : सत्य प्रकाश

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, कुल्लू। भुट्टिको परिसर में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 109वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने इंदिरा गांधी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि इंदिरा गांधी का जन्म प्रयागराज स्थित आनंद भवन में हुआ, जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पं. जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए कई आंदोलनों का साक्षी रहा।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री बनने के बाद इंदिरा गांधी ने देश के चहुंमुखी विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिनमें बैंकों का राष्ट्रीयकरण और बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास प्रमुख हैं।1971 के भारत-पाक युद्ध का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के सशक्त नेतृत्व में पाकिस्तान के दो हिस्से हुए और बांग्लादेश का निर्माण हुआ।

युद्ध में पाकिस्तानी सेना के 93,000 सैनिकों के आत्मसमर्पण ने विश्व पटल पर भारत की सैन्य व कूटनीतिक ताकत को स्थापित किया, जिसे आज भी याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी सर्वधर्म समभाव में विश्वास रखती थीं और हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई समेत सभी धर्मों व समुदायों का समान रूप से सम्मान करती थीं। उनके समर्पण का उदाहरण देते हुए ठाकुर सत्य प्रकाश ने कहा कि शहादत से पूर्व ओडिशा में दिए गए उनके संबोधन के शब्द- 'इस देश की एकता और अखंडता के लिए मेरे लहू का एक-एक कतरा काम आएगा 'आज भी प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसी अंतरराष्ट्रीय महिला नेत्री की जयंती पर उन्हें स्मरण करने के साथ-साथ उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना हमारा दायित्व है।इस अवसर पर भुट्टिको के उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर, निदेशक मदन लाल, इंद्रा देवी, आत्मा राम, प्रेम सिंह, जोगध्यान, मुख्य महाप्रबंधक सूरती देवी, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, महाप्रबंधक किशन चंद, दिनेश ठाकुर, कविता ठाकुर, सहायक अभियंता अनुज ठाकुर तथा प्रबंधक मोहर सिंह, सुनील, ओम प्रकाश, मनीष, गौरव, वीना, शशी, शालिनी और ईरावती सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन पर कोई फैसला नहीं, व्यवस्था रहेगी यथावत : अनुराधा राणा

चर्चा का अर्थ प्रस्ताव पारित होना नहीं, जनता को भ्रमित कर रही अधूरी ऑडियो क्लिप

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, केलांग। सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन (प्रशासन) व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही विभिन्न चर्चाओं और अफवाहों पर लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने स्थिति स्पष्ट करते हुए लोगों से अफवाहों और उन्हें फैलाने वालों से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आधी-अधूरी बातों के जरिए जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि हकीकत इससे अलग है।

उन्होंने बताया कि यह सही है कि पिछली टीएसी की बैठक में सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन का मुद्दा चर्चा में आया था। उनके अनुसार, समय के साथ किसी भी व्यवस्था या नियम में कुछ खामियां सामने आती हैं तो उसकी कुछ विशेषताएं भी होती हैं, ऐसे में सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करना स्वाभाविक और वाजिब है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैठक में किसी विषय पर चर्चा होने का अर्थ यह नहीं है कि वह प्रस्ताव पारित हो गया है, बल्कि यह केवल चर्चा तक सीमित रहा और जिलों से इस संबंध में रिपोर्ट लेने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश जारी किए गए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद टीडी कमिश्नर ने सभी जनजातीय जिलों को पत्र भेजकर इस संदर्भ में रिपोर्ट मांगी थी, जिसे वर्तमान में विभिन्न ग्रुपों में सर्कुलेट किया जा रहा है।

विधायक के मुताबिक, इस पत्र के मद्देनजर उन्होंने तत्कालीन उपायुक्त और अतिरिक्त उपायुक्त को लाहौल-स्पीति जिले तथा विशेष रूप से स्पीति के हितों को ध्यान में रखते हुए लिखित जवाब भेजने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि तत्कालीन डीसी और एडीसी ने सभी बिंदुओं का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया कि सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन को समाप्त न करते हुए व्यवस्था में यथास्थिति बनाए रखी जाए। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि आमजन की सहमति के बिना कोई भी निर्णय ऊपर से नहीं थोपा जाएगा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ऑडियो क्लिप को लेकर भी विधायक ने स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि जिस ऑडियो क्लिप के आधार पर बातें कही जा रही हैं, वह पूरी नहीं है। उस ऑडियो में केवल व्यवस्था की कमियों से जुड़ी बातें ही शामिल हैं, जबकि इसकी विशेषताओं और सकारात्मक पक्ष को लेकर कही गई बातें उसमें से गायब हैं। अंत में उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे किसी भी तरह की अफवाहों या अधूरी जानकारी से गुमराह न हों।

◆ **कहा- अफवाहों से बचें जनता की सहमति के बिना नहीं होगा फैसला**

काठमांडू में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व विधायक रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित अमिताभा माउंटेन में बौद्ध धर्म की कारग्यू डुक्पा परंपरा का पांच दिवसीय वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने भाग लिया। सम्मेलन में भारत, भूटान, वियतनाम, कोरिया, मलेशिया, ताइवान, सिंगापुर, ऑस्ट्रिया, जर्मनी और अमेरिका सहित विश्व के विभिन्न देशों से भिक्षु, भिक्षुणियां और श्रद्धालु शामिल हुए।

सम्मेलन में भिक्षुणियों की उल्लेखनीय भागीदारी विशेष आकर्षण रही। रवि ठाकुर को पूज्य गुरुओं का सान्निध्य प्राप्त करने, उनसे शिक्षा-दीक्षा ग्रहण करने तथा पवित्र स्थल की परिक्रमा करने का अवसर मिला। सम्मेलन में नालंदा विश्वविद्यालय से हिमालयी क्षेत्रों तक प्रसारित बौद्ध दर्शन, तंत्र एवं वज्रयान परंपरा पर गहन चर्चा हुई। इसके साथ ही आचार्य धर्मकीर्ति, आचार्य दीपंकर श्रीज्ञान और आचार्य शांतिदेव की शिक्षाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। रवि ठाकुर ने कहा कि भगवान बुद्ध का शांति, करुणा, अहिंसा और मैत्री का संदेश आज संपूर्ण विश्व के लिए प्रासंगिक है। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन विभिन्न देशों के बौद्ध समुदायों को एक मंच पर लाने के साथ अपनी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के लगभग 50 देशों में बौद्ध धर्म के अनुयायी इस महान परंपरा से जुड़े हैं, इसलिए इसकी शिक्षाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा भगवान बुद्ध की विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने पिपरहवा के पवित्र अवशेषों की 127 वर्षों बाद भारत वापसी को ऐतिहासिक पहल बताया। रवि ने बताया कि उनके परिवार की 29 पीढ़ियों से बौद्ध धर्म की इस महान परंपरा से जुड़ाव रहा है। उन्होंने सम्मेलन में आमंत्रित करने और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए डुक्पा समुदाय एवं पूज्य गुरुओं का आभार व्यक्त किया।

आजादी के बाद पहली बार सड़क सुविधा से जुड़ेगा मांडग गांव

चे नाला से मांडग तक डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण शुरू, 25 लाख होंगे खर्च

अनंत ज्ञान



ब्यूरो केलांग। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मालंग पंचायत के अंतर्गत आने वाला मांडग गांव जल्द ही सड़क सुविधा से जुड़ने जा रहा है। आजादी के बाद से सड़क सुविधा से वंचित इस गांव को सड़क से जोड़ने के लिए ठोलंग के समीप चे नाला से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर लगभग 25 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

विभाग ने वीरवार को सड़क निर्माण का कार्य शुरूकिया है। जबकि जल्द ही विधायक अनुराधा राणा विधिवत रूप से भूमिपूजन कर सड़क की आधारशिला रखेंगी। इस दौरान लोक निर्माण विभाग चुनाव मंडल उदयपुर के अधिशासी अभियंता अश्वनी गुलेरिया भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि सड़क बनने से मांडग गांव के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही ठोलंग, क्रोजिंग और मालंग सहित मालंग व तांदी पंचायत के कई गांवों के किसानों को भी लाभ होगा। उधर , विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि सड़क संपर्क स्थापित होने से किसानों को अपनी नकदी फसलों और कृषि उत्पादों को मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी। वहीं, क्रोजिंग गांव को भी इस सड़क से जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। पंचायत के उप प्रधान अनिल सहगल ने कहा कि सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी है। ग्रामीणों ने इसके लिए विधायक अनुराधा राणा का आभार जताया है।

एन्शिएंट मड हाउस थंगथंग में गुरनाम भुल्लर व ईशा मालवीय के गाने की शूटिंग



अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। जनजातीय जिला लाहौल के प्रसिद्ध एन्शिएंट मड हाउस थंगथंग में इन दिनों पंजाबी अभिनेता व गायक गुरनाम भुल्लर और अभिनेत्री ईशा मालवीय के एक गाने की शूटिंग चल रही है। पारंपरिक वास्तुकला के लिए चर्चित इस ऐतिहासिक स्थल पर हो रहे फिल्मांकन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह है।लाहौल की वादियों और प्राचीन मिट्टी के घर की पारंपरिक बनावट के बीच गाने के दृश्य फिल्माए जा रहे हैं। शूटिंग के चलते थंगथंग मड हाउस परिसर में इन दिनों चहल-पहल बनी हुई है।एन्शिएंट मड हाउस थंगथंग की संचालिका सुषमा शूलिंगपा ने इस पर हर्ष जताते हुए कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि उनके परिसर में इस गाने की शूटिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय धरोहर और क्षेत्र को नई पहचान मिलती है।

डीसी ने दिए एड्स नियंत्रण के लक्ष्यों को 1 दिसंबर तक हासिल करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने 'एड्स सुरक्षा के लिए जन-सक्रियता अभियान' (एमएएस) एवं राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा निर्धारित 95:95:99 लक्ष्यों को हासिल करने तथा एचआईवी, सिफलिस और हेपेटाइटिस-बी के मां से शिशु में संक्रमण की रोकथाम की प्रगति की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1 दिसंबर, 2026 तक जिले में निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में हासिल किया जाए। इसके लिए प्रभावी एवं परिणामोन्मुख कार्ययोजना तैयार कर उसे धरातल पर सख्ती से लागू करने को कहा, ताकि कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सामने आ रही कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि नाको ने लक्ष्य प्राप्ति के आधार पर जिलों को 'सुरक्षित प्लस', 'सुरक्षित', 'सक्षम' और 'संघर्षशील' चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया है। अप्रैल 2026 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कुल्लू जिला 'संघर्षशील' श्रेणी में है। उपायुक्त ने कहा कि जिले को 'सुरक्षित' और आगे 'सुरक्षित प्लस' श्रेणी में पहुंचाने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व देखभाल के दौरान एचआईवी, सिफलिस और हेपेटाइटिस-बी की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मां से बच्चे में संक्रमण को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि एड्स की रोकथाम, जांच, उपचार और देखभाल की सुविधाएं जिले के प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचाई जाएं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और संबंधित संस्थाएं आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में जिला स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

जल्लूग्रां स्कूल की टीम राज्य स्तरीय नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, कुल्लू। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जल्लूग्रां की टीम ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एनपीईपी) नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और जिला कुल्लू का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ टीम राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। यह प्रतियोगिता 17 नवंबर 2026 को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), सोलन में आयोजित हुई, जिसमें जल्लूग्रां स्कूल की टीम ने जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व किया। विद्यार्थियों ने 'मेरा शरीर, मेरा अधिकार' विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण का संदेश दिया। एनसीईआरटी की विषयवस्तु-10 पर आधारित नाटिका में सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श की पहचान, अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता, गलत व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने तथा अभिभावकों और विश्वसनीय लोगों से मदद लेने का संदेश दिया गया। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के अभिनय, विषय की समझ और प्रभावशाली प्रस्तुति की सराहना करते हुए टीम को प्रथम स्थान प्रदान किया। विजेता टीम में कक्षा नौवीं के ट्यूलिप सोनी, पुष्पा, मोहित ठाकुर, अर्णव ठाकुर और दिगंबर महंत शामिल रहे। इस सफलता में प्रधानाचार्या भावना सागर के मार्गदर्शन के साथ नोडल अधिकारी एवं अंग्रेजी प्रवक्ता निशा कुमारी, टीजीटी (कला) ममता ठाकुर और व्यावसायिक प्रशिक्षक पंकज वर्मा का योगदान रहा। प्रधानाचार्या भावना सागर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

स्पीति के अधिकारों से नहीं होगा कोई समझौता : दोरजे नमज्ञाल



अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। भारतीय जनता युवा मोर्चा स्पीति मंडल के अध्यक्ष दोरजे नमज्ञाल ने दिसंबर 2025 में आयोजित जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक से संबंधित सामने आई ऑडियो क्लिप में सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन (एसएलए) को समाप्त करने को लेकर हुई चर्चा पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन स्पीति जैसे दुर्गम जनजातीय क्षेत्र के लिए केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस व्यवस्था को समाप्त करने से स्थानीय प्रशासनिक अधिकारों और निर्णय लेने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। दोरजे नमज्ञाल ने कहा कि यदि व्यवस्था में कमियां हैं, तो उनमें सुधार किया जाना चाहिए, लेकिन सुधार के नाम पर पूरी व्यवस्था को समाप्त करना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। उन्होंने कांग्रेस सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के नारे पर सवाल उठाते हुए कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर जनजातीय क्षेत्रों की महत्वपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था को कमजोर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा से भी इस विषय पर अपना पक्ष स्पष्ट करने की मांग की। साथ ही प्रदेश सरकार से सिंगल लाइन एडमिनिस्ट्रेशन को समाप्त करने के बजाय इसे और मजबूत बनाने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा, स्पीति मंडल जनजातीय क्षेत्रों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए इस निर्णय का लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध करेगा।

न्यूज ब्रीफ

100 पदों के लिए साक्षात्कार 25 नवंबर से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि किट्टी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, लुधियाना में ऑपरेटर के 100 पदों के लिए पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 25 से 28 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इन पदों के लिए 12वीं और आईटीआई पास, 18 से 35 वर्ष आयु के उम्मीदवार पात्र होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 20 से 32 हजार रुपए मासिक वेतन के साथ कंपनी नियमानुसार अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। साक्षात्कार 25 नवंबर को पालमपुर, 26 को नगरोटा बगवां, 27 को शाहपुर तथा 28 नवंबर को देहरा में सुबह 11 बजे होंगे। अभ्यर्थी दो फोटो, हिमाचली प्रमाणपत्र, मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्र, बायोडाटा और अनुभव प्रमाणपत्र (यदि हो) साथ लाएं। अधिक जानकारी के लिए 01892-224892 पर संपर्क करें ।

प्री-आरडी कैंप के लिए जालग स्कूल की स्वाति चयनित



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश शिक्षा निदेशालय की ओर से प्री-आरडी एनएसएस कैंप 2026-27 के लिए प्रदेशभर के 300 स्वयंसेवकों का चयन किया गया है। 24 से 28 नवंबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाहू (हमीरपुर) में आयोजित होने वाले इस शिविर में कांगड़ा जिले के 28 विद्यार्थी भाग लेंगे। इनमें शिक्षा खंड लंबागांव के जालग स्कूल की एनएसएस स्वयंसेविका स्वाति भी शामिल है। स्वाति के चयन पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार अत्री, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजीव पटियाल और शिप्रा शर्मा ने स्वाति और उसके परिजनों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आंगनबाड़ी सहायिकाओं के दो रिक्त पदों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

अनंत ज्ञान, इंदौरा। बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदौरा के अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिकाओं के दो रिक्त पदों के लिए आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 2 दिसंबर, 2026 कर दी गई है। कार्यकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीत कुमार ने बताया कि कंडवाल पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कंडवाल-2 और बरंडा पंचायत के कुटां-1 में एक-एक पद भरा जाएगा। पहले साक्षात्कार 16 नवंबर को निर्धारित था, लेकिन विधानसभा की व्यस्तता के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। अब दोनों पदों के लिए साक्षात्कार 4 दिसंबर को एसडीएम कार्यालय नूरपुर में होगा।

गढ़जमूला स्कूल में वार्षिक समारोह आयोजित, मेधावी किए सम्मानित



अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़जमूला में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्या मीनू सूद ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियां बताईं। विद्यार्थियों ने पहाड़ी नाटी, देशभक्ति गीत, समूह गान और लघु नाटिका प्रस्तुत की। विशेष अतिथि ऋषि राम भाटिया ने गरीब एवं मेधावी छात्राओं को नकद पुरस्कार दिए। अंत में मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को शिफ्ट नहीं होने देंगे : इंद्र सिंह गांधी

बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को दूसरी जगह शिफ्ट करने की चर्चाओं का विरोध करते हुए कहा कि यह संस्थान बल्ह की पहचान है और इसे किसी भी सूरत में यहां से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। 'अनंत ज्ञान ब्यूरो, राहुल सहगल' से विशेष बातचीत में इंद्र सिंह ने नेरचौक मेडिकल कॉलेज में दवाइयों की कमी, जल शक्ति विभाग की 74 करोड़ रुपए की देनदारी और पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं की बदहाली को लेकर सरकार को घेरा। पेश हैं विधायक इंद्र सिंह गांधी से विभिन्न मुद्दों पर हुई बातचीत के प्रमुख अंश-

अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को दूसरी जगह शिफ्ट करने की चर्चा है। आप इसका विरोध क्यों कर रहे हैं?

बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी क्षेत्र की पहचान बन चुकी है। इसके लिए बल्ह में 200 बीघा और दूसरी जगह 72 बीघा जमीन उपलब्ध है। ऐसे में विश्वविद्यालय को यहां से स्थानांतरित करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूनिवर्सिटी को बल्ह से बाहर ले जाने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। इसे किसी भी सूरत में क्षेत्र से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा।

नेरचौक मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आपने गंभीर आरोप लगाए हैं। आखिर वहां क्या स्थिति है?

उन्होंने मेडिकल कॉलेज की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि अस्पताल में पैरासिटामॉल और इंजेक्शन जैसी



अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

बुनियादी दवाइयां तक उपलब्ध नहीं हैं। मरीजों को जरूरी दवाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मरीजों को राहत पहुंचाने के लिए उन्हें अपनी विधायक निधि से तीन लाख रुपये खर्च कर दवाइयां उपलब्ध करवानी पड़ीं। उन्होंने सरकार से स्वास्थ्य सुविधाएं सुधारने की मांग की।

बल्ह विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग की योजनाओं को लेकर आपने 74 करोड़ रुपये का हिसाब मांगा है। पूरा मामला क्या है?

विधायक ने बग्गी डिवीजन में पेयजल योजनाओं की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस डिवीजन में 74 करोड़ रुपये की देनदारी बताई जा रही है। उन्होंने पूछा कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद पेयजल योजनाओं की हालत में सुधार क्यों नहीं हुआ? क्षेत्र के लोगों को आज भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने में परेशानी क्यों हो रही है? उन्होंने कहा कि जब योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, तो उनका लाभ आम जनता तक भी पहुंचना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग से योजनाओं की स्थिति स्पष्ट करने और लोगों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग उठाई।

सिंचाई योजनाओं के प्रभावित होने से किसानों को क्या परेशानी हो रही है?

सिंचाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होता था, लेकिन अब कई सिंचाई योजनाएं ठप पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से पाइपलाइन और चैंबर तो बनाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे किसानों को फसलों की सिंचाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधा के अभाव में किसानों की खेती प्रभावित हो रही है और उनकी आजीविका पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है।

विधायक निधि रोकने का आपने आरोप लगाया है। क्या विकास कार्यों पर इसका असर पड़ रहा है?

विधायक इंद्र सिंह गांधी ने आरोप लगाया कि विपक्षी विधायकों की विधायक निधि रोकने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से गांवों में सड़कें, रास्ते और सोलर लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं, लेकिन सरकार की ओर से निधि जारी नहीं किए जाने से इन कार्यों पर विराम लग रहा है। उन्होंने कहा कि कई विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत होने के बावजूद समय पर खर्च नहीं हो पा रही है। इसका खामियाजा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से विधायक निधि शीघ्र जारी करने की मांग की।

26 करोड़ की सड़क योजना और अन्य अधूरे विकास कार्यों को लेकर सरकार से क्या मांग है?

विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कलख से रत्ती-नेरचौक सड़क का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद कई स्थानों पर डंगे और रिटेनिंग वॉल का निर्माण अधूरा पड़ा है। इससे सड़क की सुरक्षा और आवाजाही को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने माता सड़क और नैना माता पेयजल योजना का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को जल्द पूरा कर जनता को बेहतर सड़क और पेयजल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी चाहिए।

विधानसभा सत्र में विपक्ष की भूमिका और 2027 के चुनाव को लेकर आपका क्या कहना है?

विधायक ने आरोप लगाया कि विपक्ष के सवालों को सदन में पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा। उन्होंने दावा किया कि 2027 में भाजपा 60 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी करेगी और जनता से जुड़े सभी मुद्दों पर जवाबदेही तय की जाएगी।

नशामुक्त विद्यालय पोर्टल पर दो दिन में पंजीकरण करवाएं सभी स्कूल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। नशामुक्त भारत अभियान को जिले के विद्यालयों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों को नशामुक्त विद्यालय पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के निर्देश जारी किए हैं। उप निदेशक गुणवत्ता एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा भाग सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर सभी विद्यालय प्रमुखों को कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा है।

आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक और निजी विद्यालयों का नशामुक्त विद्यालय पोर्टल पर दो दिनों के भीतर पंजीकरण सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए सभी बीपीओ, बीईईओ और बीआरसीसी कार्यालयों के कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र के प्रधानाचार्यों एवं मुख्याध्यापकों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई पूरी करवाने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पंजीकरण पूरा होने के बाद प्रत्येक विद्यालय पोर्टल से प्राप्त प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सुरक्षित रखेगा, ताकि भविष्य में रिकॉर्ड और निगरानी में सुविधा रहे। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नहीं करने को गंभीरता से लिया जाएगा। अभियान की जिला स्तरीय निगरानी की जिम्मेदारी डॉ. संजय कुमार, जिला समन्वयक, ड्रग एब्यूज प्रिवेंशन प्रोग्राम, डीआईईटी कांगड़ा को सौंपी गई है। वह पंजीकरण की प्रगति पर नजर रखेंगे। भाग सिंह ने सभी अधिकारियों एवं विद्यालय प्रमुखों से शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और विद्यालयों में स्वस्थ एवं नशामुक्त वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी।

शाहपुर में मकान से 355 ग्राम चरस और 23,410 रुपए बरामद

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। थाना शाहपुर पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हाड़ा गांव में एक रिहायशी मकान से 355 ग्राम चरस और 23,410 रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर की गई तलाशी के दौरान मिली।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि हाड़ा गांव निवासी 29 वर्षीय नितिन पुत्र नंद किशोर कथित तौर पर मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने उसके रिहायशी मकान में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान मकान के एक कमरे में रखी लकड़ी की अलमारी की तलाशी लेने पर उसमें से 355 ग्राम चरस और 23,410 रुपए नकद बरामद हुए। पुलिस ने बरामद चरस और नकदी को अपने कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नितिन गांव हाड़ा, वार्ड नंबर चार, डाकघर एवं तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा का निवासी है। मामले में बरामद सामग्री के संबंध में आवश्यक जांच की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा। वहीं, मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है।

◆ 29 वर्षीय युवक के घर में पुलिस ने की छापेमारी

नशे से दूर रखने के लिए युवाओं को क्विज से जोड़ रही पंजाब सरकार : लाल चंद

अनंत ज्ञान



अशोक ठाकुर, पठानकोट। पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारुचक ने श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'पंजाब दा करोड़पति' के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर श्री साई ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज, प्रिंसिपल, स्टाफ और विद्यार्थियों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। मंत्री ने बताया कि पंजाब दा करोड़पति मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की ओर से युवाओं के ज्ञान, प्रतिभा और सामान्य ज्ञान को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई विशेष क्विज प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता प्रसिद्ध टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य युवाओं को पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रेरित करना, नशे से दूर रखना तथा उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करना है। प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के विजेता को एक करोड़ रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा चार उपविजेताओं को 10-10 लाख रुपए, आठ प्रतिभागियों को 5-5 लाख रुपए तथा विभिन्न चरणों में 10 हजार से अधिक युवाओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता कुल 11 राउंड में होगी, जिसमें नौ ऑनलाइन और दो ऑफलाइन राउंड जिला स्तर तथा ग्रैंड फिनाले के होंगे। प्रश्न पंजाब के इतिहास, भूगोल, कला, संस्कृति, भाषा, विरासत और सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे। कार्यक्रम में सूरज ठाकुर, रणजीत सिंह, डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, डॉ. नवदीप सांवल, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. दीपक शर्मा, संजय पंडित, मुकेश गुप्ता, सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा और हरहोमिंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

खुले में बीड़ी-सिगरेट बेचने पर वसूला 27,600 रुपए जुर्माना

अनंत ज्ञान

चंबा। युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने और तंबाकू नियंत्रण कानूनों की पालना सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने चंबा में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं मानक विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने चंबा बाजार और आसपास के क्षेत्रों में दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खुले में बीड़ी-सिगरेट बेचने, बिना पंजीकरण तंबाकू उत्पादों की बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान सहित विभिन्न उल्लंघनों पर चालान किए गए। कार्रवाई के दौरान कुल 27,600 रुपये जुर्माना वसूला गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज के दिशा-निर्देशों पर की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू उत्पादों की आसान उपलब्धता से बचाना और सार्वजनिक स्थानों को धूम्रपान मुक्त बनाना रहा। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री से संबंधित नियमों की जानकारी भी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करन हितैषी ने बताया कि तंबाकू उत्पादों के अप्रत्यक्ष विज्ञापन और खुले में बीड़ी-सिगरेट बेचने के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश अधिनियम, 2016 की धारा 3 तथा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (ष्टह्व क्क) की धारा 6ए के तहत उल्लंघन करने वालों के चालान कर जुर्माना वसूला गया। उन्होंने कहा कि जिले में तंबाकू नियंत्रण कानूनों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए विभागीय निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। इस संयुक्त निरीक्षण अभियान में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करन हितैषी, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक विभाग चंबा दीपक आनंद तथा पुलिस विभाग से मंजीत धीमान शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि युवाओं को नशे और तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से बचाना तथा समाज में जागरूकता बढ़ाना है।

दर्जनों पंचायतों की कनेक्टिविटी पर मंडराया खतरा, विभागीय अनदेखी से लोगों में रोष

रावी नदी में समा रही चूड़ी-लिल्ह सड़क

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। चूड़ी-लिल्ह संपर्क सड़क मार्ग पर चूड़ी जीरो से चूड़ी पुल तक करीब 100 मीटर हिस्से का अस्तित्व खतरे में है। गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के दौरान सड़क का बड़ा हिस्सा रावी नदी में धंसने के बाद यह मार्ग लगातार संकरा होता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि यहां से गुजरना वाहन चालकों और राहगीरों के लिए जोखिम भरा बन गया है। बावजूद इसके, करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क को सुरक्षित बनाने के लिए स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। अब स्थानीय लोगों ने किसी बड़े हादसे से पहले प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग उठाई है।

चूड़ी-लिल्ह सड़क मार्ग केवल एक संपर्क सड़क नहीं, बल्कि राड़ी, भटवाड़ा, प्रीणा, गांण, किलोड़, कुनेड़, कलमला और गुराड़ समेत दर्जनों पंचायतों के लोगों की आवाजाही का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रतिदिन सैकड़ों वाहन, राहगीर और स्कूली विद्यार्थी इसी रास्ते से गुजरते हैं। सड़क का लगातार धंसना अब इन पंचायतों की सड़क कनेक्टिविटी के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बन गया है। यदि समय रहते मरम्मत और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

एनएचपीसी कार्यालय के चंद कदमों पर सड़क बदहाल



हैरानी की बात यह है कि जल विद्युत परियोजना चमेरा-3 के अधीन आने वाला यह सड़क हिस्सा एनएचपीसी कार्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित है, लेकिन लंबे समय से इसकी हालत में सुधार नहीं हो पाया है। सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण वाहनों की आवाजाही बेहद जोखिमपूर्ण हो गई है। विशेषकर चूड़ी जीरो का संकरा मोड़ दुर्घटनाओं की आशंका को और बढ़ा रहा है।

बसों की आवाजाही और स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर सवाल

इस मार्ग पर चंबा-धरवाला-लिल्ह रूट पर निजी बसों सहित सैकड़ों वाहनों की आवाजाही रहती है। बसों को चूड़ी जीरो के संकरे मोड़ से गुजरना पड़ता है, जहां सड़क का एक हिस्सा पहले ही रावी नदी की ओर धंस चुका है। ऐसे में थोड़ी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थिति में वाहन चालकों के साथ-साथ रोजाना स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। इसके अतिरिक्त धरवाला में पर्याप्त पार्किंग सुविधा न होने के कारण कई टैक्सी चालक चूड़ी जीरो स्थित बस स्टॉप के आसपास अपने वाहन खड़े कर सवारियों का इंतजार करते हैं। मजबूरी में उन्हें भी इसी संकरे और क्षतिग्रस्त हिस्से में वाहन खड़े करने पड़ते हैं, जिससे यातायात का जोखिम और बढ़ जाता है।

क्या कहते हैं लोग?





स्थानीय निवासी अनित कुमार का कहना है कि गत वर्ष की प्राकृतिक आपदा के बाद से सड़क बेहद संकरी हो चुकी है। लगातार विभागीय अनदेखी वाहन चालकों और राहगीरों पर भारी पड़ सकती है। किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय समय रहते सड़क की मरम्मत और सुरक्षा के इंतजाम किए जाने चाहिए। वहीं, टैक्सी चालक राजेंद्र कुमार ने कहा कि सड़क के धंसते हिस्से पर कंक्रीट की सुरक्षा दीवार का निर्माण बेहद जरूरी है, ताकि रावी नदी के तेज बहाव से हो रहे कटाव को रोका जा सके। यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो दर्जनों पंचायतों की कनेक्टिविटी प्रभावित होने का खतरा पैदा हो सकता है। अब सवाल यह है कि क्या संबंधित विभाग किसी बड़े हादसे से पहले इस सड़क की सुध लेगा, या फिर दर्जनों पंचायतों को जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग यूं ही नदी के कटाव की भेंट चढ़ता रहेगा?

यूनिफाइड गेम्स में विशेष बच्चों ने दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान, चंबा। समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सरू, चंबा द्वारा हरिपुर ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय यूनिफाइड गेम्स-2026 का उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। प्रतियोगिता में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने पूरे जोश, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ भाग लेकर साबित किया कि प्रतिभा किसी शारीरिक सीमा की मोहताज नहीं होती, जरूरत केवल अवसर और प्रोत्साहन की होती है। समापन समारोह में पूर्व जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा सुमन कुमार मिन्हास ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि वर्तमान जिला परियोजना अधिकारी उपमा शर्मा और ग्राम पंचायत सरोल के प्रधान गुरदेव सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभागी बच्चों के आकर्षक मार्च पास्ट और मुख्य अतिथि को सलामी देने के साथ हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन और डाइट सरू की प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने समारोह को गरिमामय बनाया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सुमन कुमार मिन्हास ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिह्न और ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा, उत्साह और आगे बढ़ने का जज्बा ही इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। प्रत्येक बच्चे में कुछ विशेष करने की क्षमता होती है। जरूरत उन्हें सही अवसर और प्रोत्साहन देने की है। उन्होंने बच्चों से आत्मविश्वास बनाए रखने और जीवन में कभी हार न मानने का आह्वान किया।

चार साल की 'मौन साधना' के बाद विधानसभा में गरजेंगे डलहौजी के विधायक : मनीष सरीन

सामाजिक कार्यकता ने विधायक पर की व्यंग्यात्मक टिप्पणी

अनंत ज्ञान

डलहौजी। सामाजिक कार्यकर्ता एवं वर्ष 2022 के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे मनीष सरीन ने धर्मशाला में चल रहे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर डलहौज़ी के विधायक पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि चार वर्षों की लंबी राजनीतिक मौन साधना, विधानसभा के तमाम सत्रों का अनुभव और सदन की कार्यवाही को करीब से देखने के बाद अब विधायक महोदय ने भी यह सीख लिया होगा कि विधानसभा में जनता के मुद्दे कैसे उठाए जाते हैं।



सरीन ने व्यंग्य करते हुए कहा कि डलहौज़ी की जनता इस बार अपने विधायक को लेकर बेहद उत्साहित है। आखिर चार साल का लंबा इंतज़ार भी कोई छोटी बात नहीं है! जनता को पूरी उम्मीद है कि इस बार उनके विधायक अपने वरिष्ठ नेताओं और राजनीतिक आकाओं से बोलने की अनुमति लेकर सदन में अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन करेंगे। उम्मीद है कि इस बार उन्हें केवल सदन में उपस्थित रहने और कार्यवाही देखने तक ही सीमित नहीं रहना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार डलहौज़ी के विधायक अपने क्षेत्र के मुद्दों को लेकर सरकार की ऐसी क्लास लगाएंगे कि मंत्रियों को भी जवाब देना मुश्किल हो जाएगा। सबसे पहले वर्षों से लंबित एयरस्ट्रिप और वाटर एयरोड्रम की मांग पर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। इसके बाद रोपवे परियोजना, पर्यटन विकास, सड़कों की बदहाली, अस्पतालों में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा संस्थानों में रिक्त पदों और युवाओं के भविष्य जैसे मुद्दों पर एक के बाद एक सवाल उठाए जाएंगे।

सरीन ने कहा कि डलहौज़ी की जनता को अपने इस योद्धा से बहुत उम्मीदें हैं। मुझे तो लगता है कि इस बार सरकार को भी सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि डलहौज़ी का शेर अब पूरी तैयारी के साथ विधानसभा में दहाड़ने वाला है। चार साल के अनुभव के बाद अब शायद वह समय आ गया है जब उनकी आवाज सदन में भी सुनाई देगी। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जनता को उम्मीद है कि इस बार विधायक महोदय को अपने क्षेत्र के मुद्दों पर बोलने के लिए किसी विशेष अनुमति की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आखिरकार जनता ने उन्हें विधानसभा में अपनी आवाज बनाकर भेजा है, केवल सदन की कार्यवाही देखने के लिए नहीं।

विधानसभा विधायक डीएस ठाकुर ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाए क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दे

डलहौजी के सरकारी स्कूलों में शुरू हो सीबीएसई पाठ्यक्रम

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, डलहौजी। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में विधायक डीएस ठाकुर ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में क्षेत्र की जनता से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकारी स्कूलों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पाठ्यक्रम में अपग्रेड करने तथा सलूणी में प्रस्तावित नागरिक अस्पताल के नए भवन के निर्माण को लेकर सदन में सवाल रखे।

इन दोनों मुद्दों के माध्यम से उन्होंने सरकार का ध्यान क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों और भविष्य की विकास संबंधी अपेक्षाओं की ओर आकर्षित किया। विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में किसी भी तरह की असमानता का सामना नहीं करना पड़ना चाहिए। डलहौजी क्षेत्र के सरकारी स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम से जोड़ने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र के बच्चों को ऐसी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाना है, जिससे वे बड़े शहरों के विद्यार्थियों के साथ हर स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

सलूणी अस्पताल के नए भवन का मुद्दा भी उठाया



स्वास्थ्य सुविधाओं के मुद्दे पर विधायक ने सलूणी में बनने वाले नागरिक अस्पताल के नए भवन के निर्माण कार्य को सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि सलूणी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं बेहद जरूरी हैं। अस्पताल के नए भवन का निर्माण क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और आम जनता को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। विधायक डीएस ने कहा कि डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव होते हैं। इसलिए इन दोनों क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में उठाकर उनके समाधान की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डलहौजी के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और क्षेत्र की आवाज को सदन तक पहुंचाने का उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

1500 रुपए प्रति माह न देकर कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की महिलाओं से की वादाखिलाफी

अनंत ज्ञान धर्मशाला/चंबा। हिमाचल प्रदेश में महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की गारंटी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान धर्मशाला के जोरावर मैदान में गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा के विशाल धरना-प्रदर्शन में डलहौजी के विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डीएस ठाकुर ने भाग लेते हुए कांग्रेस सरकार पर महिलाओं से वादाखिलाफी और उनके विश्वास के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की उपस्थिति में आयोजित इस प्रदर्शन में भाजपा नेताओं और महिला मोर्चा ने महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने की चुनावी गारंटी को लेकर सरकार को घेरा। डीएस ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान प्रदेश की मातृशक्ति को हर महीने 1500 रुपये देने का वादा कर सत्ता हासिल की, लेकिन सरकार के कार्यकाल के चार व

न्यूज ब्रीफ

गगरेट में रानी लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों ने शहीद स्मारक में महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। क्लब प्रधान मुनीष ठाकुर ने उनके जीवन और वीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस से संघर्ष किया और 18 जून 1858 को देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका शौर्य और पराक्रम सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। इस अवसर पर अशोक वैद, राजेश वैद, अमृतपाल सिंह, नवदीप भारद्वाज, जनक शर्मा, राज भाटिया और शम्मी सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



पत्रकार यूनियन ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

अनंत ज्ञान, बंगाणा। हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने संगठन के नाम, पहचान और प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर कथित भ्रामक जानकारी फैलाने तथा नाम के दुरुपयोग पर सख्त रुख अपनाया है। प्रदेश अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य की अध्यक्षता में हुई ऑनलाइन आपात बैठक में संबंधित लोगों को 15 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने का अवसर देने का निर्णय लिया गया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अधिवक्ता के माध्यम से कानूनी नोटिस जारी किए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि यूनियन वर्ष 2025 में निर्धारित प्रक्रिया के तहत द्विवार्षिक चुनाव करवा चुकी है। 21 नवंबर को भोटा में होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक में आगामी कार्रवाई पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। पदाधिकारियों ने संगठन की एकता और संवैधानिक पहचान बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

विवेक शर्मा ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ के विधायक एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता विवेक शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन देश की एकता, अखंडता और विकास के प्रति समर्पित रहा। उनके साहसिक नेतृत्व और दूरदर्शी फैसलों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान मजबूत की। विवेक शर्मा ने कहा कि 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में उनका नेतृत्व और बैंकों का राष्ट्रीयकरण जैसे ऐतिहासिक फैसले देश के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। गरीबों, किसानों और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनके प्रयास हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का राष्ट्रसेवा का जज्बा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

इंदिरा गांधी का योगदान हमेशा रहेगा याद : देशराज



अनंत ज्ञान, ऊना। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की 109वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी ऊना ने शोभित आईटीआई परिसर में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष देशराज गौतम के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। देशराज गौतम ने कहा कि इंदिरा गांधी को लौह महिला के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ नेतृत्व का परिचय देते हुए देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका साहस, संकल्प और राष्ट्रसेवा भारतीय इतिहास की अमिट धरोहर है। उन्होंने कहा कि उनके विचार और आदर्श आज भी प्रेरणा देते हैं। जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलते हुए जनसेवा और राष्ट्रसेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष योगेंद्र मिनहास, महासचिव दिलबाग सिंह, पूर्व प्रधान छोटेलाल, कैप्टन धर्मपाल, महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सीमा, पंकज शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रवीण, सर्वजीत संधू और शिव कुमार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ऊना में प्राकृतिक मक्की की खरीद शुरू पहले दिन 74.40 क्विंटल हुई खरीद

16 किसानों को मिला लाभ, सरकार ने 50 रुपए प्रति किलो तय किया समर्थन मूल्य

अनंत ज्ञान

ऊना। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला ऊना में प्राकृतिक मक्की की खरीद शुरू हो गई है। कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के तहत पहले दिन 16 किसानों से कुल 74.40 क्विंटल मक्की खरीदी गई। इसमें ऊना व हरोली ब्लॉक से 26.20 क्विंटल और अंब ब्लॉक से 48.20 क्विंटल मक्की शामिल है।



प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य 50 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है। इसके अलावा प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं का समर्थन मूल्य 80 रुपए और कच्ची हल्दी का 150 रुपए प्रति किलोग्राम तय किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मक्की बेचने वाले किसानों को उपज की रसीदें प्रदान की गई हैं तथा भुगतान राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी।

आत्मा परियोजना ऊना की निदेशक प्यारो देवी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 नवंबर को बंगाणा ब्लॉक और 20 नवंबर को गगरेट ब्लॉक के किसानों से टकारला मंडी में प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की की खरीद की जाएगी। इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक शामली गुप्ता, ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक सोनिया कुमारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रियंका शर्मा, ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक अंकुश शर्मा और सहायक तकनीकी प्रबंधक शिवांक सहित अन्य उपस्थित रहे।

बंगाणा में वॉलीबॉल प्रतियोगिता सफल, राणा ने जताया आभार

अनंत ज्ञान, बंगाणा। हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के राज्य महासचिव मदन राणा ने बंगाणा में लगातार दूसरी बार आयोजित तीन दिवसीय जूनियर राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों, पदाधिकारियों, कोच, रेफरी, आयोजन समिति और स्थानीय जनता के सहयोग से प्रतियोगिता यादगार बनी।



मदन राणा ने भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से प्रदेश में वॉलीबॉल को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का लक्ष्य युवाओं को खेलों से जोड़ना और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है। खेल युवाओं में अनुशासन, मेहनत और टीम भावना विकसित करते हैं।

ऊना के बंद पड़े 10 गोसदन फिर होंगे शुरू : अरुण पटियाल

अनंत ज्ञान



विवेक शर्मा, अंब। जिला ऊना में बेसहारा गोवंश को सुरक्षित आश्रय देने के लिए बंद पड़े 10 गोसदनों को दोबारा शुरू करने की कवायद तेज हो गई है। हिमाचल प्रदेश गोसेवा आयोग के चेयरमैन अरुण पटियाल ने ग्राम पंचायत अपर बहडाला स्थित लंबे समय से बंद गोसदन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पशुपालन विभाग, जिला प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ गौसदन को दोबारा शुरू करने पर चर्चा की।

◆ गोसेवा आयोग के चेयरमैन ने किया बहडाला गोसदन का निरीक्षण, सारांश गर्ग फाउंडेशन को संचालन के लिए पंचायत ने दी एनओसी

इस मौके पर ग्राम पंचायत अपर बहडाला ने गोसदन के संचालन के लिए सारांश गर्ग फाउंडेशन को अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी किया है। पंचायत की 24 सितंबर 2026 को हुई बैठक में निर्धारित शर्तों के तहत संचालन की अनुमति देने का प्रस्ताव पारित किया गया। अरुण पटियाल ने कहा कि जिले के करीब 10 बंद गोसदनों को दोबारा शुरू करने से बेसहारा गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा। इससे किसानों को फसलों के नुकसान और सड़कों पर घूमते पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से भी राहत मिल सकती है। उन्होंने सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों से गौसेवा के लिए आगे आने की अपील की। आयोग का प्रयास है कि प्रत्येक बेसहारा पशु को सुरक्षित आश्रय, पर्याप्त चारा, स्वच्छ पानी और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। इसके लिए पंचायतों, प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के बीच समन्वय मजबूत किया जाएगा।



राष्ट्रीय एथलेटिक्स में बसाल के कृष्णा ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान

ऊना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसाल के प्लस वन विज्ञान संकाय के छात्र कृष्णा शर्मा ने मध्य प्रदेश के शिवपुरी में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और हिमाचल का नाम रोशन किया। हिमाचल प्रदेश में उन्होंने 18वां स्थान प्राप्त किया। उपलब्धि के बाद विद्यालय पहुंचने पर उनका ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने कृष्णा को बधाई देते हुए उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना की। उन्होंने सफलता का श्रेय कृष्णा के माता-पिता, प्रशिक्षक एवं डीपीई राजेश शर्मा तथा विद्यालय के अध्यापकों को दिया। इस अवसर पर छात्रा दिव्या को भी सम्मानित किया गया। दिव्या ने नूरपुर में आयोजित ओपन मैराथन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय परिवार ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

पंचभीष्म पर्व एवं कोटि गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए मुकेश अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान

ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कुटलैहड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद धाम, नारी में आयोजित पंचभीष्म पर्व एवं कोटि गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए। 17 से 24 नवंबर तक चल रहे इस धार्मिक आयोजन में उन्होंने पवित्र अखंड धूने के समक्ष शीश नवाया और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने डेरा के अधिष्ठाता हेमानंद महाराज के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया।



◆ डेरा बाबा रुद्रानंद धाम नारी में माथा टेककर लिया आशीर्वाद

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वह बड़े महाराज वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज के समय से ही इस महायज्ञ में शामिल होते रहे हैं। उन्होंने आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से विद्वान और पंडित इस महायज्ञ में पहुंचे हैं। 24 नवंबर को इसकी पूर्णाहुति होगी, जिसमें वह दोबारा शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि डेरा बाबा रुद्रानंद धाम उत्तर भारत का प्रमुख तीर्थस्थल है। यहां स्थित पवित्र धूने के दर्शन और आशीर्वाद के लिए हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यह स्थल लोगों की गहरी आस्था और श्रद्धा का केंद्र है।

आम आदमी पार्टी आज विधानसभा का करेगी घेराव : डॉ. सुमित पुन्याल

अनंत ज्ञान, बंगाणा/हमीरपुर। कांग्रेस सरकार की चुनावी गारंटियों और कथित वादाखिलाफी के खिलाफ आम आदमी पार्टी 20 नवंबर को धर्मशाला में विधानसभा का घेराव करेगी। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया करेंगे। इसमें हमीरपुर लोकसभा प्रभारी छाया तिवारी सहित प्रदेशभर से पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान महिलाओं को 1500 रुपए मासिक सहायता, युवाओं को रोजगार और कर्मचारियों के हितों की रक्षा सहित कई गारंटियां दी थीं, लेकिन जनता को अब तक इनका पूरा लाभ नहीं मिला है। हमीरपुर लोकसभा प्रभारी छाया तिवारी ने कहा कि महिलाएं, युवा और कर्मचारी सरकार से अपने वादों का हिसाब मांग रहे हैं। आम आदमी पार्टी इन मुद्दों को मजबूती से उठाएगी।

डॉ. सुमित पुन्याल ने कहा कि यह आंदोलन जनता के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा घेराव में शामिल होने के लिए हमीरपुर जिले से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता धर्मशाला पहुंचेंगे। पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

देश के लिए इंदिरा गांधी का योगदान अविस्मरणीय : धर्माणी

देश की पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर पड़यालग में महिला कांग्रेस ने करवाया महिला सम्मेलन

अनंत ज्ञान

बिलासपुर। देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के पड़यालग में महिला कांग्रेस की ओर से महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान 'इंदिरा अमर रहे' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक जीवन में अनेक कठिन परिस्थितियों का सामना किया, लेकिन राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा उनके नेतृत्व की सबसे बड़ी विशेषता रही। वर्ष 1969 में 14 प्रमुख बैंकों का राष्ट्रीयकरण, वर्ष 1971 में प्रिवी पर्स की समाप्ति, भारत-पाकिस्तान युद्ध में ऐतिहासिक विजय और बांग्लादेश के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय, हरित क्रांति को प्रोत्साहन तथा वर्ष 1974 में पोखरण में भारत का पहला परमाणु परीक्षण उनके कार्यकाल के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णय और उपलब्धियां रहे।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का साहसिक नेतृत्व, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाएं परिवार के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों, गांव के विकास, स्वच्छता, सांस्कृतिक संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता में भी सक्रिय योगदान दे रही हैं। महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। वर्तमान सरकार महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सम्मेलन में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष तृप्ता ठाकुर, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरला, निर्मला राजपूत सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, महिला कांग्रेस पदाधिकारी और क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

11 दिसंबर को शुरू होगी मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार आगामी 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना शुरू करेगी। इस योजना के तहत चयनित परिवारों की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही पात्र परिवारों को प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली तथा 10 लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

चोखना स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाया कानून का पाठ

अनंत ज्ञान



बिलासपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के सौजन्य से नालसा की डॉन ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेवीगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया (नशा जागरूकता एवं नशा मुक्त भारत के लिए कल्याण मार्गदर्शन) पहल के अंतर्गत बुधवार को राजकीय उच्च विद्यालय चोखना, जिला बिलासपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, कानूनी अधिकारों एवं विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर की ओर से उपस्थित सिविल जज एवं अन्य अधिवक्ताओं ने विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बच्चों को विशेष रूप से पॉक्सो अधिनियम के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि यह कानून बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा के कानूनी प्रावधानों तथा किसी भी प्रकार के शोषण या अपराध की स्थिति में शिकायत दर्ज करवाने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके पारिवारिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। युवावस्था में नशे की लत भविष्य को अंधकारमय बना सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच रखें: डॉ. आरुषि

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। एमएसएस देश में आयोजित एनएसएस शिविर के दूसरे दिन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर आरुषि शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को अवसाद (डिप्रेशन), चिंता (एंग्जायटी) तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को समझाया कि जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए और अपने बारे में अच्छा विचार करना चाहिए। हमें स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए, क्योंकि हम जैसा सोचते हैं, धीरे-धीरे वैसे ही बनते जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को हर परिस्थिति में सकारात्मक रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने और जीवन की चुनौतियों का हिम्मत से सामना करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य चमन पुरी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अश्विनी गौतम तथा श्सरोज धीमान भी उपस्थित रहीं।

महिलाओं का सम्मान व सशक्तीकरण कांग्रेस की राजनीतिक सोच का अभिन्न हिस्सा: तृप्ता

अनंत ज्ञान बिलासपुर। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष तृप्ता ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि यदि महिलाओं को शक्ति और अवसर प्रदान किए जाएं तो वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने दृढ़ नेतृत्व और साहसिक निर्णयों से पूरे विश्व का भूगोल बदल दिया था। पाकिस्तान से अलग बांग्लादेश के निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने महिलाओं के त्याग, समर्पण और संघर्ष को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाओं ने हमेशा समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर प्रतीक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान 21 अक्तूबर, 2026 से 21 जनवरी, 2027 तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला के विभिन्न क्षेत्रों में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों और जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से लोगों को बाल-विवाह के दुष्परिणामों और इसकी रोकथाम के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इसमें बच्चों, किशोर-किशोरियों, युवाओं, अभिभावकों और ग्रामीण समुदायों को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है। वहीं लोगों को बताया जा रहा है कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ उनकी शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास को भी प्रभावित करता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत यह निषिद्ध है तथा इसके आयोजन, संपादन और प्रोत्साहन में शामिल लोगों के लिए दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं। साथ ही बाल विवाह रोकने के लिए उपलब्ध कानूनी उपायों और जरूरतमंदों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

मध्यस्थता से मामलों का होगा निपटारा

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव (सीनियर सिविल जज) प्रतीक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अदालतों में लंबित मामलों को मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति से निपटाने के लिए 'मेडिएशन फॉर दी नेशन 3.0' अभियान आरंभ किया गया है। इस अभियान का लाभ उठाने के लिए संबंधित अदालतों में आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अदालतों में कई मामले लंबे समय तक लंबित रहते हैं, जिससे दोनों पक्षों का बहुमूल्य समय और धन खर्च होता है। इससे बचने के लिए मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति एक अच्छा माध्यम हो सकता है। यदि कोई पक्ष इस अभियान के तहत अपने मामले का निपटारा करवाना चाहता है, तो वह संबंधित अदालत में आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस के मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, बीमा और जमीनी विवाद इत्यादि से संबंधित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निपटाया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-221452 पर संपर्क किया जा सकता है या अपने वकील के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है

कांग्रेस सरकार के 4 वर्ष के कार्यकाल में कदम-कदम पर भ्रष्टाचार : कटवाल

विधानसभा में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर काम रोको प्रस्ताव के पक्ष में बोले विधायक

अनंत ज्ञान

बिलासपुर। झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को जमकर घेरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के 4 वर्ष के कार्यकाल में कदम-कदम पर भ्रष्टाचार हुआ है। जनता का ध्यान इस ओर से भटकाने के लिए अब अपने राजनीतिक आकाओं की तर्ज पर संविधान, वोट चोरी और एसआईआर का राग अलापा जा रहा है। इस सरकार की हालत ऐसी है कि न तो मुंह में दांत हैं और न ही पेट में आंत, लेकिन बातें लोहे के चने चबाने की हो रही हैं।

भ्रष्टाचार की परिभाषा अपने हिसाब से बनाने से बात बनने वाली नहीं है। प्रदेश की जनता में कांग्रेस सरकार के खिलाफ अत्याधिक रोष है। सरकार रिपीट करना तो दूर, कहीं ऐसा न हो कि अगले साल बजट के बाद ही उसे झोला उठाकर भागना पड़े। विधानसभा में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर काम रोको प्रस्ताव के पक्ष में चर्चा में भाग लेते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 4 वर्षों में कई बड़े कारनामे किए हैं। उसने तो ट्रेजरी तक अपने पास रख ली है। विभिन्न मदों का पैसा डायवर्ट करके उसे वेतन-पेंशन के भुगतान समेत दूसरे कार्यों पर खर्च किया जा रहा है। इसमें केंद्र से विभिन्न योजनाओं के तहत आने वाला पैसा भी शामिल है। बड़े ठेकेदारों का करोड़ों रुपये का भुगतान हो रहा है, लेकिन छोटे ठेकेदारों की तो कमर तोड़ दी गई है।

आपदा में क्षतिग्रस्त हुए मकानों के एवज में पात्र प्रभावितों को राहत देने के बजाए चहेतों को पैसा बांट दिया गया। बैकवर्ड एरिया का बजट तक खत्म कर दिया गया। यह भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या है। इस सरकार ने तो विधायकों को भी नहीं छोड़ा। विधायक निधि और ऐच्छिक निधि पर भी आए दिन मनमाने ढंग से रोक लगा दी जाती है।

झंडूता विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कुछ मुद्दे सदन में रखते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि सरहयाली खड्ड में पेयजल स्रोत रिचार्ज करने के लिए 3 किलोमीटर खड्ड की खुदाई कर दी गई। वहां से निकली पत्थर, रेत व बजरी जैसी सामग्री ऊंची दरों पर बेच दी गई। री-रड़ोह पुल 4 साल पहले बनकर तैयार हो चुका है। सरकार द्वारा बजट नहीं देने के कारण उसके अप्रोच रोड नहीं बन पा रहे हैं।

पानी डायवर्ट करने के नाम पर वहां भी पत्थर, रेत व बजरी के लगभग 1000 ट्रक निकालकर बेच दिए गए। खनन विभाग से लेकर जिला प्रशासन तक के सभी अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहे। संज्ञान में लाने के बावजूद सरकार भी चुप रही।

उद्घाटन के तीन माह बाद भी घुमारवीं अस्पताल के नए भवन में सुविधा नहीं

भवन के आपातकालीन और आंतरिक वार्ड पर लटका ताला

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के दावों के बीच घुमारवीं अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अस्पताल में करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किए गए नए भवन के आपातकालीन और आंतरिक वार्ड पर उद्घाटन के तीन माह बाद भी ताला लटका हुआ है। हैरानी की बात यह है कि भवन का उद्घाटन होने के बावजूद इसे मरीजों की सुविधा के लिए शुरू नहीं किया जा सका है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब भवन तैयार है और उसका उद्घाटन भी हो चुका है तो आखिर मरीजों को इसका लाभ देने में देरी क्यों हो रही है। एक ओर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं के विस्तार और बेहतर उपचार व्यवस्था के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर घुमारवीं अस्पताल में तैयार नया भवन इस्तेमाल में नहीं आ रहा है। अस्पताल में उपचार करवाने पहुंचने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को उम्मीद थी कि नए भवन के शुरू होने से उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विशेषकर आपातकालीन स्थिति में मरीजों को राहत मिलेगी और अस्पताल में बिस्तरों की उपलब्धता बढ़ेगी। लेकिन उद्घाटन के तीन माह बीत जाने के बाद भी यह उम्मीद हकीकत में नहीं बदल पाई है। अस्पताल के नए भवन में आपातकालीन और आंतरिक वार्ड की व्यवस्था की गई है। इन वार्डों के शुरू होने से अस्पताल में आने वाले मरीजों को उपचार के लिए बेहतर स्थान और सुविधाएं मिलने की उम्मीद थी। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि वार्डों के दरवाजों पर ताले लटके हुए हैं। भवन का उद्घाटन होने के बाद लोगों को लगा था कि जल्द ही यहां स्वास्थ्य सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी, मगर तीन माह बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों और कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। आखिर उद्घाटन से पहले वार्डों को मरीजों के लिए पूरी तरह तैयार क्यों नहीं किया गया। क्या भवन में जरूरी उपकरणों, फर्नीचर, स्टाफ अथवा अन्य व्यवस्थाओं की कमी है। यदि कोई तकनीकी या प्रशासनिक अड़चन है तो उसे दूर करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं।



सोलन कांग्रेस ने इंदिरा गांधी को जयंती पर किया याद



अनंत ज्ञान

सोलन। जिला कांग्रेस कमेटी सोलन की ओर से बुधवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही देश के विकास, मजबूती और एकता के लिए उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष वर्मानी, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष पुनीत शर्मा, सोलन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित ठाकुर, जिला महासचिव बलदेव ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार, जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा, शहरी संगठन महासचिव विजय पुरी, दिनेश कश्यप, राकेश पंत और उमेश शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर शहरी कांग्रेस अध्यक्ष पुनीत शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी का देश के विकास और मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व, दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी फैसलों से भारतीय राजनीति में अलग पहचान बनाई। उनका जीवन देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कृषि एवं औद्योगिक विकास को गति देने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने भारत की मजबूत पहचान स्थापित करने में योगदान दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उनके विचार और देशहित में किए गए कार्य आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका साहसिक नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव याद किया जाएगा।

भाजपा राजनीति छोड़ विकास कार्यों में सहयोग करे : अमित ठाकुर

बोले, स्वास्थ्य मंत्री पर भाजपा के आरोप हास्यास्पद, शांडिल ने सोलन को दी कई विकास परियोजनाएं

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। सोलन में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा की ओर से किए गए धरना-प्रदर्शन के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित ठाकुर ने पलटवार किया है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल पर भाजपा की ओर से लगाए जा रहे आरोपों को हास्यास्पद करार देते हुए कहा कि शांडिल ने सोलन विधानसभा क्षेत्र को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। उनके कार्यों से क्षेत्र की जनता भली-भांति परिचित है।

अमित ठाकुर ने कहा कि डॉ. शांडिल पिछले 15 वर्षों से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। न्यू कथेड़ में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके अलावा कंडाघाट में भी अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। सोलन विधानसभा क्षेत्र में सड़कों को पक्का करने सहित कई अन्य विकास कार्य भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में राजनीति करने के बजाय विपक्ष को सहयोग करना चाहिए। विकास के लिए केंद्र या प्रदेश सरकार से मिलने वाला पैसा जनता का ही है और सभी कार्य उचित नीति एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार होने चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता भाजपा को नकार चुकी है और कांग्रेस सोलन में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सोलन कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है।

भाजपा के आरोपों पर अमित ठाकुर का जवाब



वहीं, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष पुनीत शर्मा ने भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप के बयान को भ्रामक बताते हुए कहा कि अस्पताल निर्माण में 90 प्रतिशत बजट प्रदेश सरकार खर्च कर रही है। इसमें हेली एंबुलेंस सुविधा का प्रावधान भी है। कांग्रेस पार्षद अंकुश सूद ने भी स्वास्थ्य मंत्री का बचाव करते हुए उनके कार्यकाल में मिनी सचिवालय और शामती बाईपास जैसे विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने भाजपा से अनर्गल बयानबाजी छोड़ने की अपील की।

पुलिस भर्ती के दूसरे दिन 706 अभ्यर्थियों ने दिया शारीरिक परीक्षण, 231 सफल



अनंत ज्ञान

सोलन। पुलिस लाइन सोलन में पुलिस भर्ती प्रक्रिया के दूसरे दिन पुरुष अभ्यर्थियों के शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण आयोजित किए गए। दूसरे दिन कुल 1117 अभ्यर्थियों को परीक्षण के लिए बुलाया गया था, जिनमें से 706 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई, जबकि 411 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षण के दौरान कुल 231 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया, जबकि 472 अभ्यर्थी विभिन्न शारीरिक मानकों को पूरा नहीं कर पाने के कारण अयोग्य रहे।

पुलिस विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक 275 अभ्यर्थी 100 मीटर दौड़ में निर्धारित मानक पूरा नहीं कर पाए। इसके अलावा 58 अभ्यर्थी लंबाई के निर्धारित मानकों में कमी के कारण अयोग्य घोषित हुए। हाई जंप में 94, ब्रॉड जंप में 12 तथा 800 और 1500 मीटर दौड़ में 31 अभ्यर्थी असफल रहे। हालांकि, पुरुष अभ्यर्थियों के छाती संबंधी परीक्षण में कोई भी अभ्यर्थी अयोग्य नहीं पाया गया। वहीं, पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान दो अभ्यर्थियों को खारिज किया गया।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान सात अभ्यर्थियों की शिकायतों का निपटारा किया गया तथा एक अपील की समीक्षा कर निर्णय लिया गया। परीक्षण के दौरान चोट और चिकित्सा से जुड़ी तीन घटनाएं भी सामने आईं। हालांकि, मौसम, उपकरणों की खराबी या अन्य अव्यवस्था के कारण प्रक्रिया बाधित नहीं हुई।

न्यूज ब्रीफ

बंदरों के उत्पात से टूटा बीएसएनएल पोल, तारों के सहारे हवा में लटका

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन शहर के वार्ड नंबर-7 में पक्का टैंक के किनारे शिव मंदिर के पास बीएसएनएल का पोल टूटकर एक ओर हवा में लटक गया है। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों पर हादसे का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार बंदरों द्वारा लगातार तारों को हिलाने के कारण पोल के निचले हिस्से में लगा कास्ट आयरन पाइप टूट गया, जिससे पोल तारों के सहारे लटका हुआ है। लोगों का कहना है कि कई दिन बीतने के बावजूद विभाग ने इसकी सुध नहीं ली है। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तुरंत मरम्मत करवाने की मांग की है।

श्री रेणुका मेले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान, नाहन। अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला-2026 के दौरान 19 से 24 नवंबर तक मेला परिसर में मांस और मछली की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला दंडाधिकारी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। बिक्री के लिए जलाल पुल के दूसरी तरफ बाईं ओर अस्थायी स्थान निर्धारित किया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत दढाहू, खाला-क्यार और मेला क्षेत्र में हथियार, लाठी और विस्फोटक सामग्री ले जाने पर भी रोक रहेगी। सुरक्षा कर्मियों और परंपरागत छूट प्राप्त व्यक्तियों को इससे छूट मिलेगी। मंदिरों में नारियल चढ़ाने और शराब पीकर अवैध गतिविधियां करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। आदेशों की अवहेलना पर कार्रवाई होगी।

नवजात शिशुओं की देखभाल को लेकर जागरूकता शिविर

अनंत ज्ञान, सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन ने दमखड़ी गांव में राष्ट्रीय नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया। इसमें राधा चौहान और पदमिनी नेगी ने नवजात की देखभाल, पोषण, स्वच्छता और टीकाकरण की जानकारी दी। उन्होंने जन्म के पहले घंटे में स्तनपान और छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने की सलाह दी। साथ ही शिशु को सुरक्षित तरीके से सुलाने और संभालने के प्रति जागरूक किया।

निर्वाचन साक्षरता प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अनंत ज्ञान, सोलन। निर्वाचन साक्षरता क्लबों के तत्वावधान में 18 नवंबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सोलन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें विभिन्न सरकारी विद्यालयों और आईटीआई के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन प्रथम रही, जबकि कवारग और गुगाघाट विद्यालय संयुक्त रूप से दूसरे तथा राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन तीसरे स्थान पर रही। निबंध लेखन में राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन ने पहला, कवारग ने दूसरा और कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन ने तीसरा स्थान हासिल किया। एसडीएम नीरजा शर्मा ने विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक मूल्यों और मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

पालमपुर में भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

अनंत ज्ञान, अर्की। भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पालमपुर में आयोजित हुई। इसमें अर्की विधानसभा क्षेत्र के तीनों मंडलों के युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र हांडा, दाड़लाघाट मंडल महामंत्री भीम शर्मा और पंचायत समिति उपाध्यक्ष जयदेव शर्मा उपस्थित रहे। इनके अलावा तीनों मंडलों के युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश पुरी, जुगल किशोर और हरीश कुमार ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शांता कुमार से शिष्टाचार भेंट कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

दाड़ी मैदान में उमड़ा पेंशनरों और कर्मचारियों का जनसैलाब

सरकार से शीघ्र समाधान की मांग

अनंत ज्ञान

सोलन। संयुक्त पेंशनर्स संघर्ष समिति के आह्वान पर धर्मशाला में आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम के स्थल में बदलाव किए जाने के बावजूद पेंशनरों और कर्मचारियों का उत्साह कम नहीं हुआ। पहले प्रस्तावित स्थान के बजाय अब यह धरना-प्रदर्शन दाड़ी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 15 से 16 हजार पेंशनर्स और विभिन्न बोर्डों तथा निगमों के कर्मचारी शामिल हुए। बड़ी संख्या में पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

हिमाचल प्रदेश कॉर्पोरेट सेक्टर कोऑर्डिनेशन कमेटी जिला सोलन एवं संयुक्त पेंशनर समिति जिला सोलन के मीडिया प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि सरकार की अनदेखी के कारण पेंशनर्स और कर्मचारी सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए हैं।

उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन के स्थान में परिवर्तन होने के बाद भी लोगों की भागीदारी में कोई कमी नहीं आई। दाड़ी मैदान में उमड़ी भारी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश के पेंशनर्स और कर्मचारी अपने अधिकारों तथा मांगों को लेकर एकजुट हैं। गुप्ता ने कहा कि पेंशनरों और बोर्ड-निगमों के कर्मचारियों की समस्याओं को लंबे समय तक अनदेखा करना उचित नहीं है। सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से पेंशन से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने और अन्य मांगों को पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार प्रदर्शनकारियों की आवाज को गंभीरता से सुनेगी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जल्द उचित कदम उठाएगी।

नैना टिक्कर में हरियाणा की गाड़ी से 240 बोतलें बरामद

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले के नैना टिक्कर क्षेत्र में पुलिस ने हरियाणा नंबर की एक गाड़ी से अवैध शराब की 240 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने गाड़ी चालक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक एनएस नेगी ने बताया कि पच्छाद पुलिस थाना की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सचिन अत्री पुत्र राजेश अत्री निवासी साधनाघाट, डाकघर नैना टिक्कर, तहसील पच्छाद अपनी गाड़ी नंबर HR-26 AK-4461 में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर नैना टिक्कर से साधनाघाट की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित गाड़ी को रोककर तलाशी ली। इस दौरान गाड़ी से अंग्रेजी शराब की 60 बोतलें, बीयर की 72 बोतलें और देसी शराब की 108 बोतलें बरामद हुईं। कुल 240 बोतलों के संबंध में चालक कोई वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध पच्छाद थाने में मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार मामले की आगामी जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां से लाई गई थी तथा इसे कहां पहुंचाया जाना था।

सिरमौर की पहाड़ियों में बसेगा नया शहर

133 बीघा जमीन पर नई टाउनशिप की तैयारी, बदलेगी सिरमौर की तस्वीर

अनंत ज्ञान



एसपी जैरथ, नाहन। हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार प्रदेश में शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए चार नए शहर बसाने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। इस योजना में जिला सिरमौर को भी शामिल किया गया है। पच्छाद और नाहन विधानसभा क्षेत्रों की सीमा से सटे सुरला जनोट क्षेत्र में आधुनिक टाउनशिप विकसित करने की तैयारी है। हरियाणा की प्रसिद्ध मोरनी हिल्स और पंचकूला के निकट स्थित यह पहाड़ी क्षेत्र आने वाले समय में शहरी विकास के नए केंद्र के रूप में उभर सकता है। प्रदेश सरकार की ओर से विधानसभा में दी गई जानकारी के अनुसार यहां 133 बीघा 11 बिस्वा सरकारी भूमि चिह्नित की गई है।

राजस्व विभाग ने 25 मई 2026 को इस जमीन को आवास विभाग के नाम हस्तांतरित करने की मंजूरी दी थी, हालांकि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। इसके बाद हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) परियोजना के अगले चरण पर काम करेगा। फिलहाल निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है और न ही आवासीय प्लॉट या फ्लैट की संख्या तय की गई है।

चंडीगढ़ और पंचकूला के आसपास बढ़ते शहरी दबाव के बीच इस टाउनशिप से क्षेत्र में आवासीय सुविधाओं, व्यापारिक गतिविधियों और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह परियोजना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका लाभ पच्छाद और नाहन दोनों विधानसभा क्षेत्रों को मिल सकता है। हालांकि इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए भूमि हस्तांतरण सहित सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करना अभी बाकी है।

रंगोत्सव में रुद्र की 'प्यारा हिमाचल' पेंटिंग अव्वल, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



अनंत ज्ञान

नाहन। जिला स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता में पीएम श्री पंडित दुर्गा दत्त राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की आठवीं कक्षा के छात्र रुद्र ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। उसने 'प्यारा हिमाचल' विषय पर अपनी कलाकृति तैयार की थी, जिसका चयन हमीरपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अब रुद्र राज्य स्तर पर जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व करेगा।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नाहन में आयोजित प्रतियोगिता में रुद्र ने अपनी कल्पनाशीलता और रंगों के सुंदर संयोजन से हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़ी संस्कृति और मनमोहक वादियों को कैनवास पर उकेरा। निर्णायकों ने उसकी कलाकृति की सराहना करते हुए उसे प्रथम स्थान प्रदान किया।

वहीं, विद्यालय की छठी कक्षा की छात्राओं शिवांशी और शिवन्या ने रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। दोनों छात्राओं ने प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक खर्च के आकर्षक रंगोली तैयार की। उनकी इस प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मकता का संदेश भी दिया गया।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने रुद्र, शिवांशी और शिवन्या को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राजगढ़ में 22 नवंबर को सजेगा निरंकारी संत समागम

अनंत ज्ञान, राजगढ़। जिला सिरमौर के राजगढ़ में आगामी 22 नवंबर को जोन स्तरीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जाएगा। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से होने वाले इस आध्यात्मिक कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। आयोजकों की ओर से क्षेत्रवासियों और निरंकारी मिशन से जुड़े श्रद्धालुओं को इस भक्ति उत्सव में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संत समागम राजगढ़ के नेहरू ग्राउंड में आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक निर्धारित किया गया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक विचारों, प्रेम, एकता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। समागम में श्रद्धालुओं को जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा मिलेगी। समागम के आमंत्रण पत्र में आत्ममंथन का संदेश देते हुए कहा गया है कि, 'आत्म मंथन का एक ही सार, सतगुरु ही आदर्श, सतगुरु ही आधार।' इस संदेश के माध्यम से सतगुरु के आदर्शों को जीवन में अपनाने और आत्मचिंतन करने की प्रेरणा दी गई है। निरंकारी मिशन का उद्देश्य मानवता, आपसी प्रेम और सद्भावना को बढ़ावा देना है। आयोजकों के अनुसार ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। साथ ही लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, सहयोग और एकता के साथ जीवन जीने का संदेश मिलता है।

◆ आत्ममंथन और सतगुरु के आदर्शों पर होगा चिंतन

धूम्रपान ही नहीं, वायु प्रदूषण भी सीओपीडी का बड़ा कारण : डॉ. अमनप्रीत कौर



अनंत ज्ञान

नाहन। क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के बढ़ते वैश्विक खतरे के बीच वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्टों ने समय पर बीमारी की पहचान, उचित उपचार और बचाव के उपायों को अपनाने पर जोर दिया है। डायरेक्टर-पल्मोनोलॉजी डॉ. एसके गुप्ता ने बताया कि सीओपीडी दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल है और हृदय रोग तथा कैंसर के बाद मृत्यु का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। यह फेफड़ों की प्रगतिशील बीमारी है, जिसमें सांस लेने का मार्ग बाधित होने से मरीज को लगातार परेशानी होती है।

उन्होंने कहा कि सांस फूलने और लगातार खांसी को बढ़ती उम्र का सामान्य लक्षण समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कंसल्टेंट डॉ. हितेश गौड़ के अनुसार, लंबे समय तक धूम्रपान, रसायनों, धूल और जहरीले धुएं के संपर्क में रहने से सीओपीडी का खतरा बढ़ता है। घरों में ठोस ईंधन से खाना पकाने के कारण होने वाला वायु प्रदूषण भी इसका प्रमुख कारण है। एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. सुमित भारती ने बताया कि इस बीमारी में सांस की नलियों में सूजन और फेफड़ों की वायु थैलियों को नुकसान पहुंचता है। गंभीर स्थिति में मरीजों को थोड़ी दूर चलने में भी परेशानी हो सकती है और निमोनिया सहित अन्य संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है। कंसल्टेंट डॉ. अमनप्रीत कौर ने कहा कि सर्दियों में तापमान गिरने से सीओपीडी मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। उन्होंने मरीजों को निर्धारित दवाओं का नियमित सेवन करने, ठंड से बचाव रखने और लक्षण बढ़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की।

भाजपा कण्डाघाट मंडल की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

अनंत ज्ञान



कण्डाघाट। भारतीय जनता पार्टी कण्डाघाट मंडल की मासिक बैठक वीरवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में मंडल अध्यक्ष मदन ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत वाकना के पूर्व प्रधान हरजिंदर कुमार संजू को अनुसूचित जाति मोर्चा कण्डाघाट मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बैठक में बताया गया कि एसआईआर बूथ समन्वय के कार्य में कण्डाघाट मंडल ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और भविष्य में भी संगठनात्मक कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया।

बैठक में मंडल समन्वयक डीएस ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष कुमारी शीला, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरसेम भारती और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. राजेश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री अरुण ठाकुर ने किया, जबकि मंडल उपाध्यक्ष एवं ग्रामीण बैंक के निदेशक योगेंद्र वर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इसमें विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों, त्रिदेव, ग्राम केंद्र प्रमुखों सहित करीब 70 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

पीसीएस भर्ती पर हाई कोर्ट की रोक, मजीठिया ने मांगी सीबीआई जांच

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की ओर से पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन (पीपीएससी) की पीसीएस भर्ती प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाए जाने के बाद प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने भर्ती में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। पीसीएस भर्ती के उम्मीदवारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने चयन प्रक्रिया रद कर नए सिरे से पारदर्शी भर्ती कराने की मांग उठाई। साथ ही पीपीएससी के चेयरमैन और सदस्यों से इस्तीफा देने को कहा। मजीठिया ने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके कार्यकाल में करीब 11 सरकारी भर्तियों पर अनियमितताओं के सवाल उठे हैं। कहीं पेपर लीक तो कहीं पैसों के लेन-देन और सिफारिशों की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि पीसीएस और डीएसपी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर चयन केवल योग्यता के आधार पर होना चाहिए।

मामला सनटेक सिटी घोटाले का डिजिटल डाटा सीबीआई को सौंपेगी ईडी

सनटेक सिटी मामले में 348 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग



फर्जी सहमति पत्रों से हासिल किया था जमीन का सीएलयू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। मोहाली के चर्चित सनटेक सिटी प्रोजेक्ट में कथित फर्जीवाड़े और 348 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच का दायरा बढ़ता नजर आ रहा है। मोहाली की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप सिंह की अदालत ने वीरवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से मांगा गया इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रमाणित कर जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आरोपी अजय सहगल ने भी डाटा सौंपने पर कोई आपत्ति नहीं जताई। ईडी के जालंधर जोनल कार्यालय ने 20 जुलाई 2026 को अजय सहगल के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत दाखिल की थी। एजेंसी ने मामले में करीब 348 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित संपत्ति का आकलन किया है।

ईडी के अनुसार, इंडियन कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड के सचिव रहते हुए अजय सहगल ने 108.58 एकड़ कृषि भूमि का उपयोग आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए करने के उद्देश्य से नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में कथित तौर पर फर्जी सहमति पत्र जमा करवाए। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर सनटेक सिटी परियोजना के लिए भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) और गमाडा से विकास लाइसेंस हासिल किया गया। एजेंसी का आरोप है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित जमीन गमाडा को हस्तांतरित नहीं की गई। इसके अलावा रेरा पंजीकरण से पहले इकाइयां बेची गईं और गमाडा से पूर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त किए बिना जमीन मालिकों को कब्जा सौंप दिया गया।

◆ 108 एकड़ जमीन के फर्जी सीएलयू मामले में कार्रवाई तेज

जांच एजेंसी के मुताबिक, अजय सहगल के भाइयों संजय और अनिल सहगल के निदेशक वाली एबीएस टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड को परियोजना के विकास और बिक्री के अधिकार दिए गए थे। कंपनी ने ला कैनेला फेज-1 और डिस्ट्रिक्ट-7 में इकाइयां बेचीं। ला कैनेला फेज-2 में भी रेरा की मंजूरी के बिना आवासीय इकाइयां बेचने के आरोप हैं। ईडी का कहना है कि गमाडा को वर्ष 2020 से फर्जी सहमति पत्रों के इस्तेमाल की शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन इसके बावजूद कंपनी को 14.59 एकड़ जमीन का अतिरिक्त सीएलयू दिया गया।

एक दिसंबर से घर-घर सत्यापन एसई आईडी से होगा मिलान

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) सोनम चौधरी ने जिले के निवासियों से जनगणना-2027 के लिए 30 नवंबर, 2026 तक स्वयं गणना की प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि नागरिक घर बैठे जनगणना विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने परिवार और आवास से संबंधित विवरण स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इससे जनगणना की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और जनभागीदारी वाली बनेगी। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि स्वयं गणना पूरी होने के बाद मिलने वाली पहचान संख्या को सुरक्षित रखा जाए। एक दिसंबर, 2026 से चार जनवरी, 2027 तक घर-घर पहुंचने वाले गणनाकर्मी दर्ज किए गए विवरणों का सत्यापन करेंगे। इस दौरान पहचान संख्या की आवश्यकता होगी। सोनम चौधरी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इससे प्राप्त जनसंख्या, सामाजिक और आर्थिक आंकड़े सरकार को प्रभावी नीतियां बनाने, विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने और संसाधनों का उचित वितरण सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं। उन्होंने प्रत्येक परिवार से निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्वयं गणना पूरी कर इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया।

एम्मा रादुकान का स्टाइल सबसे जुदा

एम्मा रादुकानू एक ब्रिटिश पेशेवर टेनिस खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2021 में 18 साल की उम्र में बिना एक भी सेट गंवाए यूएस ओपन जीतकर इतिहास रचा था। वह 1977 के बाद से ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली ब्रिटिश महिला हैं। उन्होंने करियर में विश्व नंबर 10 की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की है।



स्पोर्ट्स विंडो

बेनक्राफ्ट के दावे को खारिज किए बिना कमिंस के लिए कप्तानी करना मुश्किल

एजेंसी, सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली ने कहा है कि पैट कमिंस के लिए टेस्ट टीम की कप्तानी करना तब तक मुश्किल होगा जब तक वह 2018 के केपटाउन टेस्ट में गेंद से छेड़छाड़ की साजिश की पूरी टीम को जानकारी होने के कैमरन बेनक्राफ्ट के दावे को स्पष्ट रूप से खारिज नहीं करते। 'सैंडपेपरगेट' (रेगमाल की मदद से गेंद से छेड़छाड़ का मामला) विवाद के प्रमुख किरदारों में से एक बेनक्राफ्ट ने मंगलवार को दावा किया था कि पूरी टीम को इस साजिश की जानकारी थी लेकिन अंत में इसकी पूरी जिम्मेदारी उन्हें ही उठानी पड़ी। इससे पहले कमिंस ने पूर्व साथी खिलाड़ी उस्मान ख्वाजा की किताब में किए गए इस दावे को पूरी तरह बकवास बताया था कि पूरी टीम को गेंद से छेड़छाड़ की साजिश की जानकारी थी। इस विवाद पर अपनी राय रखते हुए हीली ने कहा, ''मुझे लगता है कि जब तक कमिंस कैमरन बेनक्राफ्ट के बयान को दोबारा स्पष्ट रूप से खारिज नहीं करते तब तक उनके लिए टीम की कप्तानी करना मुश्किल होगा।'' उन्होंने 'एसईएन' से कहा, ''इस प्रेस कांफ्रेंस के बाद उनकी विश्वसनीयता को बड़ा झटका लगा है क्योंकि अब यह साबित हो गया है कि मामला वैसा पूरी तरह नहीं था जैसा पैट ने बताया था।'' यह पूछे जाने पर कि क्या कमिंस को ऑस्ट्रेलियाई कप्तान का पद छोड़ देना चाहिए, हीली ने कहा, ''नहीं, उन्हें पद छोड़ने की जरूरत नहीं है।'

सविता को पहली बार जारी टाइम 100 नेक्स्ट भारत सूची में मिली जगह

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता को पहली बार जारी 'टाइम 100 नेक्स्ट' भारत सूची में शामिल किया गया है। इस सूची में देश के भविष्य को आकार देने में योगदान देने वाली विभिन्न क्षेत्रों की 100 हस्तियों को जगह दी गई है। सविता को इस सूची की 'लीडर्स' (नेतृत्वकर्ता) श्रेणी में शामिल किया गया है। टाइम ने पहली बार भारत के लिए यह सूची जारी की है। पद्मश्री से सम्मानित सविता के अलावा इस सूची में कई अन्य प्रमुख खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। इनमें क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर और वैभव सूर्यवंशी, मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन, भारोत्तोलक मीराबाई चानू, विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश और पूर्व टेनिस स्टार सानिया मिर्जा शामिल हैं। सविता ने हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा, ''यह बेहद सम्मान की बात है। देश के भविष्य में अलग-अलग तरीकों से योगदान देने वाली इतनी प्रेरणादायक हस्तियों के बीच शामिल होकर मैं खुद को गौरवान्वित और कृतज्ञ महसूस कर रही हूं।' उन्होंने कहा, ''यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि भारतीय हॉकी, मेरी साथी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और उन सभी लोगों का है जिन्होंने मेरी इस यात्रा में मेरा साथ दिया है। मुझे उम्मीद है कि इससे अधिक युवा लड़कियों को खेल अपनाने, बड़े सपने देखने और यह विश्वास करने की प्रेरणा मिलेगी कि वे भी सबसे बड़े मंच पर बदलाव ला सकती हैं।''



सिराज को पहले टेस्ट मैच से बाहर रखना गलत फैसला नहीं था: कोटक

एजेंसी, वेलिंगटन। भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने वीरवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को अंतिम एकादश से बाहर रखने के टीम प्रबंधन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि टीम का चयन सिर्फ पहले दिन को ध्यान में रखकर नहीं बल्कि पांचों दिन की जरूरतों के हिसाब से किया गया। भारत ने जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले चार तेज गेंदबाजों के आक्रमण में सिराज की जगह अंशुल कंबोज को शामिल किया। इस आक्रमण में प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप भी शामिल हैं। कोटक ने पत्रकारों से कहा, ''सिराज के साथ कोई समस्या नहीं है। टीम चुनते समय हमें लगा कि यह सर्वश्रेष्ठ एकादश है। मुझे नहीं लगता कि सिराज को बाहर रखना गलत फैसला था। यह सिर्फ पहला दिन है। हम टीम का चयन केवल पहले दिन के लिए नहीं बल्कि दूसरे, तीसरे और चौथे दिन को ध्यान में रखकर भी करते हैं।' वाशिंगटन सुंदर को प्राथमिकता देने के फैसले पर कोटक ने कहा कि न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में चार बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के कारण टीम प्रबंधन ने यह फैसला किया। उन्होंने कहा, ''हमने वाशिंगटन को प्राथमिकता दी क्योंकि उनके शीर्ष क्रम में चार बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। इस मैच के लिए यह सर्वश्रेष्ठ संभावित गेंदबाजी आक्रमण है।' बुमराह की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने न्यूजीलैंड का स्कोर 23 ओवर में चार विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन 30 ओवर के बाद कूकाबूरा गेंद की चमक फीकी पड़ने पर उनके तीन साथी तेज गेंदबाजों की कमियां उजागर हो गईं।

भारत-न्यूजीलैंड पहला टेस्ट मैच

पहले दिन कीवी बल्लेबाजों ने 5 विकेट पर बनाए 243 रन

न्यूजीलैंड के लिए निकोल्स का शतक, भारत के लिए बुमराह ने लिए 3 विकेट

एजेंसी, वेलिंग्टन



भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंग्टन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट के नुकसान पर 243 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के समय हेनरी निकोल्स 221 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 113 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि ग्लेन फिलिप्स 182 गेंदों में 13 चौकों की मदद से 94 रन बनाकर उनका साथ दे रहे थे। भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अब तक तीन विकेट झटके हैं। वहीं, अंशुल कंबोज और आकाशदीप को एक-एक सफलता मिली है। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआती झटके देते हुए 70 रन के स्कोर तक मेजबान टीम के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद डेवोन कॉनवे 4 रन, रचिन रवींद्र 15 रन, डेरिल मिचेल एक रन और टॉम ब्लंडेल 5 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय गेंदबाजों की दमदार शुरुआत को देखते हुए लग रहा था कि न्यूजीलैंड की पहली पारी जल्द सिमट जाएगी।

हालांकि, इसके बाद हेनरी निकोल्स और ग्लेन फिलिप्स ने मोर्चा संभाल लिया। दोनों बल्लेबाजों ने संयम और धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए पारी को आगे बढ़ाया और अटूट साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर 240 के पार पहुंचाया। इस दौरान निकोल्स ने अपना शतक भी पूरा किया, जबकि फिलिप्स अपने शतक से महज छह रन दूर हैं। निकोल्स को पारी के दौरान एक जीवनदान भी मिला।

जब वह 102 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तब देवदत्त पडिक्कल ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। भारतीय टीम को इस गलती का खामियाजा भुगतना पड़ा और निकोल्स ने इसका पूरा फायदा उठाया। फिलहाल पहले दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने पांच विकेट पर 243 रन बना लिए हैं।

निकोल्स 113 और फिलिप्स 94 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों की कोशिश इस साझेदारी को जल्द तोड़कर न्यूजीलैंड की पारी को समेटने की होगी।

बुमराह की स्विंग हो रही गेंदों ने मुश्किल में डाला: निकोल्स

एजेंसी, वेलिंगटन



न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स ने बृहस्पतिवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के शुरुआती दिन संघर्षपूर्ण शतक जड़ने के बाद कहा कि जसप्रीत बुमराह की गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने की क्षमता ने मेजबान टीम के बल्लेबाजों को लगातार असमंजस और दबाव में रखा। बुमराह ने अपनी अनूठी गेंदबाजी शैली और गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने की क्षमता से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। निकोल्स ने नाबाद 113 रन बनाकर न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 70 रन की मुश्किल स्थिति से उबारकर पांच विकेट पर 243 रन तक पहुंचाया।

निकोल्स ने कहा, ''बुमराह गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा रहे थे और बल्लेबाजों पर लगातार काफी दबाव बना रहे थे। यह शानदार चुनौती है।' बुमराह का कई बार सामना कर चुके बाएं हाथ के बल्लेबाज निकोल्स का मानना है कि भारतीय गेंदबाज की असामान्य गेंदबाजी शैली से कुछ हद तक परिचित होना मददगार रहा, हालांकि इससे चुनौती कम नहीं हुई। उन्होंने कहा, ''उनकी गेंदबाजी का अंदाज निश्चित रूप से अनूठा है। सौभाग्य से मैंने उनका कई बार सामना किया है जिससे आपको थोड़ा फायदा मिलता है। लेकिन वह निश्चित रूप से तीनों प्रारूपों के बेहतरीन गेंदबाज हैं।' निकोल्स विशेष रूप से बुमराह की दोनों तरफ गेंद को स्विंग कराने की क्षमता से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, ''आज जिस तरह से उन्होंने गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराया, वह अविश्वसनीय गेंदबाजी थी। मुझे यकीन है कि कल सुबह भी कुछ ऐसा ही देखने को मिलेगा और एक बार फिर कड़ी चुनौती होगी।' भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआती पांच विकेट जल्दी झटककर मेजबान टीम को भारी दबाव में डाल दिया था। निकोल्स ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की गुणवत्ता और उसके सामने टिके रहने की चुनौती को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, ''उन्होंने पहले सत्र में निश्चित रूप से शानदार सवाल खड़े किए। हम जिस दबाव में थे उससे यह साफ नजर आ रहा था।'

भोपाल में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज



एजेंसी, भोपाल। भोपाल में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026 के उद्घाटन मुकाबले में चीन ने थाईलैंड के खिलाफ बढ़त बना ली है। चीन ने दूसरे क्वार्टर में दो गोल दागे। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भी चीन ने लगातार गोल करते हुए अपना स्कोर पांच तक पहुंचा दिया। 19 से 28 नवंबर तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत सहित छह देशों की टीमें खिताब के लिए मैदान में उतर रही हैं। टूर्नामेंट में भारत, चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी टीमें भोपाल पहुंच चुकी हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन हॉकी प्रेमियों को तीन मुकाबले देखने को मिलेंगे। दोपहर 12:15 बजे चीन और थाईलैंड के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे जापान और कोरिया की टीमें आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम शाम 4:45 बजे मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद शाम 6:30 बजे टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह आयोजित होगा।

उद्घाटन मुकाबले में चीन ने थाईलैंड को हराया

हांगकांग ओपन सुपर 500: रक्षिता रामराज ने ओलंपिक चैंपियन को हराकर किया उलटफेर

एजेंसी, कोवलून



भारत की रक्षिता रामराज ने वीरवार को हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए तोक्यो ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई को सीधे गेम में हरा दिया। कोयंबटूर की 19 वर्षीय रक्षिता ने यूफेई को 21-18, 24-22 से हराकर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की यादगार जीत में से एक दर्ज की। रक्षिता ने शुरुआती दौर में डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट को भी हराकर उलटफेर किया था।

मैच के बाद रक्षिता ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरे करियर की अब तक की सबसे बड़ी जीत में से एक है। वह मेरी सबसे बड़ी आदर्श हैं और मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा कि मैंने उन्हें हरा दिया। यह मेरे बैडमिंटन करियर के सबसे यादगार दिनों में से एक रहेगा।' उन्होंने कहा, ''मैं बहुत खुश हूं कि उनके खिलाफ मेरा मुकाबला इतना अच्छा रहा। मैंने जो भी शॉट खेले वे शानदार तरीके से काम आए। मैंने किसी भी समय हार नहीं मानी। मैं पूरी तरह सहज थी और अपने सभी शॉट खेल रही थी जो सफल रहे। मेरा आक्रमण काफी अच्छा रहा जिससे मुझे फायदा मिला।' रक्षिता का अगला मुकाबला थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा।

अब थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा मुकाबला

सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की पुरुष युगल जोड़ी ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने नूर मोहम्मद अजरिन अयूब और टैन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी को 42 मिनट में 21-19, 21-16 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। रतीय जोड़ी अगले दौर में हू के युआन और लिन शियांग यी की चीन की जोड़ी से भिड़ेगी। चीन की जोड़ी ने काकेरू कुमागाई और हिरोकी निशी की जापान की जोड़ी को 21-19, 21-17 से हराया। इससे पहले सात्विक और चिराग को शुरुआती दौर में ली झे हुई और यांग पो सुआन की चीनी ताइपे की जोड़ी को हराने के लिए तीन गेम तक संघर्ष करना पड़ा था। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

एजेंसी, लंदन। इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से मेलबर्न में शुरू हो रही 5 मैचों की 20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने टीम में 2 और तेज गेंदबाजों को शामिल किया है। 29 साल के अनकैप्ड पेसर हेनरी थॉर्नटन का इंटरनेशनल डेब्यू हो सकता है, जबकि राइली मेरेडिथ की करीब 2 साल बाद 20 टीम में वापसी हुई है। दोनों को अतिरिक्त तेज गेंदबाजी विकल्प के तौर पर टीम में जगह दी गई है। इससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शुइस को नाथन एलिस के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में बुलाया गया था। एलिस साउथ अफ्रीका दौरे पर लगी साइड स्ट्रेन की चोट से अभी तक नहीं उबर पाए हैं। वहीं, एडम जम्पा भी टीम में हैं। वे पीठ में ऐंठन के कारण होबार्ट में निर्णायक वनडे नहीं खेल सके थे। राइली मेरेडिथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक 6 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

उन्होंने आखिरी टी-20 मैच 2024 में स्कॉटलैंड के खिलाफ खेला था। इससे पहले उनके 5 मैच 2021 में हुए थे। इसी हफ्ते की शुरुआत में उन्हें वनडे टीम में भी शामिल किया गया था। ऑस्ट्रेलिया के अगले बड़े टूर्नामेंट ओलिंपिक और 2028 20 वर्ल्ड कप करीब दो साल दूर हैं। ऐसे में टीम इस सीरीज में नए खिलाड़ियों को मौका दे रही है। मिचेल मार्श की कप्तानी वाली टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज सैम हार्पर एमसीजीपर इंटरनेशनल डेब्यू कर सकते हैं। उनके अलावा अनकैप्ड विकेटकीपर लैचलन शॉ भी टीम में हैं, जबकि जेक फ्रेजर-मैकगर्क की वापसी हुई है।

मेरेडिथ की 2 साल बाद ज20 टीम में वापसी हार्पर का डेब्यू संभव

कांग्रेस नेताओं ने ही रुकवाई थी नरेंद्र मोदी के खिलाफ जांच: वीरप्पा मोइली

नेताओं के आगे तत्कालीन पीएम मनमोहन की नहीं चली

एजेंसी, बेंगलुरु





कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री वीरप्पा मोइली ने कांग्रेस नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मोइली ने दावा किया कि कांग्रेस की सरकार के दौरान उस गुजरात के सीएम और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जांच रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की वजह से नहीं, बल्कि पार्टी के दूसरे नेताओं के कहने पर हुआ। पार्टी अब इस फैसले की कीमत चुका रही है। मोइली ने जिस मामले में जांच रोकी गई उसका जिक्र नहीं किया, न ही जांच रुकवाने वाले नेताओं के नाम बताए। यह जरूर बताया कि यह सब तब हुआ था, जब वह केंद्रीय कानून मंत्री थे। मोइली के बयान पर भाजपा ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

शाह के बाद नरेंद्र मोदी भी जेल जाते

वीरप्पा मोइली ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जुड़ी जांच का भी जिक्र किया। मोइली ने दावा किया कि अमित शाह के जेल जाने के बाद नरेंद्र मोदी की बारी थी। उन्होंने कहा कि मोदी को भी जेल जाना पड़ता और उन्हें राज्य से बाहर निकाल दिया जाता। मोइली ने कहा, कोर्ट ने शाह को उनके गृह राज्य से निकाल दिया था। केस भी दूसरे राज्य में ट्रांसफर कर दिया था।'

चेन्नई में वाहन से 140 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, दो आरोपी अरेस्ट

एजेंसी, चेन्नई। शहर के माधवरम के पास राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों द्वारा की गई अचानक वाहन जांच में 140 करोड़ रुपये मूल्य की 70 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है। चेन्नई और उसके आसपास के इलाकों में मादक पदार्थों की तस्करी और उनके इस्तेमाल को रोकने के लिए विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियां सघन निगरानी कर रही हैं। अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में तस्करी के वाहन को रोककर भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। अधिकारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 148 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। इस वाहन में सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों से अडयार स्थित केंद्रीय राजस्व खुफिया निदेशालय के कार्यालय में अधिकारियों द्वारा लगातार पूछताछ की जा रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में हेरोइन कहां से लाई गई थी।

राहुल गांधी विदेश में भारत को बदनाम कर रहे: रिजिजू

एजेंसी, नई दिल्ली



केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने अमेरिका में दिए गए राहुल गांधी के बयानों को लेकर उन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर राहुल गांधी के बयानों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत नहीं होती, लेकिन जब देश का नेता प्रतिपक्ष विदेश जाकर भारत के बारे में तथ्यहीन और गलत बातें करता है, तो आपत्ति दर्ज कराना जरूरी हो जाता है। राहुल गांधी अमेरिका और दूसरे देशों में जाकर भारतीय अर्थव्यवस्था के ध्वस्त होने की बात करते हैं, जबकि पूरी दुनिया भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्वीकार कर रही है। रिजिजू ने वीरवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएं भी भारत की आर्थिक प्रगति को स्वीकार कर रही हैं। इन संस्थाओं का कहना है कि भारत इस समय दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। ऐसे में राहुल गांधी का भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपनी कार्यशैली में सुधार करना चाहिए और देश की उपलब्धियों को कमतर दिखाने से बचना चाहिए।

अमेरिका के प्रेजिडेंट डोनाल्ड ट्रंप उपराष्ट्रपति वेंस से नाराज

अगले राष्ट्रपति के लिए विदेश मंत्री रूबियो को समर्थन

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से नाराज हैं। वेंस ने हाल ही में मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के लिए ईरान जंग को जिम्मेदार बताया था। शुरुआत में ट्रंप ने भी वेंस की बात को सही माना था लेकिन अब उनकी नाराजगी जाहिर तौर पर दिखने लगी है। ट्रंप विदेश मंत्री मार्को रुबियो की तारीफ कर रहे हैं। वे अपने करीबियों से बातचीत में रुबियो को 2028 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अच्छा उम्मीदवार बता रहे हैं। रुबियो लगातार ईरान पर हमले को सही ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिका की सुरक्षा के लिए यह कार्रवाई जरूरी थी।

ट्रंप चाहते थे ईरान जंग पर उनके फैसले को सही बताएं



न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप चाहते थे कि वेंस यह साफ करें कि भले ही ईरान जंग की वजह से पार्टी को चुनाव में नुकसान हुआ, लेकिन अमेरिका की सुरक्षा के लिए यह हमला जरूरी था। मिडटर्म इलेक्शन में रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ था। इसके अगले दिन जेडी वेंस ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखा। इसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी की हार की सबसे बड़ी वजह ईरान जंग है।

तेजी ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा खरीदारी से भारतीय शेयर बाजार गुलजार

सेंसेक्स 990 अंक चढ़कर 83,022 पर बंद

एजेंसी, मुंबई



शेयर बाजार में 19 नवंबर को बढ़त रही। सेंसेक्स 990 अंक की बढ़त के साथ 83,022 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 286 अंक की तेजी रही। यह 25,514 पर बंद हुआ। ऑटो, एफएमसीजी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।

निफ्टी में 286 अंकों का उछाल

विदेशी निवेशकों की खरीदारी: लंबे समय से बिकवाली कर रहे विदेशी निवेशकों ने बुधवार को 5,867 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। वहीं बीते 7 कारोबारी दिनों में 20,663 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

बाजार में इसलिए आई तेजी

कच्चे तेल की कीमतों में राहत: ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल बाहर से मंगवाता है, इसलिए तेल की कीमतों में यह हल्की नरमी बाजार के लिए पॉजिटिव रही।

सोना 1.30 लाख के नीचे, चांदी भी 24 हजार रुपए सस्ती

एजेंसी, नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। सोना पिछले 7 कारोबारी दिनों में करीब 12 हजार रुपए और चांदी करीब 24 हजार रुपए सस्ती हो चुकी है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, वीरवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,179 रुपए घटकर 1.30 लाख रुपए से नीचे 1,28,900 रुपए आ गई। वहीं, एक किलो चांदी का भाव 2,158 रुपए गिरकर 1.62 लाख रुपए रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने और बड़े निवेशकों के ऊंची कीमतों पर सोना-चांदी बेचने से इनके दाम गिर रहे हैं।

